सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-272 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, गुरुवार, 27 मार्च 2025
26 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# दिल्ली के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी खिलेगा कमल : अमित शाह

**बजट पर चर्चा** ■ आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा ■ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ■ स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में आगे उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा। दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमिक शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि हर गांव में कोई न कोई सहकारी संस्था होती है, जो कृषि, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार से जुड़ी होती है और देश की प्रगति में योगदान करती है। गौरतलब है कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 एक प्रस्ताविक विधेयक है, जिसे तीन फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया गया था। इस विधेयक का उद्देश्य भारत में एक सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करना है। साथ ही इस विश्वविद्यालय का लक्ष्य सहकारिता के सिद्धांतो पर आधारित शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है।

## नवाचार और अनुसंधान के मिलेंगे नए अवसर

अमित शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक की खासियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा। साथ ही सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का नामकरण इस आधार पर किया गया है क्योंकि यह सहकारिता के एक ऐसे मॉडल पर आधारित है, जिसने पूरी दुनिया को चकित किया। उनका कहना था कि यह नाम एक ऐसे व्यक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है, जिन्होंने गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाया और ईमानदारी से सहकारिता के सिद्धांतों को जीवन में उतारा।

# रेप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशीलः सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने ब्रेस्ट छूना रेप नहीं वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के बारे में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले में की गई टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्हें असंवेदनशील और अमानवीय करार देते हुए उन पर रोक लगा दी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धातों से अनभिज्ञ हैं और यह असंवेदनशील तथा अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। इसीलिए उन पर रोक लगाई जाती है। मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही सर्वोच्च अदालत ने मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और हाई कोर्ट में पक्षकार आरोपितों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने 15 अप्रैल को अगली सुनवाई तय करते हुए अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सालिसिटस जनरल तुषार मेहता से सुनवाई में मदद करने का आग्रह किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगाने का मतलब है कि संबंधित केस में अभियुक्त न्यायिक कार्यवाही में लाभ पाने के लिए उनका उपयोग नहीं कर सकेंगे। संबंधित मामले में अभियुक्तों ने 11 वर्ष की नाबालिग से दुष्कर्म के कथित अपराध में निचली अदालत द्वारा जारी सम्मन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने आदेश में कहा था कि नाबालिग का वक्ष छूना और उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना दुष्कर्म या दुष्कर्म का प्रयास नहीं है। यह महिला की गरिमा पर हमला का मामला तो बनता है लेकिन इसे दुष्कर्म का प्रयास नहीं कह सकते। हाई कोर्ट ने विशेष जज के सम्मन आदेश को संशोधित कर दिया था। इस विवादित फैसले को वी द वोमेन आफ इंडिया संस्था ने 20 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाया जिसके बाद स्वतः संज्ञान लेते हुए यह सुनवाई शुरू की है। न्यायमूर्ति बीआर गवई व न्यायमूर्ति अगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने मामले पर बुधवार को सुनवाई के दौरान उपरोक्त आदेश दिये। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया सालिसिटर जनरल ने कहा कि हाई कोर्ट के इस फैसले पर उनकी गंभीर आपत्ति है।

## देशभर में कई जगहों पर यूपीआई सेवा ठप




**नई दिल्ली।** देश में यूपीआई की सेवा कई जगहों पर ठप हो गई है, जिससे लोगों को डिजिटल भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। कई उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके यूपीआई पेमेंट फेल हो रहे हैं या बहुत देर से प्रोसेस हो रहे हैं कई बैंकों के ग्राहक को यूपीआई के जरिए पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत आ रही है। यूजर्स ने यूपीआई लेन-देन से जुड़ी समस्या को लेकर अपनी शिकायत और नाराजगी इंटरनेट पर जाहिर कर रहे हैं। कई व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लेन-देन भी प्रभावित हो रहा है।

## संसद से बैंकिंग कानून में संशोधन विधेयक को मंजूरी



**नई दिल्ली।** संसद ने बैंकिंग कानून में संशोधन विधेयक को दी मंजूरी दे दी है। दूसरी ओर, विपक्ष ने सरकार पर जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के कर्ज माफ करने और बैंकों पर एनपीए का बोझ डालने का आरोप लगाया है।राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने बुधवार को सरकार पर आरोप लगाया कि उसने जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों का करोड़ों रुपये का कर्ज माफ कर दिया है, जो देश छोड़कर भाग गये हैं और बैंकों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के बोझ तले दबा दिया है। इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा, जानबूझकर बैंक ऋण न चुकाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। हम चुप नहीं बैठे हैं। उच्च सदन में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा में भाग लेते हुए, कांग्रेस के शक्तिसिंह गोहिल ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ने 2024 तक 50 विलफुल डिफाल्टर्स का 87,000 करोड़ रुपये का बकाया माफ कर दिया है। उन्होंने कहा, मेहुल चोकसी और ऋषि अग्रवाल समेत कई लोग जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों की सूची में हैं। सरकार ने उन लोगों का कर्ज माफ कर दिया है जिन्होंने इस देश को लूटा और विदेश भाग गए।

# रांची में दिनदहाड़े भाजपा नेता का मर्डर, गोली मारकर की हत्या

**टाइगर अनिल महतो को सिर में मारी गोली, एक बदमाश गिरफ्तार**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को दिनदहाड़े भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या करने के बाद बदमाश फरार हो गए। हालांकि, एक आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने दहशत पैदा करने के लिए वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने कांके चौक पर भारतीय जनता पार्टी के रांची ग्रामीण जिला के महामंत्री, रामनवमी समिति, कांके के अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर को सिर में गोली मारी। जानकारी के अनुसार, राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में बुधवार को जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल महतो टाइगर की गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई।


हमले के बाद रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गोली मारने वाले शूटर को पिठोरिया इलाके से पकड़ा गया है। यह घटना बुधवार की शाम करीब पौने चार बजे हुई। बाइक सवार अपराधी ने ठाकुर होटल में बैठे अनिल टाइगर को सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने के बाद कांके पुलिस मौके पर पहुंची और अनिल टाइगर को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं था। बता दें कि घटना के वक्त राजधानी में दूसरी तरफ राज्य की बिगड़ती विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता पुलिस मुख्यालय में बैठक कर रहे थे। अनिल महतो की हत्या के बाद इस युवक को मौके से पकड़ा गया। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के नेता की हत्या को लेकर 27 मार्च को एक दिवसीय रांची बंद बुलाए जाने की सूचना है।

**जज के घर से नकदी बरामदगी मुद्दे पर धनखड़ की टिप्पणी**

# सभी संस्थानों को नियंत्रण के साथ काम करने की जरूरत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से मिली बेहिसाब नोटों की गड्डियों को लेकर खड़े हुए विवाद पर संसद में चर्चा की उठ रही मांग के बीच राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ नहीं हैं। सभी संस्थानों को नियंत्रण और संतुलन के साथ काम करने की जरूरत है। धनखड़ ने यह टिप्पणी बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही की। इस दौरान उन्होंने पूरे सदन को मंगलवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ विधायिका और न्यायपालिका के अधिकारों को लेकर हुई चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में नेता सदन जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे मौजूद थे। हालांकि उन्होंने कहा कि इस चर्चा के विस्तार में जाने की जरूरत नहीं। बैठक में विचार- विमर्श सर्वसम्मति से हुआ।




26 रमजान 27.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 37 | 06 : 23 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 32 | 06 : 33 |

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान

■ हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अपने नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ सफल वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद बुधवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया।

# हजारीबाग में हिंसक झड़प

**10 नामजद और 200 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

■ धार्मिक जुलूस के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाने को लेकर दो समुदाय भिड़े



**रांची।** झारखंड के हजारीबाग में हिंसक झड़प और पथराव की घटना के सिलसिले में 10 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। राज्य सरकार के एक मंत्री ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी।

संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि हजारीबाग में एक धार्मिक जुलूस के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हुई। उन्होंने कहा कि यह झड़प उस समय हुई, जब मंगला जुलूस पंच मंदिर चौक से झंडा चौक की ओर जा रहा था। किशोर ने भोजनावकाश के बाद सदन को बताया, जब जुलूस पास के एक चौक पर पहुंचा, तो आपत्तिजनक गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच टकराव हो गया और दोनों तरफ से पथराव किया गया। उन्होंने बताया, मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भीड़ को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों समूहों की ओर से पथराव तेज हो गया। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने और सरकारी व निजी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए हवा में दो गोलियां चलाईं। किशोर ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के बाद संवेदनशील इलाकों और मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। मंत्री ने कहा, मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट की शिकायत के आधार पर सदर थाने में दोनों समुदाय के पांच-पांच नामजद लोगों और 200 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

# वक्फ संशोधन बिल पर बिहार में बवाल

**विरोध में धरने पर बैठे लालू और तेजस्वी यादव**

■ नागपुरिया कानून को लागू नहीं होने देंगे



**पटना।** पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन जारी है। मुस्लिम संगठनों के लोग गर्दनीबाग धरनास्थल पर प्रदर्शन कर रहे। इससे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे और मुस्लिम संगठन के नेताओं के धरने पर बैठ गए।

इधर, तेजस्वी यादव ने मुस्लिम संगठनों के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरनास्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं। हमलोग इस बिल के विरोध में रहेंगे। विपक्ष ने विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हमलोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी बताया कि उन्होंने आज सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर इस बिल पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन सदन को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हम लोगों किसी भी हाल में नागपुरिया कानून को लागू नहीं होने देंगे। इस देश के संविधान, लोकतंत्र और भाईचारा को बचाने का काम करेंगे। किसी भी हाल में गैरसंवैधानिक बिल को हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे।मुझे खुशी है कि लालू जी का खून मेरे अंदर है। किडनी और हार्ट के ऑपरेशन के बावजूद वह झुके नहीं। ईडी और सीबीआई की दबिश के बावजूद लालू जी ने आज तक सांप्रदायिक शक्तियों के आगे घुटने नहीं टेके।




# राज्यमंत्री ने लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें, खिले चेहरे

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मेले के द्वितीय दिवस सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार थीम पर भव्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह ने विधायक योगेश वर्मा, लोकेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार संग दीप जलाकर कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए राज्य मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर जोर दिया। आज यूपी देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। यूपी ने गरीब कल्याण क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंचाने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। यूपी निवेश में पूंजी को सुरक्षित रखने वाला राज्य है। आने वाले समय में यूपी निवेशकों में एक ड्रीम डेस्टिनेशन बनने की ओर है उन्होंने उत्तर प्रदेश में 8 साल के दौरान आए व्यापक परिवर्तन का जिक्र करते हुए अन्नदाता किसानों से लेकर महिलाओं तक के लिए सरकार की तरफ से किए गए कार्य का उल्लेख किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान तक का जिक्र किया। कहा कि सरकार आपके विश्वास पर पूरी तरह से खरी उतरी है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सरकार की उपलब्धियां को रेखांकित किया। योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की जिंदगी में बदलाव की पूरी कहानी बताई। सरकार ने अंत्योदय के मंत्र को जमीन पर सरकार किया। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को उठाने का काम किया। कार्यक्रम में सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री और महाकुम्भ प्रयागराज के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म देखी और सुनी गई राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि मेले में आने वाले व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का न केवल जानकारी दे बल्कि उन्हें योजना से जोड़कर उनके जीवन सुगम बनाया जाए। मेले में सभी विभागों के 40 से अधिक स्टॉल के माध्यम से उपलब्धियों के साथ योजनाओं की जानकारी दी गई। राज्य मंत्री ने मेले में मेडिकल कॉलेज के 3ष्ठ मॉडल का अवलोकन किया। बताते चलें इस 3D मॉडल को उपस्थित जनसमूह के आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बाल विकास पुष्टाहार विभाग की अगुवाई में 05 में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई संस्कार एवं पांच शिशुओ को गोद में लेकर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया और नन्हे शिशुओं को दुलारा आईटीआई ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम

## ई-रिक्शा चालकों के खिलाफचलाया अभियान

**सहारनपुर।** एसपी ट्रैफिक्र सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा रूट नियमों का पालन न करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान में 562 ई-रिक्शा के चालान किए गए और 25 ई-रिक्शाएं सीज की गई। जिन पर 9,72,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसपी ट्रैफिक्र सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि जिन ई-रिक्शाओं का परमिट निर्धारित रूट पर नहीं था, उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो ई-रिक्शा रूट पर सही पाए गए, उनका कोई चालान नहीं किया गया। अवैध तरीके से चलने वाली ई-रिक्शाओं के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और नियमों के उल्लंघन को रोकना है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में योगदान दें।

# गलत दिशा से आई पिकअप ने सामने से रही पिकअप में मारी जोरदार टक्कर, एक पिकअप चालक की मौके पर मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर बुधवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। गलत दिशा से आई पिकअप ने सामने से रही पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी पिकअप का चालक घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है शहर निवासी दिनेश कुमार कश्यप लखीमपुर से मार्बल पत्थर लेकर नीमगांव की तरफ जा रहा था। बताते हैं कि सुबह करीब आठ बजे नीमगांव से गुड़ लेकर लखीमपुर जा रही पिकअप ने गलत दिशा में जाकर उसकी पिकअप को टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनों वाहनों की केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चालक दिनेश कुमार कश्यप केबिन में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी पिकअप का चालक लखीमपुर का रहने वाला अजय घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन को तोड़कर किसी तरह से दिनेश कश्यप का शव बाहर निकाला। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजते हुए हादसे की सूचना दोनों के परिवार वालों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## वारण्टी अभियुक्तगणों को लिया गया पुलिस हिरासत में

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण अंशुल कश्यप पुत्र इतवारी कश्यप निवासी ग्राम झण्डी थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 08/20 धारा 138 NI एक्ट भगतराम पुत्र भगौती निवासी बाजारबाग झण्डी थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 1586-15 धारा 33/41/42 f act 3.भोला पुत्र चुरई निवासी बाजारबाग झण्डी थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 1586-15 धारा 33/41/42 f act, सभी वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त को इनके गांव से हिरासत पुलिस में लिया गया है। वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## कनाडा का फर्जी टिकट देकर जालसाजों ने युवक से एक लाख रुपये हड़पे

**लखीमपुर-खीरी।** कनाडा का फर्जी टिकट देकर जालसाजों ने युवक से एक लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित का पुत्र जब दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। तब उसे टिकट फर्जी होने की बात पता चली। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है सदर कोतवाली के गांव रंजीत पुरवा मजरा बरौला निवासी गुरमुख सिंह ने बताया कि उसके पुत्र मानसिंह को स्टडी वीजा पर कनाडा जाना था। उन्होंने हवाई जहाज का टिकट बुक कराने के लिए परिचित मौजमाबाद निवासी रमनदीप सिंह के कहने पर गोमतीनगर लखनऊ निवासी शहबाज खां उर्फ फैजी से हवाई जहाज की टिकट सात मई 2023 में पुत्र के नाम से दिल्ली से कनाडा की यात्रा के लिए 23 अगस्त को हवाई जहाज की बुक कराई थी पूरी धनराशि एक लाख बारह हजार रुपये अपने खाते से आरोपी शहबाज खां के बैंक खाते में स्थानांतरित किए। नियत तिथि को उसका पुत्र मान सिंह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा तो एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने यह कहते हुए मान सिंह को एयरपोर्ट में नहीं घुसने दिया कि उसकी टिकट फर्जी है उसी दिन उन्होंने व पुत्र ने कई बार आरोपियों को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की। जैसे तैसे रुपयों की तत्काल व्यवस्था कर अर्जेंट टिकट महंगे दामों पर खरीद कर कनाडा भेजा। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

## बजरंग बली शुगर इंडस्ट्री में हुआ खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स व एसोसिएशन की तहसील इकाई का चुनाव

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स व एसोसिएशन की तहसील इकाई का चुनाव बजरंग बली शुगर इंडस्ट्री में हुआ। इसमें राजीव जायसवाल डीलर आईओसी को तहसील अध्यक्ष, अखिलेश वर्मा डीलर बीपीसी को सचिव व अवनीश कुमार डीलर एचपीसी को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित व कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान आशीष चौधरी, धनी राम मौर्य, अब्दुल माजिद, आशुतोष अवस्थी, अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।**थाना मोहम्मदी पुलिस बल द्वारा गोमती मोड से मु0अ0स0 107/25 धारा 87/137(2) बीएनएस थाना मोहम्मदी खीरी में वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र रामपाल उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी ग्राम गौगंवा चौकी बिजुवा थाना भीरा जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विशाल उपरोक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया है।

# फसल की रखवाली कर रहे एक मजदूर पर बाघ ने किया हमला

**लखीमपुर-खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क की किशनपुर सेंच्युरी के निकट फसल की रखवाली कर रहे एक मजदूर पर मंगलवार की देर शाम बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के खेतों में मौजूद लोगों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर जंगल की तरफ चला गया। घायल मजदूर को सीएचसी पलिया लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया है गांव कटौया निवासी राजेश उर्फ जेस्सा (45) किशनपुर सेंच्युरी के निकट बसंत नगर फार्म पर रहकर फसल की रखवाली करता है। रोज की तरह वह मंगलवार को भी खेत की रखवाली कर रहा था। रात करीब आठ बजे जंगल से निकले बाघ ने उस पर हमला कर दिया और उसे खींच कर जंगल ले जाने की कोशिश करने लगा। मजदूरी की चीख पुकार पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग लाठी-डंडे लेकर शोरशराबा करते हुए मौके पर पहुंच गए। इस पर बाघ कुछ दूरी पर मजदूर को छोड़कर जंगल की तरफ वापस लौट गया। साथी किसानों ने इसकी खबर उसके परिवार वालों को दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया बाघ की दहशत के बीच परिजन तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना देते हुए खून से सरोबार घायल को सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद भीरा रेंज वनकर्मी बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया।

# सर्राफा व्यापारी से लूट करने वाले दो लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना सहसवान क्षेत्र में विगत दिनों हुई लूट की घटना के मामले में पुलिस द्वारा घटना को अंज़ाम देने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ क बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों सहित एक पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुआ है।

गौरतलब है कि विगत 24 मार्च को सहसवान कोतवाली क्षेत्र के सैफुल्लाहगंज में बदमाशों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा सैफुल्लागंज निवासी सर्राफा व्यापारी चंदन पुत्र विपिन कुमार को उस वक्त निशाना बनाया गया था जब वह दुकान बंद कर अपने 10 वर्षीय पुत्र के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर जा रहे थे।इसी दौरान थाना क्षेत्र में ही बदमाशों द्वारा उनसे तमंचे के बल पर लगभग 7.50 लाख की



लूट कर ली गई थी।बदमाश घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस महकने में हड़कंप सा मच गया था। घटना की सूचना पाते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए पुलिस को घटना का जल्द से जल्द अनावरण हेतु एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमें गठित कर दी गई थी। पुलिस तभी से मामले की तफ्तीश में जुटी हुई थी।पुलिस द्वारा 25-26 की रात में सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना के आरोपी दो लोगों,राहुल पुत्र लालाराम शर्मा तथा चरण पुत्र कल्याण सिंह निवासीगण ग्राम मेगरा थाना जूनावई जनपद संभल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।एसपी ग्रामीण के0,के0 सरोज ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि,मुखबिर के द्वारा पुलिस को सूचना मिली थी कि लुटेरे थाना सहसवान क्षेत्र के भावानीपुर से कासगंज जाने वाले मार्ग पर जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा घेराबंदी कर ली गई। लुटेरों ने जब अपने आप को घिरा हुआ पाया तब उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी जवाबी कार्यवाही में पुलिस पार्टी ने भी फायरिंग शुरू कर दी जिसमें दो लुटेरे राहुल पुत्र लालाराम शर्मा तथा चरण पुत्र कल्याण सिंह निवासीगण ग्राम मेगरा थाना जूनावई जनपद संभल घायल हुए हैं।उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में लुटेरों द्वारा बताया गया है कि सहसवान में लूट की वारदात को उन्हीं के द्वारा अंजाम दिया गया था।पुलिस के समक्ष लुटेरों द्वारा कासगंज में हुई घटना को भी उन्हीं के द्वारा करना स्वीकार किया गया है।

# बिल्सी विधायक ने स्वीकृति पत्र तथा चेक का किया वितरण



**बदायूं।** बदायूं क्लब में चल रहे तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक वितरित किए गए। बुधवार को बिल्सी विधायक हरीश शाक्य द्वारा क्लब में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक वितरित किए वहीं उन्होंने बुजुर्गों को शॉल ओढाकर व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन कर उसे सराहा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार विभिन्न कल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है व उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अनेकों जनकल्याणकारी व विकासपरक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# मौसम सम्बन्धी पूर्व चेतावनी तंत्र को बेहतर करने हेतु जनपद में 8 स्वचालित मौसम केंद्र तथा सभी ब्लॉक में 40 स्वचालित वर्षा मापक यंत्र स्थापित

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शुभांगी शुक्ला ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्षों में सेवा सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धिया अर्जित की हैं। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आपदा प्रबंधन क्षेत्र में भी जनपद स्तर पर क्षमता संवर्धन व राहत बचाव कार्यों में तीव्रता के साथ कार्य किया जा रहा हैं। राहत वितरण प्रणाली को समयबृद्ध व पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया था, जिससे राहत वितरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया पेपरलेस हो गयी हैं। इस वर्ष तद दिनांक तक उक्त योजना के माध्यम से भारत सरकार व् राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कुल 22 आपदाओं जैसे अग्निकांड, डूब कर मृत्यु, सर्पदंश आदि से घटित हुई जनहानियो में प्रति मृतक मु0 चार लाख की धनराशि के अनुसार कुल मु0 दो करोड़ अड़तालिस लाख रुपए (2,48,00000 रुपए) का भुगतान किया गया हैं, अतिवृष्टि से पशुहानि की घटनाओ में शासनादेश अनुसार मु0 इक्कीस लाख पांच सौ रुपए(21,00,500 रुपए) का भुगतान किया गया हैं तथा अग्निकांड, आंधी तूफ़ान व् अतिवृष्टि से घटित हुई मकान क्षति के प्रकरणों में कुल एक करोड़ नौ लाख उन्नतीस हज़ार रुपए (1,09,06,000 रुपए) का भुगतान किया गया हैं। इस प्रकार कुल तद दिनांक तक अधिसूचित आपदाओं से क्षति के प्रकरणों में कुल तीन करोड़ अठहतर लाख छः हजार पांच सौ रूपये (3,78,06,500 रुपए) का भुगतान राज्य आपदा मोचक निधि से किया गया हैं। उक्त के अतिरिक्त कृषि निवेश अनुदान से फसल क्षति के प्रकरणों इस वर्ष सितम्बर माह में हुई अतिवृष्टि मार्च में हुई ओलावृष्टि से फसल क्षति में मु0 चार करोड़ तिरासी लाख उन्तालीस हजार तीन सौ इक्कावन रुपए (4,83,39,351 रुपए) का भुगतान किया गया हैं। माह सितम्बर, 2024 में बाढ़ से 450 पीडित परिवारों को राहत सामग्री किट वितरित की गयी। उन्होंने आगे यह भी बताया कि मौसम सम्बन्धी पूर्व चेतावनी तंत्र को बेहतर करने हेतु जनपद में 8 स्वचालित मौसम केंद्र तहसीलों एवं जनपद के सभी ब्लॉक में 40 स्वचालित वर्षा मापक यंत्र की स्थापना की गयी हैं. जिससे मौसम सम्बन्धी पूर्व चेतावनी तंत्र को और बेहतर किया जा सके आपदाओं में क्या करे क्या न करे के प्रचार प्रसार हेतु मंडल मुख्यालय, जनपद मुख्यालय व् तहसील परिसरों एक एक डिजिटल साइन बोर्ड की भी स्थापना की गयी थी उक्त के अतिरिक्त इस वर्ष शीतकालीन अवधि में कुल 32500 कम्बल ससमय क्रय जरूरतमंद लोगो को नि शुल्क वितरित किये गए हैं।

## रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना का बवाल, तोड़फोड़ व कई पुलिसवाले घायल

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य (सांसद) रामजीलाल सुमन के आवास पर बुधवार को भारी बवाल हो गया। सुमन के राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ता सांसद के आवास पर विरोध करने पहुंचे। इन लोगों ने सुमन के आवास में घुसने का प्रयास किया तो पुलिस से टकराव हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आवास के बाहर लगे गेट को तोड़ दिया और कुर्सियों को उठा-उठा कर पटका। इस बवाल में हरीपर्वत के थाना प्रभारी घायल हुए हैं। पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा तीन दिन पहले राज्यसभा में चर्चा के दौरान मेवाड़ के राजा रहे राणा सांगा (राणा संग्राम सिंह) को गद्दार कहे जाने पर उनका चौतरफा विरोध हो रहा था।

# कार्यदायी संस्थाओं को समय वृद्धि में नहीं दी जायेगी राहतः सीईओ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सहारनपुर (एसएससीएल) के सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट कहा कि 31 मार्च को स्मार्ट सिटी का कार्य समाप्त किया जाना है, अतः 31 मार्च तक सभी कार्यदायी संस्थाएं अपना कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को अनुबंध सीमा पार करने के बाद समय वृद्धि के सम्बंध में कोई राहत नहीं दी जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यदायी संस्थाओं पर जो पेनल्टी लगायी जा चुकी है वह भी कार्यदायी संस्थाओं/ठेकेदार द्वारा अनिवार्य रुप से देय होगी। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लेकर एक माह के भीतर रेवेन्यू मॉडल विकसित करने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए।

स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज स्मार्ट सिटी की अपूर्ण 12 परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी 12 परियोजनाओं से सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को 31 मार्च तक कार्य पूरा करने सम्बंधी पत्र भेजने के निर्देश दिए। हैबीटेट सेंटर को लेकर हाईकोर्ट में लंबित वाद के सम्बंध में उन्होने कहा कि सम्बंधित कार्यदायी संस्था द्वारा प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही है।

उन्होंने कंपनी सचिव को एसएससीएल की ओर से आवश्यकतानुसार प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने स्मार्ट रोड शौचालय निर्माण, महाड़ी का तालाब, ई-ऑफिस, पिंजौरा-कब्रिस्तान के बीच रोड का निर्माण, स्मार्ट गैराज वर्कशॉप, रिटेनिंग वॉल आदि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की।

# आगरा में दहाड़े सीएम योगी, कहा- आगरा की पहचान मुगलों से नहीं ब्रजभूमि से है

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपये की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आगरा की पहचान मुगलों से नहीं बल्कि ब्रजभूमि से है। वृंदावन बिहारी लाल और राधा रानी से है। आगरा की पहचान अगर किसी से है, तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज से है। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी आगरा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है। ये किसी मुगलों से जुड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि आगरा का संबंध ब्रजभूमि से है, वृंदावन बिहारी लाल और राधा रानी से है। आगरा की



पहचान अगर किसी से है, तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज से है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आगरा में एक म्यूजियम का निर्माण शुरू किया था और उसका नाम मुगल म्यूजियम रखा था। सीएम योगी ने इस पर सवाल उठाते हुए पूछा आखिर मुगलों का आगरा से क्या संबंध है? सीएम योगी ने कहा कि मेरी सरकार ने इस म्यूजियम का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर किया और इसके भव्य स्मारक के निर्माण की कार्ययोजना बनाई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया अभिभूत थी कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के घरों में सन्नाटा था। हाल ही में जब प्रयागराज में भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हुआ, तब भी समाजवादी पार्टी लगातार झूठा प्रचार कर रही थी। 66 करोड़ श्रद्धालु एक ही स्थान पर एक आयोजन का हिस्सा बने, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जब मौका मिला तो उन्होंने कभी कोई विकास नहीं किया और अब जब विकास हो रहा है तो वे उसमें बाधा बनने का काम कर रहे हैं।

## जीआईसी मैदान में आयोजित 3 दिवसीय विशेष प्रदर्शनी में पहुंचे सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ



**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जीआईसी मैदान में 3 दिवसीय (दिनांक 25.03.2025 से 27.03.2025) विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। जिसमें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदर्शनी में आगरा पुलिस द्वारा स्थापित यूपी-112, साइबर क्राइम सेल, यातायात पुलिस, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, भवन एवं आधारभूत संरचना प्रकोष्ठ, नवीन कानूनों के प्रचार-प्रसार, फायर सर्विस, अभियोजन विभाग आदि से संबंधित स्टॉल का भ्रमण करते हुए अवलोकन किया गया। वही कमिश्नरेट आगरा के भवन व आधारभूत संरचना प्रकोष्ठ द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर एक जागरूकता स्टॉल स्थापित किया गया है। जहां आमजन को पुलिस विभाग की नवीन भवन परियोजनाओं, आधारभूत संरचना के विकास कार्यों और सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। स्टॉल पर पुलिस कार्यालयों, थानों और अन्य महत्वपूर्ण भवनों के उन्नयन, आधुनिकीकरण एवं निर्माण से जुड़े पहलुओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा स्थापित जागरूकता स्टॉल के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नो-हॉर्न जोन, यातायात संकेतों और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व की जानकारी दी जा रही है।

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मनीष का कांग्रेसजनों ने किया जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कांग्रेस के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी का कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को बूथ व सैक्टर स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय गुरूद्वारा रोड स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मेहरबान आलम, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और संगठनहित में जो पुराने सेवानिवृत्त होते हैं उनकी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती, बल्कि नए पदाधिकारी की जिम्मेदारी यह होती है कि वे अपने



वरिष्ठें के साथ संगठन को और अधिक शक्ति ऊर्जा और तेजी के साथ आगे बढ़ने का काम करें। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में उन्हें जो बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके निर्वहन में वे कोई कौताही नहीं बरतेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी एक संगठित टीम के रूप में मिल जुलकर कार्य करेंगे तथा पार्टी संगठन को सैक्टर व बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का काम किया जायेगा।

कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्षगण मेहरबान आलम, चौधरी मुजफ्फर अली व पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी, सत्यम भूरियान सैनी, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, युवक जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरव वर्मा, पीसीसी सदस्य नरेंद्र शर्मा, अक्षय कुमार, उमेश त्यागी, बबलू भैया, प्रीतम सैनी, सत्यम भूरियान सैनी, वरुण शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, हरिओम मिश्रा, उमेश त्यागी, बब्लू भाई, चौधरी इंदौर सिंह, गौरव वर्मा, इमरान कुरैशी, मुनेश सहगल, सचिन कांबोज, मधु सहगल, काजी शौकत हुसैन, प्रीतम सैनी, अशोक जैन, नितिन शर्मा, अजय त्यागी, नरेंद्र शर्मा, अक्षय चौधरी, जॉनी बिरला आदि मौजूद रहे।

## महिलाएं मजबूत होंगी तभी तो देश तरक्की करेगा : अनुपमा लोधी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य अनुपमा लोधी ने कहा, महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि एक मिशन है। जब महिलाएं मजबूत होंगी, तो देश प्रगति करेगा। सरकार महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। साथ ही 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 1090, 1012, 108 महिला संबंधित सहायता संपर्को की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नारी को शक्ति स्वरूपा बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारियों को पूजने की अवधारणा है। आवश्यकता इस बात की है कि महिलाएं अपने अंदर की ताकत को पहचानें और आगे बढ़ें। केंद्र और राज्य सरकारें भी हर तरह से महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों में जुटीं हैं। यह बात उन्होंने सद्भाव मंडपम सभागार में आयोजित नारी शक्ति गौरव उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। जिले की नामी-गिरामी संस्था अनुरागिनी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सूर्य नायक, अध्यक्ष जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार उपेंद्र सिंह राजावत, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन वंदना वर्मा, डॉ विनोद कुमारी, भाजपा नेत्री राजेश्वरी यादव, समर्पण के संयोजक राधेकृष्ण आदि मंचस्थ रहे।

# रमजान के अंतिम अशरे में इबादत का सिलसिला तेज

अवधनामा संवाददाता



**ईद रोजेदारों के लिए अल्लाह का ईनाम है : मुफ्ती शुएब**

**गोरखपुर।** माह-ए-रमजान का अंतिम अशरा चल रहा है। बुधवार को 25वां रोजा मुकम्मल हो गया। चंद रोजे और बचे हुए हैं। माह-ए-रमजान रुखसत होने वाला है। ईद का त्योहार आने वाला है। ईद के लिए मुस्लिम घरों में तैयारियां तेज हैं। सेवईयों व सूखे मेवों की बिक्री बढ़ गई है। वहीं बाजार में ईद की जमकर खरीदारी हो रही है। इबादत का सिलसिला तेज है। तरावीह की नमाज पढ़ी जारी है। तिलावत-ए-कुरआन जारी है। एतिकाफ में बंदे खूब इबादत कर रहे हैं।

मुफ्ती मुहम्मद शुएब रजा निजामी ने कहा कि हदीस में है कि जब ईद-उल-फित्र की मुबारक रात तशरीफ लाती है तो इसे लैलतुल जाइजा यानी ईनाम की रात के नाम से पुकारा जाता है। ईदैन की रात यानी शबे ईद-उल-फित्र और शबे ईद-उल-अजहा में सवाब के लिए खूब इबादत करनी चाहिए। पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि ईद तो दरअसल उन खुशनसीब मुसलमानों के लिए है जिन्होंने रमजानुल मुबारक को रोजा, नमाज और दीगर इबादतों में गुजारा, तो यह ईद उनके लिए अल्लाह की तरफ से मजदूरी मिलने का दिन है। ईद की नमाज से पहले सदका-ए-फित्र अदा कर देना चाहिए। कसरत से सदका देना चाहिए। आपस में मुबारकबाद देना बाद नमाजे ईद हाथ मिलाना और गले मिलना बेहतर है। इससे भाईचारगी बढ़ती है।

हाफिज रहमत अली निजामी ने कहा कि इस्लाम धर्म में सिनेमा, नाच-गाना नाजायज व हराम है। अक्सर देखने में आता है कि माह-ए-रमजान के खत्म होने के बाद सिनेमा हॉलों में मुस्लिम समाज से काफी नौजवान जुटते हैं। फिल्मों के टिकट की एडवांस बुकिंग करवाते हैं। इन सारे कामों की इजाजत इस्लाम धर्म नहीं देता है। इन सब खुराफातों से आप खुद भी बचें और अपने परिवार, पास-पड़ोस व दोस्तों को बचाएं। फिल्म देखने में खर्च की जाने वाली रकम गरीबों, यतीमों, बेवाओं, बेसहारों पर खर्च करें। रमजान आपको अल्लाह का फरमाबरदार बनाने के लिए आया है। फिल्में देखकर आप शैतान की फरमाबरदारी न करें।

हाजी सेराज अहमद ने बताया कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि यदि समाज का एक तबका अपनी जायज जरूरतों को पूरा नहीं कर पाता है तो आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों की यह जिम्मेदारी है कि वे उसे खुशहाल ज़िन्दगी बसर करने में मदद करें। यही अल्लाह के नेक बंदों का काम है। इस तरह ईद अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में पुल का काम करती है। मौलाना मो. फिरोज निजामी ने बताया कि जरूरतमंद लोगों की ईद को खुशगवार बनाने के लिए मुसलमानों को सदका-ए-फित्र देने का हुक्म दिया गया है। यह उन्हीं लोगों को दिया जा सकता है जो जकात के हकदार हैं यानी गरीब, मजलूम और मिस्कीन मुसलमान। ईद की नमाज पढ़ने से पहले अनाज या पैसे की शक्ल में सदका-ए-फित्र निकाल देना चाहिए। अनाज के बजाए उसकी कीमत देना ज्यादा बेहतर है। रमजान हमें बताता है कि हर किसी के साथ मिलकर रहें, बुराइयों से बचें। सिर्फ भूखे प्यासे न रहें बल्कि हर गैर मुनासिब काम से बचने की कोशिश करें। मुक़द्दस रमजान वो है जो इंसान को इंसानियत के राह पर ले जाता है।

## सेंट लारेसं सीनियर स्कूल में मना वार्षिक उत्सव



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली क्षेत्र के सेंट लॉरेंस सीनियर स्कूल पट्टी धर्मदास में मंगलवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक अजय मिश्रा ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं। उन्होंने समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्र छात्रों ने बेटी और समाज तथा स्वच्छता पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक किया। इन प्रस्तुतियों से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला,जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, विद्यालय संचालक अजय मिश्रा , प्रधानाचार्य संजय मिश्रा,मोती लाल तिवारी,रविन्द्र मणि तिवारी,श्री प्रकाश शुक्ला,गोपाल शुक्ला,सर्वेश शुक्ला, गजेन्द्र प्रताप सिंह, रविन्द्र यादव,रिकू शुक्ला सहित गणमान्य लोग, अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नवसवंतसर स्वागत समारोह को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टांडा (अंबेडकरनगर)।** नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के पदाधिकारी भारतीय नव वर्ष 2082 विक्रमी के स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं समिति के अध्यक्ष आनन्द कुमार अग्रवाल, महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साहू उप जिला अधिकारी ,पुलिस उपाधीक्षक एवं नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज से मिले और इस समारोह से संबंधित व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से कराने हेतु ज्ञापन सौंपा। महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया ज्ञापन में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च 2025 को सायं 5:30 बजे से नव संवत्सर स्वागत समारोह के प्रथम आयोजन श्री सरयू महा आरती दुग्धाभिषेक एवं पूजन के संबंध में श्री हनुमानगढ़ी मंदिर, चौक के समीप स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सभी व्यवस्थाएं कराने का आग्रह किया गया है।

## क्षय रोगी मरीजों को ब्लॉक प्रमुख के पुत्र ने पोष्टिक पोषाहार बांटा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के अंतर्गत ब्लाक प्रमुख द्वारा गोद लिये गये क्षय रोग टीबी से ग्रस्त मरीजों को ब्लॉक प्रमुख के सुपुत्र द्वारा पोष्टिक पोषाहार वितरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन जागरुकता अभियान के क्रम में 20 टी.बी. मरीजों को पोष्टिक पोषाहार वितरत किया गया। इन 20मरीजो को रामराजा निरंजन (ब्लॉक प्रमुख) गोद लिए थे। क्षय रोगी मरीजों को ब्लॉक प्रमुख के पुत्र यश पटेल द्वारा पुष्टाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ के डी गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉ.उमेश कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश आर्या, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गरिमा सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, टी.बी यूनिट जालौन से देवेंद्र कुमार (टीबीएचवी), श्री कुलदीप कुमार (एसटीएस), डीईओ सचिन गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## शिक्षक नेता राज को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला को सम्मानित किया गया आज सेवा, सुरक्षा व सुस्वासन के आठ वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को किया सम्मानित। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री एवं प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

## प्रा. विद्यालय इनायतनगर में 90 प्रतिशत बच्चे दे रहे हैं परीक्षा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकास खण्ड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय इनायत नगर मे 90 प्रतिशत बच्चे दे रहे परीक्षा व शिक्षकों के अथक प्रयास के बावजूद परिषदीय विद्यालयों की बार्षिक परीक्षा में भी शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति नहीं हो रही है उधर सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय विविध कार्यक्रमो के आयोजन में भी शिक्षको की ड्यूटी लग जाने से शिक्षकों को परीक्षा कराना मुश्किल हो रहा है 24 मार्च से शुरू हुई परीक्षा 28 मार्च को समाप्त होगी और 29 मार्च को परीक्षा फल भी घोषित करना है ऐसे में उत्तर पुस्तिकाओ के मूल्यांकन के लिए समय नहीं है जब कि प्रतिदिन दो पालियों में दो विषयों की परीक्षा हो रही है केन्द्र व्यवस्थपक अफसर अली ने बताया कि सभी कक्षाओं में एक एक अतिरिक्त कक्ष निरीक्षक की व्यवस्था कर कर परीक्षा करायी जा रही है प्रथम पाली में गणित विषय और द्वितीय पाली में कला का पेपर था परीक्षा में 114 के सापेक्ष 102 छात्र उपस्थित रहे उपासना यादव, सीमा, वन्दना कटियार वीना शाक्य उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की प्रदर्शनी में पहुंचे राकेश गर्ग



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटेट सेन्टर अलीगढ़ में चल रहे समारोह में अलीगढ़ पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की प्रदर्शनी की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटेट सेन्टर अलीगढ़ में चल रहे समारोह में अलीगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान राकेश गर्ग दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री, अध्यक्ष उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लिमटेड के अध्यक्ष पहुचे। इस क्रम में जनपद अलीगढ़ पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य जैसे- यातायात शाखा, साइबर शाखा, महिला मिशन शक्ति व वूमेन पावर लाइन 1090, फायर सर्विस, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 द्वारा अपने-अपने शाखाओं से संबंधित कार्यो एवं नए कानून के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अलीगढ़ द्वारा पोस्टर, बुकलेट व बाराबंकी पुलिस के समस्त शाखाओं द्वारा प्रदर्शित किया गया।

## बजट व्यय की सूचनाओं के लिए की बैठक

**रायबरेली।** सभापति वित्त एवं प्रशासनिक विलंब समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश श्री पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की सूचनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समाज कल्याण अधिकारी को छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान और कृषि विभाग के अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## एमजीयूजी में गर्भाशय के ग्रीवा कैंसर पर व्याख्यान का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय के नर्सिंग विभाग में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत 'गर्भाशय का ग्रीवा कैंसरस विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बिड़ला प्रजनन क्षमता एवं आईवीएफ, गोरखपुर की बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ.आकृति ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में पाया जाने वाला एक गंभीर लेकिन रोके जाने योग्य कैंसर है। यह ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होता है। भारत में यह दूसरा सबसे आम स्त्री रोग संबंधी कैंसर है, जिससे हर साल हजारों महिलाओं की मृत्यु होती है। इसके प्रमुख कारणों में एचपीवी संक्रमण, असुरक्षित यौन संबंध, धूम्रपान, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र और कुपोषण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके प्रारंभिक लक्षणों में अनियमित योनि रक्तस्राव, दुर्गंधयुक्त स्राव और श्रोणि में दर्द शामिल हैं। पैप स्मीयर टेस्ट और एच.पी.वी. डी.एन.ए. टेस्ट से इसका प्रारंभिक निदान संभव है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण उपचार जैसे सर्जरी, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी आदि शामिल हैं। इसके रोकथाम के लिए एच.पी.वी. टीकाकरण, सुरक्षित यौन संबंध, धूम्रपान से बचाव और नियमित स्क्रीनिंग आवश्यक है। सही और समय पर स्क्रीनिंग से इस घातक बीमारी को रोका जा सकता है और जीवन बचाया जा सकता है। नर्सिंग कॉलेज की प्रमुख डॉ. डीएस अजीथा ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

## रमज़ान का तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात दिलाने का है

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** रमज़ान के मुबारक महीने को तीन भागों में बांटा गया है। दस दिन का पहला अशरा रहमत का होता है।दूसरा दस दिन मगफिरत और अंतिम के दस दिन जहन्नुम से निजात का तीसरा अशरा होता है। हदीस के मुताबिक इन तीनों अशरा में अलग अलग मान्यताएं होती है। इन्हीं अशरा के अनुसार इबादत और तिलावत के साथ रोजेदार रब की बारगाह में दुआएं मांगते हैं। रमजान उल मुबारक के पहले व दूसरे अशरे समाप्ति के बाद रोजेदारो ने कारोबार घर दुकान और मकान में रहमत और बरकत की रब से खूब दुआएं मांगी। शुक्रवार को सूर्यास्त के बाद जहन्नुम से निजात का तीसरा अशरा का आगाज हो गया। रमजान के इन दस दिनों में रोजेदार अल्लाह से जहन्नुम से निजात के लिए रब से दुआएं मांगते। शुक्रवार की रात से ही कुरान की तिलावत और इबादत के साथ महिला अकीदतमंद घरों में जहन्नुम से निजात के लिए दुआएं करना शुरू कर दिया है। वहीं मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह की नमाज के बाद रोजेदार अल्लाह की बारगाह में अपने गुनाह की माफ़ी मांग रहे हैं।

## धर्म समाज महाविद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन





**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ में बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में महिला प्रकोष्ठ, एन सी सी, एन एस एस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो.मुकेश कुमार भारद्वाज एवं सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो0 मुकेश कुमार भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़ता जा रहा है यदि हम इसके विषय में जागरूक नहीं हैं, तो कभी भी इसका शिकार हो सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि हम इस जानकारी से स्वयं परिचित हों और अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को परिचित करते रहें। अपने संबोधन में अमित कुमार (साइबर अपराध इंस्पेक्टर) ने कहा कि हमारा मोबाइल ही हमारा मिनी बैंक है इसलिए सबसे ज्यादा आवश्यक है कि अपने मोबाइल को सुरक्षित रखें तथा अगर हमारे साथ कोई साइबर क्राइम हो जाता है तो 1930 पर फोन करके सूचित करें इसके साथ ही साथ उन्होंने मोबाइल में टू स्टेप वेरीफिकेशन डाउनलोड करके व्हाट्सएप को सुरक्षित रखने के विषय में जागरूक किया। इंस्टाग्राम तथा फेसबुक पर सिर्फ विश्वसनीय लोगों को ही फॉलो लिस्ट में रखने के लिए बताया।

# ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में हुए खुलासे के बाद निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है और कहा है कि वे निजीकरण के नाम पर किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार को देखते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की कृपा करें। यह जानकारी पुष्पेन्द्र सिंह, प्रान्त संयोजक ने दी।

संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 119वें दिन प्रान्त व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। आज संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर, चंद्रभूषण उपाध्याय, महेंद्र राय, श्रीचंद, सरजू प्रसाद त्रिवेदी एवं मनोज कुमार सिंह ने बस्ती और गोरखपुर में आमसभा और व्यापक जनसंपर्क कर आगमी 29 मार्च को वाराणसी में होने वाली बिजली महा पंचायत की तैयारी की। बस्ती और गोरखपुर की आमसभा में संकल्प लिया गया कि किसी कीमत पर निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा और इस हेतु निर्णायक संघर्ष के लिए बिजली कर्मी तैयार हैं। संघर्ष समिति गोरखपुर के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, ब्रजेश त्रिपाठी, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, सच्चिदानंद शुक्ला, विकास श्रीवास्तव, आशुतोष शाही, अजय शाही, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, पप्पू जायसवाल, शिवमनाथ तिवारी, भानु प्रताप सिंह, जीवेश नन्दन, राघवेंद्र साहू ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसलटेंट की नियुक्ति में हो रहे घोटाले का खुलासा होने के बाद स्पष्ट हो गया है कि उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजीकरण के नाम पर खुल्लम-खुल्ला धज्जियां बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया में पहले जारी किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट का प्राविधान था। बाद में अचानक कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के प्राविधान को हटा दिया गया। ट्रांजैक्शन कंसलटेंट हेतु बिडिंग करने वाली एक कंपनी ग्रांट थॉर्टन द्वारा दिए गए डॉक्यूमेंट में साफ लिखा है कि कम्पनी उप्र पॉवर कारपोरेशन के एक विद्युत वितरण निगम में आरडीएसएस के अन्तर्गत मीटरिंग का काम कर रही है । डॉक्यूमेंट में यह भी लिखा है कि कंपनी क्या काम कर रही है इसका पावर कारपोरेशन के साथ हुए गुप्त एग्रीमेंट के तहत खुलासा नहीं किया जा सकता। यह बहुत चौंकाने वाली और बड़ी अजीब बात है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि सभी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक का संचालन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज त्यागी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जिला प्रदेश में 14वें स्थान पर है, वहीं एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान रखता है। डीएचएस की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भुगतान के सभी प्रकरण निस्तारित किया जाए। किसी भी कर्मचारी का मानदेय लंबित न रखा जाए। इससे कार्य क्षमता प्रभावित होती है। ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति में खाता न खुलवाए जाने पर डीपीआरओ को डीएम-सीडीओ के गुस्से का कोप भाजन बनना पड़ा। सीडीओ ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं विकास के बिंदु पर बहाने बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि कहीं कोई व्यवधान या समस्या है तो अधिकारी तत्काल अवगत कराएं निराकरण किया जाएगा।

डीएम ने सीएमओ एवं सीएमएस को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में पंजीकरण काउंटर पर मरीज पंजीकरण शुल्क के बारे में स्पष्ट निर्देश अंकित कर दिए जाएं। आशा स्वास्थ्य महकमे की महत्वपूर्ण कड़ी होती है, ग्राम प्रधानों के सहयोग से आशाओं के पदों को तत्काल भरने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य जांच के संबंध में जो भी उपकरण हैं उनके उचित रख-रखाव के साथ ही आवश्यकता के अनुरूप उपकरणों की तत्काल खरीद की जाए। बैठक में इनडोर पेशेंट, संस्थागत प्रसव और नियमित टीकाकरण की संख्या में कमी आने वाले एमओआईसी को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी आशाओं को प्रत्येक माह में 10 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने 28 मार्च से 30 मार्च के बीच चलने वाले महा संपर्क अभियान की तैयारी हेतु बैठक की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारी को इस महा संपर्क अभियान के लिए दिशा निर्देश दिए एवं सभी मंडलों में प्रचार सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 8 वर्षो के कार्यकाल में प्रदेश में हुए विकास कार्यो एवं ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी घर-घर पहुंचाने के निर्देश संगठन से प्राप्त हुए हैं इस महा संपर्क अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक मंडल के सभी शक्ति केंद्रो पर संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है यह कार्यकर्ता तीन दिवसीय महा संपर्क अभियान के तहत प्रदेश सरकार के कार्यो वाले पत्रक घर-घर देने का कार्य करेंगे इस महाप्रचार अभियान में जनपद स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित की गई है जो इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेगी। जनपद के प्रत्येक शक्ति केंद्रो पर एक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद के सभी मंडलों में प्रचार सामग्री को उपलब्ध करा दिया जाएगा कल दिनांक 27 मार्च को सभी जनपद के सभी विधानसभाओ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित होगी जिसमें सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

## वार्षिक उत्सव पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

**फर्रुखाबाद।** आज दिनांक 26/03/2025 को फर्रुखाबाद में स्थित सिटी मोंटेसरी कान्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं अपनी प्रतिभाओं से सभी का मन जीता। आयोजक सिटी मांटेसरी कॉन्वेंट स्कूल की मैनेजर शिखा अग्निहोत्री ,प्रधानाचार्य सुशील कुमार अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक विद्यालय के फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष विनीत अग्निहोत्री। स्वामी रामानंद बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह कर्नल ब्रम्हानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दुष्यंत पाल गीतिका रस्तोगी हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य बालगोविंद सिंह एवं भारती कृषक एसोसिएशन जिला सचिव निशांत त्रिवेदी जिला मीडिया प्रभारी राजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने किया भावविहवल

**लालगंज,रायबरेली।** बैसवारा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्चिसा महोत्सव में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें भाव गीत, स्वागत गीत, कजरी गीत पर मनमोहक नृत्य तथा हास्य नाटक व लोक गीतों से युक्त नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय की छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय में समस्त प्रतियोगी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। बीए व एमए की कक्षाओं में मेरिट पाने वाले मेधावियों को भी प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने पुरुस्कृत किया। वहीं एनसीसी कैडेट्स भी पुरुस्कृत किये गये।


## कार्यालयः सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जियाउल्लाह पुत्र श्री ऐनुल्लाह द्वारा नाजिम की हैसियत से संस्था मोहम्मदिया मस्जिद समिति ग्राम- कठेला गर्वी, टोला- धनखरपुर, तहसील - इटवा, जिला- सिद्धार्थनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. सलीम अहमद अब्दुर्रहमान सिद्दीकी-सदर, 02. जियाउल्लाह-नाजिम, 03. नसीम अहमद सिद्दीकी-खजांची 04. हमीदुल्लाह-सदस्य, 05. वसीम अहमद सदस्य, 06. मो. सलीम शाह-सदस्य, 07. रकाबुल्लाह-सदस्य, 8. अलीमुल्लाह-सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से

(बी.के. सिंह) - सहायक रजिस्ट्रार गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

## Notice

My mother name suraiya begum is wrong actual and correct name of mother is suraiyya begum. saba parveen w/o sheikh arif hussaien, house no. 12/2092, Idgah road, near india tent house, sarai hisamuddin khnad 3, sharanpur, up - 247001 up

## सूचना

मैं सुशीला दि. 12.3.2025 को 11.30 बजे दिन अपने वकील को सम्पत्ति प्लॉट नं. 34 रकबई 100 वर्गगज स्थित ग्राम शेखपुरा सहारनपुर का असल बैनामा, जिसका विक्रेता राकेश बिंदल पुत्र लक्ष्मी बिंदल व क्रेता अशोक कुमार पुत्र रामकला है जो बही सं.1 जि.336, पेज 393-414 दस्ता. 1351 दि. 15.3.2005 सब रजिस्ट्रार सहारनपुर में दर्ज है। उक्त बैनामा कहीं गिर गया है यदि मिले तो संपर्क करे।

**ठाकुर पंकज सिंह एड.चै.141, सिविल कोर्ट स. पुर मो. 9675983535**

अवधनामा
लखनऊ, गुरुवार 27 मार्च, 2025



# दर्शनशास्त्र शब्दावली विषय पर विद्वानों ने किया मंथन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला में बुधवार को विशेषज्ञों ने दर्शनशास्त्र शब्दावली पर वृहद मंथन किया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप दर्शनशास्त्र की तकनीकी शब्दावली (अंग्रेजी-हिंदी) का निर्माण पर चर्चा की गई। इसमें विश्वविद्यालयों के दर्शन शास्त्र के विद्वानों द्वारा नए शब्दों के चयन पर गहन चर्चा के उपरांत हिंदी पर्यायों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रो0 सतीश कुमार सिंह, डीएवीपी कालेज वाराणसी, प्रो0 कंचन सक्सेना, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 शालिनी सिंह, दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग अवध विश्वविद्यालय, डॉ0 संतोष कुमार, सहायक निदेशक वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा उदय प्रकाश वर्मा, कंप्यूटर विशेषज्ञ द्वारा कार्यशाला में दर्शनशास्त्र की शब्दावली पर वृहद चर्चा की गई। दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग के समन्वयक डॉ. संजय चैधरी ने बताया कि यह पांच दिवसीय कार्यशाला 24 मार्च आयोजित की गई है जो 28 तक चलेगी। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विषय पर विद्वानों द्वारा शब्दावली पर कार्य किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात है।

# नो दंगे-नो कर्फ्यू वाला प्रदेश है उत्तर प्रदेश : सतीश शर्मा

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में उत्सव का माहौल है। सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए इस उपलब्धि को मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या के प्रसिद्ध रामकथा पार्क में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ भव्य तरीके से हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने शिरकत की और उत्सव में शामिल होकर इसे और खास बना दिया। मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है। पहले की सरकारों में दंगे होते थे और कर्फ्यू लगते थे, लेकिन आज उत्तर प्रदेश नो दंगे-नो कर्फ्यू वाला प्रदेश बन गया है।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। निवेश के लिए माहौल तैयार हो गया है। गरीबों के लिए सभी योजनाओं पर कार्य हो रहा है। 15 करोड लोगों को राशन दिया जा रहा है। 2.66 करोड किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है, जबकि 56 लाख से अधिक लोगों को आशियाना दिया गया है। एक्सप्रेस वे हो या सिंगल लेन सड़क बनाने का कार्य यह सब योगी सरकार में ही सम्भव हो सका है। रामकथा पार्क में आयोजित इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन के कार्यक्रम में मंत्री सतीश शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में योगी सरकार ने कानून-व्यवस्था, विकास और संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। अयोध्या का विकास इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ पर्यटन और बुनियादी ढांचे पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने रामायण पर आधारित नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कीं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा, सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली स्टॉल्स भी लगाई गईं, जहां लोग जानकारी लेते नजर आए। मंत्री सतीश शर्मा ने इस दौरान जनता से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना।यह आयोजन न केवल सरकार की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को भी राष्ट्रीय मंच पर लाने का प्रयास है। तीसरे दिन समापन समारोह में कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस बीच, प्रदेश के अन्य जिलों में भी समान उत्साह के साथ कार्यक्रम जारी हैं, जो योगी सरकार के कार्यकाल को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री विवाह योजना से लाभान्वित साक्षी ने बताया कि सरकार गरीबों के लिए बहुत अच्छी योजनाएं चला रही है। उन्होंने योगी सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उसके बाद लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र/ प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

जिसमें यह विभाग शामिल है। युवा कल्याण विभाग द्वारा पुरवक एवं महिला मंगल दल में 2 लाभार्थी को खेल किट, 5 लाभार्थी फैमिली आई डी कार्ड का वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 10 लाभार्थी को स्वीकृति पत्र, आठ लाभार्थी को वृद्धावस्था पेन्शन योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र दिया गया। तीन ग्राम पंचायत में प्रधानों को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली रामचन्द्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपदीय विकास उत्सव के तीसरे दिन आयोजित होगा व्यापारी व युवा सम्मेलन

**अयोध्या।** केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व यूपी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर राम कथा पार्क में तीन दिवसीय जनपदीय विकास उत्सव समारोह मनाया जा रहा है। समारोह के तीसरे दिन गुरूवार 27 मार्च को रामकथा पार्क में व्यापारी उद्यमी तथा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता होंगे। समारोह में सरकार द्वारा युवाओं व्यापारियों तथा हस्तशिल्पियों के हित में संचालित योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। नगर विधायक की मौजूदगी में महाकुम्भ 2025 के आयोजन तथा अयोध्या जिले के विकास पर आधारित लघु फिल्म का प्रर्दशन होगा। इस बाद आयोजित सम्मेलन को मुख्य रूप से नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सम्बोधित करेंगे।

# विहिप पदाधिकारियों ने एसडीएम का किया स्वागत सम्मान



**सोहावल-अयोध्या।** नवागत उप जिलाधिकारी सोहावल राजीव रत्न सिंह का लाल जी शर्मा जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद प्रभाकर सिंह जिला सह मंत्री शैलेंद्र वर्मा प्रखंड उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद और राम सागर पाण्डेय विकास विश्वकर्मा नितेश सिंह अंकुर सिंह आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने तहसील सोहावल पहुंचकर स्वागत सम्मान किया।

# अब दुकान चला रहा पिता, गवाही देने जाएगा पुत्र



**सोहावल-अयोध्या।** पूर्व उप जिलाधिकारी के कहने पर हादसे का शिकार बने तहसील के कर्मी शिवम यादव का बाल काटने वाला नाई पैकाराम अपना बयान दर्ज कराने जायेगा। जांच अधिकारी की तरफ से इसके लिए अब तक कोई संपर्क नहीं किया गया है। बुधवार की शाम मामले में प्रमुख गवाह समझे जा रहे सोहावल गांव निवासी नाई की दुकान खुली रही। दुकान नाई का पिता 71 वर्षीय राम अकबाल चलाता मिला। जिसने बातचीत करते हुए बताया कि बेटा घरेलू कुछ काम काज से आज घर पर है। पत्नी सहित कुल 6 पुत्र 1 पुत्री का परिवार पालन पोषण करता है।चार पुत्रों की शादी कर चुका है। सभी अपने अपने परिवार के साथ अलग जीवन यापन कर रहे हैं। लगभग 15 बिस्वा की खेती बाड़ी और मेहनत मजदूरी से परिवार पलता है। जितना कार्य बेटे ने किया है। उसे कहीं भी बताने और कहने में कोई परेशानी नहीं है। अब तक गवाही आदि के लिए कोई संपर्क किसी ने नहीं किया है। लेकिन बेटा अपनी गवाही देने जाएगा। न्याय और जांच में सहयोग करना हमारा धर्म बनता है।

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अयोध्या मण्डल में 17,4992 बेटियों को मिला लाभ

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें से एक प्रमुख योजना है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जिसके तहत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और विवाह तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना ने अयोध्या मंडल में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है, जहां 1,74,992 बेटियों को इसका लाभ मिला है। यह आंकड़ा न केवल सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा भी करता है।अयोध्या मंडल के पांच जनपदों अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, सुल्तानपुर और अंबेडकरनगर में इस योजना का व्यापक असर देखने को मिला है। आंकड़ों के अनुसार, सुल्तानपुर जिला इस मंडल में सबसे आगे रहा, जहां 48,664 बेटियों को योजना का लाभ मिला। स्पष्ट है कि योगी सरकार की यह पहल ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने में कारगर साबित हो रही है। यह योजना न केवल बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करती है, बल्कि उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ को भी कम करती है। योगी सरकार ने बेटियों के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों को भी जोर-शोर से लागू किया है। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, बेटियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इन प्रयासों से न सिर्फ बेटियों के सपने साकार हो रहे हैं, बल्कि समाज में लैंगिक समानता की नींव भी मजबूत हो रही है।अयोध्या मंडल में इस योजना की सफलता सरकार के कुशल प्रशासन और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। सुल्तानपुर जैसे जिले, जहां सर्वाधिक लाभार्थी हैं, वहां प्रशासन ने लोगों तक योजना की जानकारी पहुंचाने और पात्र परिवारों को जोड़ने में विशेष मेहनत की है। यह योजना बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की ताकत के रूप में देखने की सोच को बढ़ावा दे रही है।

# अवर अभियंता ने थाने में की शिकायत

**मिठौरा(महराजगंज)।** चौक थानाक्षेत्र के ग्राम सभा मधुबनी टोला सिंहपुर में मंगलवार को ट्रांसफार्मर फ्यूज व लाइनमैन की बाइक तोड़ने को लेकर अवर अभियंता ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। जानकारी के अनुसार अवर अभियंता जुगुनू अंसारी ने बताया कि मंगलवार को लाइनमैन बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन जोड़ने गया था। लेकिन कुछ लोगों द्वारा लाइनमैन मुर्तजा का मोटरसाइकिल प्लक निकाल दिया और मोटरसाइकिल पंचर कर दिया गया। ट्रांसफार्मर का मेन फ्यूज तोड दिया गया जिसमें पूरी रात विद्युत सप्लाई बाधित रही। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामचरन सरोज के अनुसार तहरीर मिली है।

# किक बॉक्सिंग इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में चैम्पियन बना अवध विवि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों के शानदार खेल प्रदर्शन की बदौलत ओवर ऑल चैंपियन बना। मेरठ के स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया किक बॉक्सिंग इंटर यूनिवर्सिटी महिला प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के महिला खिलाड़ियों ने एक नया इतिहास रचते हुए ओवर ऑल चैंपियन का खिताब नाम किया। महिला वर्ग के तांतामी प्वाइंट फाइटिंग के अंडर 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रीती राय ने पहला गोल्ड मेडल दिलाया। दूसरी ओर तातामी के प्वाइंट फाइटिंग के ओवर 70 किलोग्राम भार वर्ग में दीपाली राय ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। रिंग स्पोर्टस लो-किक के अंडर 56 किलोग्राम भार वर्ग में वर्षा सिंह ने विश्वविद्यालय को तीसरा पदक दिलाया। इसी क्रम में रिंग स्पोर्टस लो-किक के ओवर 70 किलोग्राम भार वर्ग में खुशी सिंह ने प्रतियोगिता का चैथा पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयो से आये खिलाड़ियों एक एक पदक प्राप्त करने लिए काफी संघर्ष किया। अवध विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को चैंपियन बनाया। इस प्रतियोगिता के टीम मैनेजर सुरेश सिंह एवं कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे। ऑल इंडिया इंटर यूनीवर्सिटी किक बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों के ओवर ऑल चैंपियन बनने पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने टीम कोच व सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने अपने कौशल पूर्ण खेल से नया इतिहास कर विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया है जो अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुलपति के मार्ग निर्देशन में महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. अशोक राय, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य, कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, डॉ. विनय सिंह, प्रो. प्रवीन सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ.सीमा पाण्डेय, डॉ. दुष्यंत सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. सतीश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. अयूब सिद्दीकी, शिव कुमार सिंह सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



# नवनिर्वाचित कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण का हुआ स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नाका स्थित मरी माता गन्दिर के पुजारी चंचल दास के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम रानू को मन्दिर मे माला व चुनरी पहना कर स्वागत किया।

स्वागत समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता प्रेम पांडे तथा संचालन डॉ विनोद गुप्ता ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम रानू ने अपनी नियुक्ति के लिए शीर्ष नेतृत्व और डॉक्टर निर्मल खत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कहा मेरा प्रयास महानगर में कांग्रेस पार्टी की मजबूत उपस्थित दर्ज करना रहेगा ।इसके लिए वार्ड स्तर पर कांग्रेस पार्टी का संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा शीघ्र ही महानगर की नई कमेटी गठित की जाएगी ,जिसमें सक्रिय कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी और पूरे महानगर को विभिन्न सेक्टर में बाट कर वार्डो से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा महानगर कांग्रेस कमेटी को महानगर की समस्याओं को मजबूती के साथ उठना होगा जिससे कि आम आदमी का कांग्रेस पार्टी के प्रति झुकाव बढ़े।

स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से प्रेम पान्डे, राकेश तिवारी, विनोद गुप्ता, अशोक राय रामकुमार, कल्लू मादव, अनिकेत, रामकरन कोरी ,अभिषेक, रमेश कुमार तिवारी, सुहेलअहमद आदि उपस्थित रहे।

# लाभर्थियों कृषकों को वितरित हुआ चेक



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक द्वारा ऋण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लाभार्थी कृषको को चेक वितरण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में सहायक आयुक्त सुनील गुप्ता ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में बैंक द्वारा विगत पांच वर्षो में सराहनीय कार्य किया गया है। जिसमें 1590 कृषको को 3917 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया हैं साथ ही 4513 लाख रूपये की वसूली की गई हैं। पुरे प्रदेश की रैकिंग में जनपद का स्थान 11 हैं। डीडीएम नाबार्ड कृष्ण कुमार ने कहा कि महराजगंज जनपद कि शाखाएं विभिन्न योजनाओं को संचालित कर कृषको को लाभन्वित कर सामग्र विकास की ओर अग्रसर है। शिविर में महाप्रबंधक अजय चौरसिया, नरेंद्र बहादुर सिंह, जितेंद्र कुमार, मिथलेश प्रताप सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कृषक मौजूद रहे।

# बच्चों ने पर्यावरण रैली निकाल की पेड़ लगाने की अपील

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के समीप पाराताजपुर में स्थित रामदेव महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पाराताजपुर परिसर में एक आम का पौधा लगाया और लोगों से पौधे लगाने की अपील की।पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके यादव ने बताया कि वृक्ष धरा की शान हैं, इन्हीं के बदौलत हम लोग सांस लेते हैं।

# रोज़ा ढाल है जहन्नुम से बचने के लिए: मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रमज़ान महीने का तीसरा अशरा और आखिरी सप्ताह चल रहा है। रोजेदारों के लिए शहर विभिन्न मोहल्लों में इफ्तार पार्टी का तथा तरावीह में कुरान पाक मुकम्मिल होने का सिलसिला बराबर जारी है। वजीर गंज मोहल्ला की शाही मस्जिद में हाफ़िज़ बासित ककरही बाजार मोहल्ला की लल्लन वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुस्सुब्हान और मस्जिद जिन्नूरैन में हाफिज सुब्हान बशीर और हाफ़िज़ अब्दुर्रहीम ने तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल किया। इस अवसर पर सामूहिक दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कारी इरफ़ान अहमद हलीमी ने रमजान के महीने की विशेषता बताते हुए कहा कि रमजान में ही कुरान नाजिल हुआ रमजान में शबे कद्र मिली जिसकी एक रात की इबादत हजार महीने की इबादत से बढ़ कर है रोज़े दारों के बारे में अल्लाह का फरमान है कि मेरे नेक बंदे सिर्फ मेरे लिए रोज़ा रखते हैं तो इस का ईनाम भी मैं ही दूंगा। कार्यक्रम को मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान बादशाह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रोज़ा ढाल है जहन्नुम से बचने के लिए।

मुफ्ती जिया उद्दीन कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि रोज़ा रखने से बहुत से फायदे हैं वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि रोज़ा रखने से जिगर, मेदा, आंतों और मीटाबुलिज्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है । कार्यक्रम को मौलाना अब्दुल मन्नान मौलाना सलमान मुफ्ती अफजाल मौलाना अहमद आरिफ हस्सान मौलाना मुजाहिद उल इस्लाम मोमिन मौलाना फखे आलम ने संबोधित किया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व हाजी मोहम्मद अनीस और फुरकान भाई ने माल्यार्पण कर और शाल ओढ़ाकर हुफ्फाज कराम और ओलमा ए कराम और सीनियर लोगों को सम्मानित किया।

# प्रदेश सहित महराजगंज का हुआ है चहुंमुखी विकासः डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित विकास उत्सव का मुख्य अतिथि डॉ दयाशंकर मिश्र ÷दयालु÷ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ विधायक पनियरा और विधायक सदर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले 8 साल और केंद्र में 10 साल बेमिसाल रहे हैं और इस दौरान देश एवं प्रदेश ने नए कीर्तिमान गढ़े हैं। इसमें महराजगंज जनपद को भी 2000 करोड़ से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें 700 करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ महराजगंज का भी चहुंमुखी विकास हो रहा है। 809.25 करोड़ की लागत से जनपद में 40.39 किलोमीटर लंबी महराजगंज निचलौल ठूठीबारी नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। घुघली-आनंदनगर-महाराजगंज रेलवे लाइन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जिससे जिला मुख्यालय रेलवे लाइन से जुड़ सकेगा। तहसील नौतनवा में 300 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण कराया जा रहा है, जो भविष्य में महाराजगंज में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नए सोपान सृजित करने का सशक्त माध्यम बनेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर परिवहन और सुरक्षा के दृष्टिगत 266.48 करोड़ की लागत से इंडो-नेपाल बॉर्डर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जनपद को बाढ़ से बचाने और बेहतर सिंचाई के साधन उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने 148.79 करोड़ की लागत से रोहिन नदी पर रोहिन बैराज का निर्माण कार्य कराया है।

# संयुक्त टीम ने कनमिसवा बॉर्डर से चार ट्राली गुड़ बरामद किया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (निचलौल)।** थानाक्षेत्र के भारत नेपाल के गांव कनमिसवा बार्डर पर मंगलवार शाम को पुलिस, राजस्व और एसएसबी की संयुक्त टीम मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। जिस दौरान टीम ने एक घर के पीछे नेपाल राष्ट्र भेजने के लिए छिपाकर रखी गई चार ट्रॉली गुड़ (जेरी) बरामद कर लिया। जबकि मौके से आरोपी भागने में सफल रहे। मामले में टीम बरामद ट्रॉली पर लदी गुड़ को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही टीम के इस कार्रवाई से गांव में करीब घंटो तक हड़कंप मचा रहा।भारत नेपाल बार्डर पर स्थित झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी निरीक्षक जयन्ताघोष के अनुसार उन्हे मुखबिर से सूचना मिली कि भारत नेपाल के कनमिसवा बार्डर स्थित पिलर संख्या 499/4 के पास एक घर के पीछे अवैध तरीके से ट्रॉली पर गुड़ छिपाकर रखी गई है। जिसे तस्कर नेपाल राष्ट्र भेजने के फिराक में है। उसके बाद उन्होंने उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए बहुआर पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना देते हुए मौके पर पहुंच छापा मारा। जिस दौरान मौके से चार ट्रॉली पर लदी अवैध गुड़ बरामद की गई। चारों ट्रॉली पर लदी गुड़ की गिनती करने पर 402 बोरी गुड़ मिली। जिसे कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। टीम में नायब तहसीलदार पियूष जायसवाल, लेखपाल मनीष पटेल, पथलहवा समवाय प्रभारी खैजमंग के साथ बहुआर पुलिस चौकी के उप निरीक्षक कपिल प्रजापति, सुशील सिंह, अंकित यादव, रविकांत उपाध्याय आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# मुस्तफाबाद बड़ागांव के प्रधान को किया गया सम्मानित

**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र के मुस्तफाबाद बड़ागांव ग्राम पंचायत के युवा प्रधान नदीम मलिक को, उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आए मंत्रियों प्रतिनिधियों ने अयोध्या स्थित बुधवार दोपहर राम कथा पार्क में स्वागत करते हुए उत्साह वर्धन किया। मिले सम्मान से गदगद प्रधान नदीम मलिक ने कहाकि केंद्र और प्रदेश सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत के धरातल पर पहुंचा जा रहा है। जिससे ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास की तर्ज पर सभी पात्रों को लाभ मिल रहा है। इस मौके पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खाद एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष बादल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कृष्णनगर में समाजवादी मोर्चा का ऐतिहासिक विरोध प्रधानमंत्री और ऊर्जा मंत्री के पुतले जलाए गए

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** कृष्णनगर नगर पालिका वार्ड नंबर 3 में समाजवादी मोर्चा की अगुवाई में ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से नेपाल बिजली प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग की गैरकानूनी बर्खास्तगी के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने इस फैसले को नेपाल की प्रगति और विकास के खिलाफ एक साजिश करार देते हुए प्रधानमंत्री और ऊर्जा मंत्री के पुतले जलाए, जिससे उनकी नाराजगी और गहरी असहमति का स्पष्ट इज़हार हुआ।

मौलाना मशहूद खां नेपाली, माओवादी केंद्र लुम्बिनी प्रदेश के वरिष्ठ नेता ने इस मौके पर कहा यह आंदोलन सिर्फ कुलमान घिसिंग के समर्थन में नहीं, बल्कि नेपाल के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए है। जब देश में 18 घंटे लोडशेडिंग हो रही थी, फैक्ट्रियां बंद हो रही थीं, व्यापार ठप हो चुका था, तब कुलमान घिसिंग ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से नेपाल को ऊर्जा संकट से बाहर निकाला। उन्होंने नेपाल को आत्मनिर्भर बना दिया, और आज उनकी बर्खास्तगी एक अनधिकार और अवैध कदम है। यह केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि समस्त नेपाली जनता का अपमान है। मौलाना मशहूद खां नेपाली ने कहा हमने जब नेपाल की 58 प्रतिशत जनता तक बिजली पहुंचाने की उम्मीद खो दी थी, तब कुलमान घिसिंग ने इसे 99 प्रतिशत तक पहुंचाया। हम पहले बिजली दूसरे देशों से लेते थे, लेकिन अब हम उन्हें बिजली सप्लाई करते हैं। उनका यह योगदान नेपाल के लिए अमूल्य है। इस बर्खास्तगी को हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे, और हम अपने संघर्ष को तब तक जारी रखेंगे जब तक न्याय नहीं मिलता। इंतखाब अहमद खान, अध्यक्ष एकीकृत समाजवादी कृष्णनगर ने कहा यह विरोध सिर्फ एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि नेपाल के हर नागरिक के अधिकारों की सुरक्षा का एक संकल्प है। कुलमान घिसिंग ने जो काम किया, वह समग्र राष्ट्र के लिए एक बेहतरीन उदाहरण है। हम इस फैसले के खिलाफ हैं और हम अपने संघर्ष को तब तक जारी रखेंगे जब तक सरकार इस गलत फैसले को पलट नहीं देती। इंतखाब अहमद खान ने आगे कहा नेपाल के नागरिक हमेशा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते आए हैं, और आज हम फिर से उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए एकजुट हैं। हम इस आंदोलन में अकेले नहीं हैं, बल्कि यह आंदोलन नेपाल के उज्जवल भविष्य के लिए है। जावेद आलम खान, अध्यक्ष माओवादी केंद्र कृष्णनगर ने कहा हम केवल सरकार के निर्णयों का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि हम यह चाहते हैं कि हर फैसला जनता के हित में हो। कुलमान घिसिंग ने नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र में जो सफलता प्राप्त की, वह न केवल काबिल-ए-तारीफ है, बल्कि उसे हर नेपाली नागरिक के लिए एक प्रेरणा माना जाता है। उनकी बर्खास्तगी एक ऐसी गलती है, जिससे नेपाल के लोग नुकसान उठाएंगे, और हम इस फैसले के खिलाफ एकजुट हैं। शाह नवाब, एकीकृत समाजवादी के नेता ने कहा हमारा आंदोलन केवल कुलमान घिसिंग के बचाव में नहीं, बल्कि हर नेपाली नागरिक के लिए है जो एक उज्जवल और प्रगति से भरा भविष्य चाहता है। कुलमान घिसिंग ने नेपाल को ऊर्जा संकट से बाहर निकालकर एक नई दिशा दिखाई। उनके योगदान में शामिल हैं **लोडशेडिंग का समापन**- नेपाल में 18 घंटे की लोडशेडिंग को समाप्त करना। **बिजली की आपूर्ति में वृद्धि**- नेपाल के 99 प्रतिशत नागरिकों तक बिजली की पहुंच सुनिश्चित करना। **आर्थिक सुधार**- NEA को घाटे से निकालकर लाभप्रद संस्थान बनाना। **ऊर्जा में आत्मनिर्भरता**- नेपाल को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर और निर्यातक देश बनाना। **हाइड्रोपावर और सोलर ऊर्जा परियोजनाएं**- नेपाल में बड़े पैमाने पर ऊर्जा के लिए परियोजनाओं की शुरुआत और सफलता।

**आगे का रास्ता और आंदोलन का संकल्प**

मौलाना मशहूद खां नेपाली ने अपने भाषण में कहा हम इस संघर्ष को तब तक जारी रखेंगे जब तक न्याय नहीं मिलता। यह आंदोलन सिर्फ एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे नेपाल के उज्जवल भविष्य के लिए है। हम अपनी आवाज उठाकर सरकार को यह संदेश देना चाहते हैं कि हम अपनी शक्ति से अधिक कुछ भी सहन नहीं करेंगे। इस आंदोलन में माओवादी केंद्र कपलस्तो के सदस्य तुफैल आलम खान, वाईसीएल के उपाध्यक्ष जुम्मन खान, फजल महमूद खां और कई अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल हुए, जिन्होंने इस संघर्ष को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी समर्थन का ऐलान किया। यह विरोध केवल एक शुरुआत है, जिसमें जनता ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार की गलत नीतियों को चुनौती दी। कुलमान घिसिंग के खिलाफ लिया गया निर्णय अब एक बड़ा सवाल बन चुका है, और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इस फैसले को पलट नहीं देती।

## लोहिया कला भवन में केन्द्र सरकार/प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लाभार्थियों एवं आम जनमानस को दिये जाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर की अध्यक्षता एवं मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, विधायक बांसी श्री जयप्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र सिंह, मा0 सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि रिंकू पाल, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में केन्द्र सरकार/प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी लाभार्थियों एवं आम जनमानस को दिये जाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि मा0 मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर को, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मा0 विधायक बांसी श्री जयप्रताप सिंह, मा0 विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र सिंह, मा0 सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि रिंकू पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मा0 मंत्री श्रम एवं सेवा योजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर द्वारा अन्य जनप्रतिनिधिगणों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि मा0 मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उ0प्र0 सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केन्द्रित लघु फिल्म को देखा गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जनपद में राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम के अन्तर्गत अप्रैल 2014 से फरवरी 2025 तक 40175 टी0बी0 रोगियों का उपचार किया गया है 32843 निक्षय मित्र बनाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद के 216 ग्राम पंचायतो को टी0बी0 फ्री घोषित किया गया है। अब तक 529445 लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाया गया है। जे0ई0/ए0ई0एस0 रोगों में मृत्युदर 02 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। भारत सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के 33 विद्यालय को पी0एम0श्री केन्द्रीय विद्यालय के रूप में चयन किया गया है जिसमें कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा, कृषि, उद्यान, एक जनपद एक उत्पाद, टूल किट वितरण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण आदि में काफी प्रगति की गयी है। जनप के अशोक मार्ग को इकोनामिक कारिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। जनपद में मछली उत्पादन अधिक हो रहा है जिसके लिए मछली मंडी का निर्माण कराकर बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद के 07 जलाशयों को इकोटूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर द्वारा मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मा0 विधायक बांसी श्री जयप्रताप सिंह, मा0 विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र, 05 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीएलएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 05 लाभार्थियों को आवास की चाभी, 10 लाभार्थियों को घरौनी, 05 लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि, 10 ग्राम प्रधानों को गंगा जल, 05 प्रगतिशील किसानों को सम्मान-पत्र, 05 उद्यमियों को सम्मान-पत्र, 10 टी0बी0 के मरीजों के परिवारों को पोषण पोटली, 10 निक्षय मित्रों को टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने पर सम्मान -पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 10 लाभार्थियों को 05 लाख का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) के 05 लाभार्थियों को लैपटाप, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित टूल किट वितरण योजना के 08 लाभार्थियों को दोना, पत्तल मेकिंग मशीन, स्वामी विवेकानन्द सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया।

## मुंबई से घर लौट रहे व्यक्ति का नहीं चल रहा पता, परिवार परेशान

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली लोटन क्षेत्र के ग्राम



पंचायत बडरहा टोला गुलरिहा निवासी झीनू पासवान पुत्र संतराम पासवान उम्र तीस वर्ष की मुंबई से घर आते समय गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। झीनू बाये पैर से दिव्यांग था जिसके कारण उसका भाई केतारू पासवान तेइस मार्च दिन रविवार को सुबह बांद्रा से अंतोदय एक्सप्रेस पर बैठा कर अपने कमरे पर चला गया। वह अस्वस्थ हो गया की मेरा भाई सोमवार शाम तक घर पहुँच जाएगा। परंतु ऐसा नहीं हुआ। जब वह सोमवार शाम को अपने भाई के पास कॉल किया तो फ़ोन बंद बता रहा था । घर पर उसकी माँ और भाई की पत्नी रहती हैं पिता का देहांत बहुत पहले ही हो चुका है। परिवार की चिंता बढ़ गई है। कहीं उसके साथ कुछ अनहोनी ना हो गई हो। उसके चचेरे भाई अनिरुद्ध ने आनन्दनगर व गोरखपुर जी आर पी में सिकायत दर्ज करायी है। यह जानकारी उसका भाई केतारू ने दी है। थाना प्रभारी राजेश गुप्ता ने कहा की हमे कोई भी गुमशुदगी की तहरीर अभी नहीं मिली है।

## अनिल राजभर ने निर्मित स्व. अटल विहारी वाजपेयी खेल मैदान का उद्घाटन किया गया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर द्वारा मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा श्री कन्हैया पासवान, मा0 सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि रिंकू पाल, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बर्डपुर न0 4 में धनराशि रू0 38.47 लाख की लागत से निर्मित स्व0 अटल विहारी वाजपेयी खेल मैदान का उद्घाटन किया गया। खेल मैदान में चेन्जिग रूम, दर्शक दीर्घा, ध्यान केन्द्र, ओपन जिम, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल, बेंच, लाइट, पेन्टिंग/चित्रकारी आदि का कार्य कराया गया है। मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर ने कहा कि इस मिनी स्टेडियम से किसान भाईयों के बच्चे खेल का प्रैक्टिस कर सकते हैं। प्रैक्टिस करके जिले का व देश का नाम रोशन करेंगे। इसके साथ ही साथ भारत सरकार/प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील है। मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही ने कहा कि भारत सरकार /प्रदेश सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाने का कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर जनपद स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर व ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरे होने पर पुलिस के सराहनीय कार्यों की आयोजित हुई प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अम्बेडकरनगर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज सिद्दरपुर अलीगंज ऑडिटोरिएम हॉल में अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा किये गये महत्वपूर्ण सराहनीय कार्यों की प्रदर्शनी छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया तथा कलेक्ट्रेट परिसर मे आयोजित प्रदर्शनी में आमजन को साइबर जागरूकता, मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे स्कूलों और कॉलेज की छात्राओं / महिलाओं को जागरूक किया गया साथ ही अमजन को अम्बेडकरनगर पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। इस क्रम में जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य जैसे- यातायात शाखा, साइबर शाखा, महिला मिशन शक्ति व वूमेन पावर लाइन 1090, फिल्ड यूनिट, फायर सर्विस, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 द्वारा अपने-अपने शाखाओं से संबंधित कार्यो एवं नए कानून के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा पोस्टर, बुकलेट व अम्बेडकरनगर पुलिस के समस्त शाखाओं द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र यादव मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र), खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश, प्रभारी मंत्री अम्बेडकरनगर, जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार व जनपद के अन्य अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जल्द ही जिला सहकारी बैंक कृषि के अलावा घर, वाहन संबंधी ऋण भी दिया जाएगा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** साधन सहकारी समितियों पर इसी वित्तीय वर्ष में माइक्रो एटीएम लगाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जहां से किसान किसी भी बैंक के एटीएम से धनराशि की निकासी कर सकेंगे। चेयरमैन ने बताया कि जल्द ही जिला सहकारी बैंक कृषि के अलावा घर, वाहन संबंधी ऋण भी दिया जाएगा। उपरोक्त बातें जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने कही। वह बुधवार को जिला सहकारी बैंक कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि आने वाले समय में सभी समितियों पर दुग्ध समिति का गठन किया जाएगा। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर दूध का कलक्शन प्वाइंट होगा। इसको बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को जिला सहकारी बैंक से ऋण भी मुहैय्या कराने की योजना है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि सहकारिता वर्ष 2025 के तहत ब्लाक स्तरीय सहकारिता चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं का निदान ही नहीं, उनसे बेहतरी के लिए सुझाव भी मांगे जाएंगे। चौपाल में इफ्को के विविध उर्वरकों के लाभ से अवगत कराया जाएगा। अभी तक खेतों में उर्वरक छिड़कांव के लिए जिले में पांच ड्रोन उपलब्ध है। भविष्य में 10 ड्रोन और मिल जाएंगे। जिससे प्रत्येक ब्लाक पर एक-एक ड्रोन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सीजन में खाद की किल्लत से जूझने वाले समितियों को उबारने के साथ ही किसानों को सहुलियत देने के लिए पहले 10 लाख की क्रेडिट लिमिट हुआ करती थी, भविष्य में मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक अब 15-15 लाख रूपये क्रेडिट लिमिट हो जाएगी। जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में कर्मचारियों की घोर कमी के कारण 18 में से सिर्फ छह शाखाएं ही संचालित हैं। कर्मचारियों की तैनाती के लिए मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक कदम उठाए जाने का आश्वासन मिला है। चेयरमैन ने बताया कि आने वाले समय में सभी ब्लाक क्षेत्र में नई आबादी वाले चौराहों, कस्बों में जिला सहकारी बैंक की नई शाखा खोलने की योजना है।

## पूर्व जिला पंचायत विंध्याचल सिंह नहीं रहे

**जलालपुर अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** कई बार जिलापंचायत रहे ब्लाक प्रमुख भियांव के पिता व मशहूर ठेकरदार विंध्याचल सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन होगया। दुलहूपुर निवासी 70 वर्षीय विंध्याचल सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जिनका बुधवार को चहोड़ा घाट पर सैकड़ो सियासी व सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव के प्रधान से लेकर जिलापंचायत तक लंबे राजनैतिक सफर के बीच विंध्याचल सिंह अपनी सरलता के कारण काफी लोकप्रिय रहे। महात्मा गोविंद साहब इंटर कालेज के प्रबन्धक रहे स्व. विंध्याचल सिंह बीते एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। बुधवार को लखनऊ इलाज से वापसी के बाद उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांसे ली। जिन के निधन की खबर सुनते ही उन के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। विंध्याचल सिंह अपने पीछे तीन पुत्रियां व एक पुत्र समेत पत्नी बहु व दो पौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।पूर्व मंत्री रामलखन वर्मा के करीबी माने जाने वाले विंध्याचल सिंह समाजवादी राजनीति से लंबे समय तक जुड़े रहे। अपने जीवन काल में अपनी राजनीतिक रसूख का लोहा उन्होंने उस समय मनवाया जब उन्होंने अपने इकलौते पुत्र गौरव सिंह को निर्विरोध ब्लाक भियांव का प्रमुख बनवाया और अपनी राजनैतिक विरासत अपने पुत्र को सौंप दी। सियासत के अलावा स्व.सिंह का शुमार जिले के बड़े ठेकेदारों में होता था। उन के निधन पर पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा, भाजपा नेता मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक सुभाष राय, जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव, धर्मेंद्र यादव,रिंकू उपाध्याय समेत तमाम लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## बस्ती में नाबालिग की मौत से हड़कंप : परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, एसपी और जिलाधिकारी से मांगा न्याय

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** प्रदेश के बस्ती जिले में एक नाबालिग की संदिग्ध मौत ने पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) बस्ती और जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का आरोप है कि मामूली विवाद के चलते पुलिस ने उनके बेटे को घर से उठा लिया और थाने में उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस मामले में परिजनों ने थानाध्यक्ष दुबौलिया सहित दो सिपाहियों पर मारपीट और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना की शुरुआत 24 मार्च को हुई, जब दुबौलिया थाना क्षेत्र की पुलिस ने उनके नाबालिग बेटे को घर से उठा लिया। परिजनों के मुताबिक, पुलिस ने थाने में पहले बेटे के साथ मारपीट की और फिर एक सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करवाए। इसके बाद 25 मार्च को मृतक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे छोड़ने के लिए पुलिस ने 5 हजार रुपये की मांग की। परिजनों का कहना है कि पैसे देने से इनकार करने पर पुलिस ने उनके बेटे को और प्रताड़ित किया। बाद में मृतक की मां को थाने बुलाकर उसे घर भेज दिया गया। घर पहुंचने पर नाबालिग बेटे की हालत बिगड़ने लगी और वह खून की उल्टी करने लगा। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरैया लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि पुलिस की पिटाई ही उनके बेटे की मौत का कारण बनी। न्याय की मांग को लेकर पीड़ित परिजन स्थानीय भाजपा नेता चंद्र मणि पांडेय के साथ जिलाधिकारी बस्ती के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक और बाल कल्याण अधिकारी से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। शिकायती पत्र में परिजनों ने थानाध्यक्ष दुबौलिया और दो सिपाहियों पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विधिक कार्रवाई की मांग उठाई है। नाबालिग की मौत की खबर फैलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने उनके बेटे को 24 घंटे से अधिक समय तक थाने में रखा और उसकी हालत बिगड़ने के बाद उसे घर छोड़कर भाग गए।

## थाने से घर पहुंचे नाबालिक की मौत से तेज़ हुई सियासत पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री राज किशोर सिंह

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस की



हिरासत से घर पहुंचे 17 वर्षीय बालक की मौत का मामला सामने आया है। बालक के परिसरों ने थाना प्रभारी दुबौलिया और कुछ पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए, उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामले की जानकारी आते ही दो दोषी पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है, पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया गया है कि मामले की जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव के आदर्श उपाध्याय को सोमवार के दिन एक झगड़े के मामले में पुलिस थाने पर लेकर गई थाने पर लेकर गई और मंगलवार की शाम को उसे छोड़ दिया। आदर्श घर पहुंचा तो उसे दो बार खून की उल्टी हुई, आनन फानन में परिजन उसे एंबुलेंस के द्वारा लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया लेकर गए, जहां से स्थिति गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में ले जाते समय ही उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाया है कि आदर्श को पुलिस द्वारा इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र त्रिपाठी ने नहीं बताया कि प्रथम दृष्टया लड़के के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट कोई निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दूसरों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस घटना ने देर रात पूरे जिले का माहौल गर्म कर दिया, एक तरफ जहां दुबौलिया थाना प्रभारी की आलोचना से सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म भर गए तो दूसरी तरफ राजनीतिक गलियां में भी सक्रियता बढ़ गई।

## सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान छात्रा की मौत जैतपुर थाना क्षेत्र दौलताबाद निवासी बुधिराम गौड़ ने थाने पर शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 19 मार्च को मेरी पुत्री रूपा उम्र 23 वर्ष विजय नगर बाजार से अपनी साइकिल से घर वापस आ रही थीं जैतपुर थाना मोड़ के पास पहुंची थी तभी जलालपुर से रामगढ़ की तरफ जा रही वैगनार वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की मदद से सीएससी नगपुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया स्थिति नाजुक स्थिति देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया आराम न होने पर जनपद आजमगढ़ के फूलपुर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार की सुबह उसकी मृत्यु हो गई। मृतिका रूपा तीन बहने और एक भाई है रूपा की बड़ी बहन रेखा की शादी हो गई है जो अपने ससुराल रहती है, जबकि छोटी बहन रानी बीए में पढ़ रही है और पिता बुधिराम खेती किसानी करते हैं।

## हीथ्रो हवाई अड्डा

लन्दन का हीथ्रो हवाई अड्डा 21 मार्च को बिजली कट जाने से बन्द रहा हीथ्रो अड्डा दुनियां के अति विकसित हवाई अड्डों में से एक है। यहां इस तरह की घटना आश्चर्य पैदा करती है। क्योकि ऐसी घटनायें गरीब और विकासशील मुल्कों के हवाई अड्डो में होती रहती है। इसका असर दुनियां के दूसरे हवाई अड्डो पर पड़ा। भारत भी इससे प्रभावित रहा। हीथ्रो से रोज 2.20 लाख से ज्यादा यात्री सफर करते है। यहां से दुनियां की 230 जगहों के लिये उड़ाने होती है। अड्डें के पास के बिजली में आग लगने से हिथ्रो अड्डे के पास के बिजली में आग लगने से हिथ्रो अड्डे को बिजली मिलती है वहीं आग लगने से यह घटना हुई।

ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी षड़यन्त्र की आशंका नही है किसी का हाथ होने की भी आशंका नही है। एहतियात के लिये आतंकवाद विरोधी दस्ता मामले की जांच में लगा हुआ है। क्योकि ब्रिटिश के अहम इनफ्रास्ट्रक्चर पर इस घटना का असर पड़ा है। इस घटना से अड्डे के आस पास के रिहाइशी बस्तियों और बिजनेस केन्द्रों पर भी असर पड़ा है। 1351 उड़ानों पर इसका असर पड़ा। मजबूरन इनमें से कुछ को लन्दन के गैटविक हवाई अड्डे पेरिस एम्सटईम की ओर भेजा गया। इस व्यवस्था के बावजूद भी यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। अनुमान है हवाई अड्डे के बन्द होने से करीब तीन लाख लोग प्रभावित रहे। आने वाले दिनों में भी इससे ज्याद लोग प्रभावित होगे। क्योकि पूरी तरह सुधारने के कुछ अधिक समय लग सकता है।


सवाल उठता है जिस बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द की गई या री शेडयूल की गई उससे इतनी बड़ी संख्या में फंसे लोगो की परेशानियां दूर करने में हवाई अड्डा सक्षम है। इस तरह की घटनाओं को गरीब देशों में होते रहने से पश्चिमी और अमीर देश गरीब देशों को हिकारत की नज़र से देखते है वे अब हिथ्रो की घटना को लेकर क्या कहेगी। यह भी प्रश्न कौघता है क्या ऐसी घटनाओं या दुर्घटना के यिले हिथ्रो हवाई अड्डा में कोई प्रबन्धन नही है। प्रबन्धन के लिये कोई उपाय क्यों नहीं किये गये।

वर्तमान में भारत जैसे दूसरे देशों में बेहतर इनफ्राष्ट्रक्चर विकसित हो रहा है, हवाई अड्डो की संख्या भी बढ़ रही है। चीन इस मामले में दुनियां के सर्वश्रेष्ट देशों में शामिल है। चीन के मुकाबले पश्चिम के अतिविकसित देशों का इफ्रास्ट्रक्ककमतर देखा जा रहा है, समय समय पर साबित होता रहता है।

सभी देशो को अपने अपने हवाई अड्डों पर सुरक्षा का बेहतर से बेहतर इन्तजाम बनाये रखना चाहिये। आग लगने पर पानी लाने का काम नही करना चाहिये। हिथ्रो दुर्घटना ने सुरक्षा के लिये प्रबन्धन के लिये कई सवाल खड़े कर दिया जिसका सटीक, प्रभावी और तुरन्त हल निकाले जाने की जरूरत हवाई कम्पनियां समय समय पर मनमाने ढग से बेतहाश हवाई किराया बढ़ती रहती है। हवाई जहाज़ के अन्दर भी यात्रियों की सुविधाओं और उनकी आकस्मिक घटनाओं के निपटने के लिये कोई मुस्तैद प्रबन्धन नहीं दिखता है जिसकी वजह से यात्रियों की आकस्मिक मुत्यु हो जाती है। एयर स्टाफ और होस्टेसें भी केवल खानापूर्ति करती है। कुछ शराबी यात्री आकस्मिक दुर्घटनाये पैदा करते रहते है। किराया बढ़ाने में जो जोश दिखाया जाता है वही जोश यात्रियों के लिये सुविधा बढाने में क्यों नहीं दिखाता। सरकार और कोर्ट को आकस्मिक किराया बढाये जाने पर ध्यान देकर यात्रियों को राहत दिलाना चाहिये। रेलवे तो इस तरह किराया नहीं बढाता है। डग्गामार वाहन इस तरह का किराया बढाया करते है।

## सभी राज्य सरकारों को अपने सिविल सेवा आचरण नियमों में तत्काल संशोधन करना समय की मांग

वैश्विक स्तरपर करीब क़रीब हर देश के नागरिकों में यह भाव होता है कि वह अपने देश की सेवा के रूप में सरकारी नौकरी करें, स्वाभाविक रूप से हम जानते हैं कि व प्रैक्टिकल देखते भी हैं कि एक चपरासी से लेकर बड़े-बड़े अधिकारियों को अपने पद का कितना रुतबा मिलता है वे अपने पद व रुतबे के आगे अपना आचरण, व्यवहार देशसेवा जनता के सेवक इत्यादि अनेक कर्तव्य व जिम्मेदारियां भूल जाते हैं, हालांकि मेरा इशारा सभी पर नहीं बल्कि ऐसे कर्मचारियों पर है जो अपने पद व रुतबे से अपने आप को सरकार का दामाद समझने लगते हैं। वैसे भी सरकारी कर्मचारियों को सरकारी दामाद ही कहा जाता है। मैंने अपने वकालत के करियर में जीवन में अनेकों ऑफिसों में देखा है कि सरकारी अधिकारी पद का रुतबा दिखाते हैं। बात केवल यही तक सीमित नहीं आजकल सोशल मीडिया युग में अपने पद का रुतबा मीडिया पोस्ट में भीरील्स या कोई मैसेज या कमेंट कर अपने पद का रुतबा व पहचान दिख़ाने में आगे रहते हैं ताकि लोग उनको ध्यान से सुनें या अपने दबाव तंत्र को महत्व दिलाते हैं, शायद इन्हीं खामियों के कारण जम्मू कश्मीर व गुजरात सरकारों ने पहले ही अपने सिविल सेवा आचरण नियम संशोधित कर सख्त कर दिए हैं। अब महाराष्ट्र सरकार ने भी दिनांक 19 मार्च 2025 को विधानसभा सत्र में घोषणा कर दी है कि तीन माह के अंदर महाराष्ट्र सिविल सेवा आचरण नियम 1979 को संशोधित कर ऐसे सख्त बनाए जाएगें, क्योंकि 1979 में सोशल मीडिया नहीं थी इसलिए उस समय के आचरण से यह नियम ठीक लगते थे, परंतु अभी डिजिटल दुनियाँ में इस ऐसे संशोधिन कर सख्त नियम बनाए जाएं, मेरा ऐसा मानना है कि अब समय आ गया है कि हर राज्य ने अपने राज्यों के सिविल सेवा आचरण नियमों को अति सख्त करने की जरूरत है, ताकि हर समय कर्मचारी अधिकारी अपने को सरकारी दामाद समझाने के बजाय जनता का सेवक समझे, हर जगह अपने पद का रुतबा नहीं बल्कि नम्र व नीवाँ होकर जनता का सेवक चा कर समझकर जनता की सेवा करें तो यह पृथ्वी किसी स्वर्ग से काम नहीं होगी। चूँकि महाराष्ट्र सरकार ने तीन माह में संशोधन का प्रण लिया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सभी राज्यों को अपने सिविल सेवा आचरण नियमों में तात्कालिक संशोधन करना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र में सिविल सेवा आचरण नियम 2025 लागू करने की करें तो, सरकारी पद मिलते ही कुछ लोग देश सेवा कम और कैमरा प्रेम ज़्यादा करने लगते हैं. कभी कुर्सी पर बैठकर स्लो मोशन एंट्री, तो कभी हथियार के साथ डायलॉगबाज़ी, अब ये सब आम बात हो गई है. सैलरी सरकारी है, लेकिन शौक पूरे फुल-टाइम रील स्टार वाले. ऐसे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर महाराष्ट्र सरकार अब सख्त प्रतिबंध लगाने वाली है,इसके लिए सरकार सिविल सेवा आचरण नियम 1979 में संशोधन कर नए नियम लागू करेगी, ताकि सरकारी कर्मचारियों के सोशल मीडिया उपयोग को नियंत्रित किया जा सके।महाराष्ट्र के सीएम ने बुधवार, 19 मार्च को विधानसभा में इस बारे में एलान किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सिविल सेवा आचरण नियम 1979 में संशोधन कर नए नियम लागू किए जाएंगे, इससे सरकारी कर्मचारियों के सोशल मीडिया उपयोग को नियंत्रित किया जा सकेगा।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही एक सरकारी निर्णय (जीआर) जारी किया जाएगा। उन्होंने उन अधिकारियों को भी फटकार लगाई जो सरकार विरोधी समूहों में सक्रिय रहते हैं।सरकारी नीतियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। दो सदस्यों ने विधान परिषद में अधिकारियों के सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने का मुद्दा उठाया था, उन्होंने कहा कि अधिकारी रील बनाकर यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि पूरा सिस्टम वही चला रहे हैं। पुलिस अधिकारी 'सिंघम' जैसी फिल्मों से प्रेरित होकर रील बना रहे हैं।



किशन भावनानी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है।**

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।



ललित गर्ग

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है?

दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी।



गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है। कभी उसने संविधान संशोधन की बात की, तो कभी आरक्षण का विरोध किया, तो कभी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास भी किए।

# वक्फ संशोधन विधेयक एक सामाजिक सुधार न कि धार्मिक विवाद

बंदिनी कुमारी

**वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही को सुव्यवस्थित और सुनिश्चित करना है। चूंकि धर्म अक्सर मुद्दे की योग्यता की जाँच किए बिना लोगों के बीच भावनाओं को सामने लाता है। इसलिए यह स्पष्ट करना महत्त्वपूर्ण है कि वक्फ संशोधन एक धार्मिक संघर्ष नहीं है. बल्कि भ्रष्टाचार से निपटने और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक आवश्यक सामाजिक सुधार है। पवित्र कुरान में वक्फ की अवधारणा का इस्लामी शरिया में कोई विशेष उल्लेख नहीं है। इसके बजाय, कुरान विशेष रूप से वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाओं का नाम लिए बिना दान और उदारता के कार्यों पर जोर देता है।**

वर्तमान समय में वक्फ़ संशोधन अधिनियम को लेकर भारतीय राजनीति और मुस्लिम समुदाय किया प्रतिक्रिया के दौर से गुज़र रहे हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारत के समक्ष ये चुनौतियां है कि देश के भीतर मोजूद आर्थिक और भू: परिसंपत्तियों के मालिकाना हक, उनके ख़रीद फरोख्त लीज के विधान इत्यादि से संबंधित प्रक्रियाएँ पारदर्शी हों और यदि इनमें किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद हो तो संविधान सम्मत तरीके से क़ानून बनाकर या कानूनों में संशोधन करके उसका निपटारा किया जाय लेकिन ये मुद्दे तब जटिल हो जाते है जब इन विषयों के साथ धार्मिक आकांक्षाएँ जुड़ जाती है। गौर तलब है कि वक़्फ़ एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ होता हे खुदा के नाम पर अर्पित वस्तु / संपत्ति, चाहे वह चल हो या अचल, मूर्त या अमूर्त खुदा को इस आधार पर दान करना ताकि अंतरण से जरूरतमंदों को लाभ हो सके। वक्फ से होने वाली आय आमतौर पर शैक्षणिक संस्थानों, कब्रिस्तानों, मस्जिदों और आश्रय गृहों को निधि देती है। भारत में वक्फ को वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा विनियमित किया जाता है। जल्द ही संसद में वक्फ बोर्ड के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करने के लिये वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया जायेगा। ये संशोधन विधेयक वक्फ बोर्ड की अनियंत्रित शक्ति को कम करने के लिये वक्फ अधिनियम, 1995 के कुछ प्रावधानों को हटाने का प्रयास कर रहा है, जो वर्तमान में उन्हें आवश्यक जाँच के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की अनुमति देता है।

दिलचस्प बात यह है कि संशोधनों का गहन विश्लेषण बताता है कि इन परिवर्तनों का उद्देश्य किसी धार्मिक समुदाय को लक्षित करना नहीं है, बल्कि वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही को सुव्यवस्थित और सुनिश्चित करना है। चूंकि धर्म अक्सर मुद्दे की योग्यता की जाँच किए बिना लोगों के बीच भावनाओं को सामने लाता है। इसलिए यह स्पष्ट करना महत्त्वपूर्ण है कि वक्फ संशोधन एक धार्मिक संघर्ष नहीं है. बल्कि भ्रष्टाचार से निपटने और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक आवश्यक सामाजिक सुधार है।

पवित्र कुरान में वक्फ की अवधारणा का इस्लामी शरिया में कोई विशेष उल्लेख नहीं है। इसके बजाय, कुरान विशेष रूप से वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाओं का नाम लिए बिना दान और उदारता के कार्यों पर जोर देता है। कुरान की कई आयतें दान देने के महत्व पर जोर देती हैं, लेकिन संस्था के रूप में वक्फ की स्थापना का कोई संदर्भ नहीं देती हैं। उदाहरण के लिए जब तक आप अपनी प्रिय चीज़ों में से कुछ दान नहीं करते तब तक आप कभी भी धार्मिकता प्राप्त नहीं कर सकते। और जो कुछ भी आप देते हैं, वह निश्चित रूप से अल्लाह को अच्छी तरह से पता है। (सूरह अली इमरानः 92), जो लोग अल्लाह के मार्ग में अपना धन खर्च करते हैं और अपने दान के बाद अपनी उदारता या आहत करने वाले शब्दों की याद नहीं दिलाते उन्हें अपने रब से इसका प्रतिफल मिलेगा। (सूरह अल-बक़राः 262) आयतों की गहरी समझ से यह स्पष्ट होता है। है कि एक प्रशासनिक संस्था के रूप में वक्फ सदियों में विकसित हुआ और इसे ईश्वरीय आदेश के बजाय सांस्कृतिक और सामाजिक प्रथाओं द्वारा अधिक आकार दिया गया। वक्फ संशोधन विधेयक पर पूरी तरह से धार्मिक लेस लगाना भ्रामक और प्रतिकूल दोनों है। इसके अतिरिक्त, हनफी न्यायशास्त्र के तहत जिसका अधिकांश भारतीय मुसलमान मुसलमान पालन करते हैं, मुतवल्ली (वक्फ प्रशासक) के लिए मुस्लिम होना अनिवार्य नहीं है। प्रसिद्ध इस्लामी मदरसा दारुल उलूम देवबंद ने अपने फतवा नंबर 34944 में स्पष्ट रूप से कहा है कि वक्फ मामलों में पारंगत, ईमानदार और सक्षम व्यक्ति वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन कर सकता है, चाहे उनका धार्मिक जुड़ाव कुछ भी हो। यह दृष्टिकोण वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के विरोध के आधार को समाप्त करता है। मुतवल्ली की भूमिका मूल रूप से प्रशासनिक होती है, जो यह सुनिश्चित करता है कि संसाधनों का कुशलतापूर्वक और निष्पक्ष रूप से उपयोग किया जाए ऐसा कार्य जिसके लिए किसी धार्मिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है।




सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य मौजूदा ववारु अधिनियम में संरचनात्मक खामियों को दूर करना है, जैसे किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले गहन और पारदर्शी सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित करके करके संपत्तियों का सत्यापन करना, निष्पक्ष सुनवाई और समाधान सुनिश्चित करने के लिए विवादित संपत्तियों में न्यायिक हस्तक्षेप की अनुमति देकर न्याधिक निगरानी के माध्यम से महिलाओं और विविध पृष्ठभूमियों के व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से शामिल करने सहित बोड़ों में प्रतिनिधित्व बढ़ाकर वक्फ बोर्डों का पुनर्गठन करना और सत्ता के दुरुपयोग से बचने के लिए वक्फ बोर्डों को अनियंत्रित अधिकार प्रदान करने वाले कुछ खंडों को निरस्त करके मनमानी शक्तियों पर अंकुश लगाना। वक्फ संशोधन विधेयक को धार्मिक विवाद के रूप में प्रस्तुत करना न केवल जवाबदेही के मूल मुद्दे को पटरी से उतारता है बल्कि अनावश्यक सांप्रदायिक दरार भी पैदा करता है।

वक़्फ़ संशोधन अधिनियम और इन जैसे तमाम मुद्दे जिनका जुहाव अल्पसंख्यक नृजातीय एवं धार्मिक समूह की आकांक्षाओं से हे वे अवसर भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र के समक्ष चुनौती पेश करते है क्योंकि संवैधानिक लोकतंत्र होने के नाते ये मुल्क की सामूहिक जिम्मेदारी है कि अत्यसंख्यकों को मिले वैधानिक अधिकारों और आकांक्षाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाय। लेकिन इन सबके बीच यह भी देखना होगा कि धार्मिक मौलिक अधिकारों की आड़ में निहित स्वार्थी कट्टरपंथी समूह अपने कुत्सित एजेंडे को तो आगे नहीं बढ़ा रहे। जहाँ तक वक्फ अधिनियम में संशोधन का सवाल है तो ऊपर के विश्लेषण से पह विदित है कि मुस्लिम समाज के किसी भी पवित्र ग्रंथ में इससे संबंधित किसी भी प्रकार के प्रमाण नहीं मिलते। वक़्फ़ जैसी संस्था सेक्युलर हे और इसका मुस्लिम समाज से सीधा कोई संबंध नहीं है। मुल्क के अलग अलग हिस्सों से वक्फ बोर्ड से जुड़ी लगातार आ रही भ्रष्टाचार कदाचार अतिक्रमण और अपारदर्शिता की घटनाएँ यह माँग करती है कि बदलते समय के अनुसार युक्तियुक्त बदलाव इस संस्था के वैधानिक स्वरूप में आना चाहिए।

# रेल विकास : एक पहलू यह भी

**रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरक़रार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत,राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हक़ीक़त तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्तचलने वाली दूसरी लगभग तीन हज़ार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है।**

भारतीय रेल विकास के नित्य नये अध्याय लिख रहा है। अनेक तीव्रगामी ट्रेन संचालित की जा रही हैं। मुंबई-अहमदाबाद के मध्य तो हाई स्पीड रेल/ बुलेट ट्रेन चलने की योजना है। दिसंबर 2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है। इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है। अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी हैं। इसके अतिरिक्त नमो भारत रैपिड रेल जिसे पहले वंदे भारत मेट्रो के नाम से जाना जाता था वह भी अहमदाबाद और भुज के बीच पहले से ही चल रही थी,अब दिल्ली, ग़ाज़ियाबाद व मेरठ के बीच लगभग 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसी तरह अनेक रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। अनेक प्रमुख रेल स्टेशन पर एस्केलेटर / स्वचालित सीढ़ियां लगाई गयी हैं। अनेक रेल स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिये लिफ़्ट लगाई गयी हैं। भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर नए प्लेटफ़ॉर्म बनाये गए हैं। उधर रेल परिवहन क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति हुई है जिसके तहत भारत के समर्पित मालवाहक गलियारे (डीएफसी) पर विशेष रेलवे ट्रैक निर्मित किये गए हैं। यह ट्रैक केवल माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किये गए हैं जिनका मक़सद माल ढुलाई की क्षमता और गति को बढ़ाना,माल परिवहन की दक्षता और गति में सुधार करना, मौजूदा रेल नेटवर्क पर ट्रेन की संख्या को कम करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।



निर्मल रानी

परन्तु इन सब के बावजूद रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरक़रार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत,राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हक़ीक़त तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्त चलने वाली दूसरी लगभग तीन हज़ार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है। और इन ट्रेन्स में यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या तो बर्थ व सीट की उपलब्धता की ही है। लंबी दूरी की गाड़ियों में सामान्य कोच की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। न केवल यात्री लटक कर या दरवाज़ों पर खड़े होकर यात्रा करते हैं बल्कि कभी कभी तो यह यात्री शौचालय में घुसकर उसे भीतर से बंद कर अपनी यात्रा पूरी करते हैं। जिससे ट्रेन के अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। और जब यही भीड़ अनियंत्रित होती ही तो स्लीपर क्लास से लेकर ए सी कोच तक में अनिधकृत रूप से घुस जाती है। ज़्यादा भीड़ देखकर टिकट निरीक्षक भी उन्हें उतारने के बजाये यात्रियों से सुविधा शुल्क लेकर उनकी अवैध यात्रा की अनदेखी कर देते हैं। परिणामस्वरूप आरक्षित यात्रियों व उनके सामन की सुरक्षा तो ख़तरे में पड़ती ही है साथ ही उन्हें वाशरूम तक पहुँचने व उसे इस्तेमाल करने में भी परेशानी होती है।



दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र व दक्षिणी राज्यों से बिहार बंगाल की तरफ़ जाने वाली गाड़ियों में एसी श्रेणी में उपलब्ध कराये जाने वाले कंबल व चादरों की तो दशा ही मत पूछिए। बहुत सौभाग्यशाली होता होगा वह यात्री जिसे धुली हुई चादर नसीब हो जाती हो। अन्यथा पूर्व के यात्रियों द्वारा प्रयुक्त चादरें ही तह कर और वेंडर के ख़ाकी लिफ़ाफ़े में पैक कर उसपर टेप लगाकर पुनः दूसरे यात्रियों को दे दी जाती हैं और कंबल का तो हाल ही मत पूछिए। यह बदबूदार गंदे कंबल तो शायद कभी धोये ही नहीं जाते। देर रात जब बेडिंग आपूर्ति करने वाले स्टाफ़ को नींद आती है तो यही चादरें और कंबल जो बाद में यात्रियों को भी दिए जाने हैं उन्हें गंदी फ़र्श पर बिछा कर सो जाते हैं। और सोने में सुहागा यह की उन्हीं कोनों में लोगों ने पान खाकर भी थूका होता है जहाँ वे चादर कंबल बिछा कर सो रहे होते हैं। निश्चित रूप से इस तरह के कंबलों व चादरों का यात्रियों को आवंटित किया जाना यात्रियों के आराम व सुविधा देने से अधिक बीमारियों व संक्रमण को न्यौता ज़रूर देता है। रेल मंत्रालय को इस दुर्व्यवस्था से सख़्ती से निपटने की ज़रुरत है।

मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में प्रायः हिजड़ों व महिलाओं के गैंग यहां तक कि सजी धजी सुन्दर लड़कियों के गिरोह सक्रिय रहते हैं। यह यात्रियों से पैसों की उगाही करते हैं। यदि कोई यात्री पैसे नहीं देता तो यह उन्हें अपमानित करने में भी नहीं हिचकिचाते। यदि कोई इज़्ज़तदार व्यक्ति किसी मजबूरीवश निर्धारित टिकट लेकर ट्रेन यात्रा न कर सके या बेटिकट हो अथवा सामान्य टिकट लेकर जल्दबाज़ी में ए सी कोच में सवार हो जाये तो टिकट निरीक्षक उससे तो बड़े अपराधी की तरह पेश आता है। परन्तु यदि इसतरह के भिखारी हिजड़े या औरतें ट्रेन में मांगते फिरें और यात्रियों के सामन की सुरक्षा के लिये चिंता पैदा करें तो यही टिकट निरीक्षक ऐसे पेशेवर लोगों को कुछ नहीं कहता। गोया इन्हें रेल विभाग की तरफ़ से ट्रेन में फ़्री यात्रा करने व यात्रियों से पैसे ऐंठने का लाइसेंस हासिल हो? और दूसरी महत्वपूर्ण समस्या खानपान की स्तरीय आपूर्ति की है। चाहे वह चलती गाड़ी के कोच में यात्रियों को उपलब्ध कराया जाने वाला चाय,नाश्ता खाना हो या फिर रेलवे प्लेटफ़ॉर्म पर बिकने वाली खाने पीने की वस्तुयें किसी का भी कोई स्टैण्डर्ड नहीं है। कभी भी आपको कोई यात्री ऐसा नहीं मिलेगा जो रेल में आपूर्ति की जाने वाली चाय पान खाना आदि की तारीफ़ करता नज़र आ जाये। परन्तु लंबे सफ़र में मजबूर भूखा प्यासा यात्री बार बार ऐसी अवांछित वस्तुओं को ख़रीदने के लिये मजबूर रहता है। ऐसे भी कई वीडीओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें इसतरह के खाद्य वस्तुओं के तैयार होने की हक़ीक़त दिखाई जा चुकी है। यानी आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार को पैसे कमाने के सिवा यात्रियों के स्वास्थ्य या स्वाद की कोई फ़िक्र नहीं रहती। ज़रा सोचिये कि जब मुझ जैसा आम यात्री रेल के इन कुप्रबन्धनों से भली भांति वाक़िफ़ है तो क्या वह रेल विभाग इन बातों को जानता नहीं होगा ? इसलिये यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि यह सब रेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत का ही परिणाम है। रेल स्टेशन का नवीनीकरण कर या उन्हें भगवा रंग से रंग देने से यात्रियों को बुनियादी परेशानियों से निजात नहीं मिलने वाली। रेल यात्रियों को सर्वप्रथम टिकट के बदले सीट,अवांछित लोगों से उसकी सुरक्षा, सफ़ाई, स्वच्छ व स्वस्थ खानपान जैसी चीज़ें चाहिये।

# कल से प्रदेश में यू-टर्न लेगा मौसम, हीट वेव की चेतावनी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से और बुंदेलखंड के इलाकों समेत बुधवार को तपिश से लोगों का बुरा हाल रहा। बृहस्पतिवार के लिए मौसम विभाग की ओर से प्रयागराज, वाराणसी समेत प्रदेश के 13 जिलों में उष्ण दिन की चेतावनी जारी किया गया है। अच्छी खबर ये है कि 27 मार्च से अगले दो-तीन दिन तेज रफ्तार पछुआ हवाएं चलेंगी और तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट तात्कालिक राहत मिलेगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 27 मार्च को दक्षिणी यूपी और झांसी समेत बुंदेलखंड के कुछ इलाकों में उष्ण दिवस की परिस्थितियां हैं। इसके बाद अगले दो-तीन दिन तेज रफ्तार पछुआ हवाओं के जोर से तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट आएगी। इसके बाद फिर से तापमान चढ़ने का दौर शुरू होगा। जिन इलाकों में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री के पार चला जाए, हीट वेव जैसे हालात हों और पारा सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जाए, ऐसी स्थिति वाले दिनों को उष्ण दिवस कहते हैं।

**इन इलाकों में है उष्ण दिवस की चेतावनी**

- प्रयागराज, वाराणसी, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही , कानपुर नगर, रायबरेली व आस-पास के इलाकों में।

# रामनवमी शोभायात्रा 6 अप्रैल को

अवधनामा संवाददाता

- तैयारियों में जुटी श्री राम जन्मभूमि महोत्सव समिति
- अयोध्या में विराजे श्रीराम का डोला होगा आकर्षण का केन्द्र

**मथुरा।** श्री राम जन्मभूमि महोत्सव मेला समिति द्वारा 6 अप्रैल को निकाली जाने वाली रामनवमी शोभा यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता मसानी लिंक रोड स्थित एक गार्डन में आयोजित हुई। जिसमें शोभायात्रा कार्ड विमोचन समिति के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया।

मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि 6 अप्रैल 4:00 बजे स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से विराट शोभायात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया यात्रा का प्रारंभ संत महात्मा एवं राम भक्त द्वारा भगवान श्री राम की आरती के साथ होगा। समिति की अध्यक्ष राजेंद्र बंसल ने बताया शोभा यात्रा में घोड़े और बैंड बाजे के साथ श्रद्धालु शोभायात्रा में साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि 20 फीट का जय श्री राम का झंडा व भव्य स्वरुप में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनायी गयी है। इसमें भगवान श्री राम भक्त हनुमान तथा अयोध्या में विराजे श्री राम की आकृति का डोला मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

इसके साथ एक सौ से अधिक कार्यकर्ता भगवा कुर्ता, गमछा और पगड़ी में साथ चलेंगे। समिति प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया शोभायात्रा डोरी बाजार विश्राम घाट छत्ता बाजार होली गेट चौराहा भरतपुर गेट होती हुई राम मंदिर पर समापन होगी। एवं शोभायात्रा को भव्य व आकर्षक बनाने के उद्देश्य से महिला मोर्चा एवं युवा विंग टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर बैठक तथा जनसंपर्क किया गया है। राम नवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का मुख्य उद्धेश्य समस्त हिन्दू समाज को भगवान श्री राम के साथ जोड़ना है। उनके आचरण को अपने अन्दर समाहित करना है। महामंत्री हेमंत चतुर्वेदी व मंत्री रामदास चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता का संचालन किया। समिति के महामंत्री मनु ऋषि त्रिवेदी ने समस्त नगर वासियों से शोभायात्रा में उत्साह के साथ शामिल होने का अनुरोध किया है।

# फैशन शो के विजेताओं को दिया गया पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता



- एनजीओ के वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने विविध आयोजन किये

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी एवं दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन एंड टेक्नोलॉजी ने ब्रज कला केंद्र मथुरा में अपना समर्पण 4 ब्रज इन्फ्लूंसर अवॉर्ड 2025 उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मौजूद मुख्य अतिथि वैलेंट ग्रुप के संस्थापक, सागर शर्मा जी, पार्थ चौधरी संस्थापक के.एम मेडिकल कॉलेज मशहूर सेलिब्रिटी चैतन्य कन्हाई जी, और इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वल्लन कर कार्यक्रम् की शुरुआत की। जूरी मेम्बर की रूप में समिता अरोरा, रंजीता शाहाय, प्रीती डावर अरोरा जी उपस्तिथ रही। इसके बाद संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता ने बताया कि इसी क्रम में बच्चों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया गया, जिसमें सबसे उत्कृष्ट क्रिएटिव राउंड एवं फैशन शो को प्रदर्शन कर सब लोगों का मन मोह लिया और समाज को एक बेहतर संदेश देने की कोशिश की, साथ ही बताया कि बच्चों द्वारा अपने प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षा समाज के लिए कितनी जरूरी है वो बता कर एक बेहतर सन्देश दिया। इसके अलावा भूख एवं जो लोग खाने की बर्बादी करते है उसको लेकर एक बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसको देख सब लोगो की आंखे नम हो गयी। मथुरा जिले में पहली बार ब्रिज इनफ्लुएंसर अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें चैतन्य कन्हाई ने 19 इनफ्लुएंसरों को सम्मानित किया गया। इस अवार्ड समारोह में सूरज बृजवासी को ब्रिज इनफ्लुएंसर अवार्ड 2025 के विजेता के रूप में चुना गया।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल ने बताया कि इस अवार्ड के माध्यम से मथुरा जिले के इनफ्लुएंसर्स को उनके काम के लिए सम्मानित करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के स्पॉन्सर एवं मुख्य अतिथि सागर शर्मा जी ने सभी का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए सभी बच्चों को ढेर सारे गिफ्टस दिए जिसमें स्टेशनरी किट, स्कूल बैग स्पोर्ट्स शूज और ड्रेस गिफ्ट के रूप में दी गई साथ ही में इंस्टिट्यूट में पढ़ रही निशुल्क छात्राओं को 10 लड़कियों को सिलाई मशीन का वितरण किया गया जिससे वो अपना रोजगार शुरू कर सके।

# 60 विद्यार्थी जाएंगे 'इनोवेशन एंड डिज़ाइन थिंकिंग' के बारे में



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एरा फाउंडेशन और कलाम प्रगति के सहयोग से 'इनोवेशन एंड डिज़ाइन थिंकिंग' कोर्स की शुरुआत आज ए पी जे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के प्रांगण में की गई। इस कोर्स में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 60 विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाएगी, जिसका उद्देश्य उन्हें महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करना और व्यावसायिक जीवन के लिए तैयार करना है। कोर्स का उद्घाटन 26 मार्च को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर जे. पी. पांडेय ने कहा, हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नवाचार और डिज़ाइन थिंकिंग जैसे आधुनिक कौशल से सशक्त करना हमारे शिक्षा के दृष्टिकोण का हिस्सा है। यह कोर्स उन्हें भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करेगा। वहीं विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद हैदर अली ने इस कोर्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यह कोर्स छात्रों को एक नया दृष्टिकोण और समस्या हल करने के कौशल से परिचित कराएगा, जो उनके व्यक्तिगत और प्रोफेशनल विकास में सहायक होगा।

# 'शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती'

## सी.एम.एस. छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा : कुंवर मानवेन्द्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के विशाल सजे-धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि माननीय कुँवर मानवेन्द्र सिंह, चेयरमैन, उ.प्र. विधान परिषद्, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है। जब छात्रों को चारित्रिक उत्कृष्टता व जीवन मूल्यों से भरपूर सर्वांगीण व उद्देश्यपूर्ण शिक्षा मिलेगी, तभी उनमें मनुष्यता का विकास संभव हो पायेगा।

इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की चर्चा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हम भावी पीढ़ी को उच्च चारित्रिक मूल्यों के साथ आदर्श विश्व नागरिक के रूप में ढालने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे आदर्श समाज की अवधारणा साकार हो सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्कूल में छात्रों को न केवल भौतिक ज्ञान के साथ ही चरित्र निर्माण व जीवन मूल्यों की शिक्षा भी मिलनी चाहिए।

इस भव्य समारोह में न सिर्फ विद्यालय के छात्रों ने अपितु माताओं ने भी बड़े उत्साह से भागीदारी की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना, विश्व एकता प्रार्थना, लघु नाटिका, कव्वाली, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समारोह में वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप ने कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। घर एवं विद्यालय का सुसंस्कारित व शान्त वातावरण बालक को संतुलित व्यक्तित्व प्रदान कर जीवन की सही राह दिखा सकता है। प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग हेतु अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन की सुस्ती से नगर में बढ़ रहा अवैध निर्माण

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले के ग्रामीण कस्बों, गांवों से लेकर नगर में अवैध निर्माण का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के विनियमित क्षेत्र में बिल्डर और भूमाफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं,लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी या तो मिलीभगत का हिस्सा बने हुए हैं या फिर आंखें मूंदे बैठे हैं।जिससे अवैध निर्माण तेजी से बढ़ता जा रहा है।ताजा मामला पल्टन बाजार में पूर्व मंत्री मुईद अहमद के आवास के सामने अवैध निर्माण का है। यहां मकान की छत ढालने की पूरी तैयारी हो चुकी है, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों की कई शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है।जब इस मुद्दे पर विनियमित क्षेत्र के जेई उमेश यादव से बात की गई, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वह शहर से बाहर हैं और उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वहीं, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन तब कार्रवाई करेगा जब निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

### सरकारी तालाब पर कब्जे का ग्रामीणों ने लगाए आरोप

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले के कुडवार थाना क्षेत्र के ग्राम तिलक तिवारी का पुरवा में सरकारी तालाब की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर करीब दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीण पहुंचे, और तालाब की भूमि पर कब्जे का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।कुड़वार ग्राम की दलित बस्ती कुडवार की निवासी धनराजी देवी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर शिकायत किया है कि कुछ लोग तालाब (खसरा संख्या 2530, रकबा 0.7590 हे0) पर मिट्टी डालकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें धमकियां दी गईं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच, 21 मार्च को धनराजी देवी के पति पर एफआईआर दर्ज की गई और 23 मार्च को अजीत कुमार पर भी कार्रवाई हुई, जिसे ग्रामीण एकतरफा बता रहे हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच और तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

### समायोजन में दीमक बने भ्रष्ट मुख्य चिकित्साधिकारी

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी ने शासन द्वारा जारी निर्देशो की धज्जियां उड़ाकर रख दिया



है। कोविड के समय सेवा देने वाले लोगो को शासन द्वारा वार्ड ब्वाय के पद पर समायोजित करने के निर्देश मार्च 2021 में दिया गया था। वर्तमान समय में जिले में लगभग वार्ड ब्वाय के 37 पद रिक्त भी हैं। लेकिन भ्रष्टाचार की दलदल में डूबे नियुक्ति के लिए दीमक बने चिकित्साधिकारी कई वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पद पर लोगों का समायोजन नहीं हो सका है। इसको लेकर पीड़ितों ने कोर्ट की शरण लिया है। यही नहीं जिले में वर्तमान में चतुर्थ श्रेणी के कुल 171 पद रिक्त हैं। इसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज के भी रिक्त पद शामिल हैं। लेकिन इसपर कोविड में ड्यूटी देने वालों का समायोजन नहीं किया गया। वे कुछ एक लोगों को स्वीपर आदि पद पर समायोजित करना चाह रहे थे। गंभीर बात ये है कि सरकार के अधीनस्थ डूडा से टाईअप नहीं करके सीएमओ साहब कंपनी के माध्यम से पद भरने की जुगत लगा रहे हैं, ताकि इनकी जेबे भर सके।

### शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीति को लेकर विरोध प्रदर्शन

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के शिक्षकगणों ने एआईफुक्टो, इंडिया के आह्वान पर दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में एवं केन्द्र सरकार की शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर शिक्षक एकता, इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना विधिवत कार्य किया। प्रदर्शन में प्रो डीके सिंह, प्रो राजेश अग्रवाल,प्रो कामना पांड्या,प्रो उमेश शर्मा, प्रो विमलेश, प्रो अमर कुमार धारीवाल, प्रो राजेश गौतम, प्रो चिंतामणि देवी, प्रो संजीव श्रीवास्तव, प्रो राजीव वार्ष्णेय, डॉ राजेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# करियर काउंसलिंग से छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारत सरकार की कौशल विकास योजना के अंतर्गत लखनऊ यूनिट द्वारा मुमताज पी.जी. कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को रोजगार योजनाओं एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर लखनऊ यूनिट के प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ भी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों को इस योजना की विशेषताओं और लाभों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि भारत सरकार के तहत छात्रों को विशेष प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने करियर को बेहतर बना सकते हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार इस योजना के तहत 6 से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण भी प्रदान करती है, जिससे छात्र विभिन्न विशेष कोर्स करके अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन मुमताज पी.जी. कॉलेज की करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस यूनिट द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर मोहम्मद सलमान खान ने की। इस अवसर पर डॉ. इमरान खान, प्रमुख (राजनीति विज्ञान विभाग) ने भी छात्रों को संबोधित किया और इस योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की 4 यूनिट के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, लाभों और समाज में इसके योगदान के बारे में बताया। एनएसएस अधिकारियों ने छात्रों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया।

# नगर पुलिस गुंडा टैक्स वसूली करने वाले दबंग पर मेहरबान

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पत्रकार से गुंडा टैक्स मांगने व जानलेवा हमला करने वाले दबंग का कोतवाली पुलिस के करीबी होने का असर दिख रहा है। पुलिस ने भुक्तभोगी पत्रकार की तहरीर लेकर और संतुष्ट करने के लिए मुकदमा दर्ज भी कर लिया।पर धाराओं मे बड़ा खेल कर दिया। मामूली धाराओं में आरोपी काजिम व उसके साथियों के खिलाफ दर्ज बीती रात कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित पयागीपुर चौराहे से लेकर अमहट चौराहे तक गुंडा टैक्स मांगने वालों का आतंक सामने आया है। पयागीपुर चौराहे पर गाड़ी खड़ी करने वाले पत्रकार महेश शर्मा से बुलेट सवार काजिम व उसके दो अज्ञात साथियों ने रंगदारी मांगी। विरोध करने पर महेश शर्मा से दबंगो ने गाली-गलौज किया व पिटाई किया,पत्रकार ने हमलावरों पर गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप भीं लगाया है।

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट में पेश हुए पूर्व विधायक

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** बीते करीब तीन साल पूर्व लंभुआ विधानसभा के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय और 10 समर्थकों पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज हुआ था। जिसमें पूर्व विधायक संतोष पांडेय अपने नामजद समर्थकों के साथ मंगलवार को एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में अन्तिम सुनवाई के पूर्व हाजिर हुए। अपने वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ पूर्व विधायक संतोष पांडेय कोर्ट में पेश होकर बन्ध पत्र और जमानतनामा दाखिल किया।पूर्व विधायक संतोष पांडेय और उनके दर्जन भर साथियों पर करीब तीन साल पूर्व फरवरी 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों ने बयान दर्ज कराते हुए घटना से इन्कार किया था।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार को पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय के साथ उनके समर्थक मो. नईम, आलोक, तैयब, कयूम, इरफान, जाफर, रामेश, आकाश सत्यपाल व परमात्मा यादव को ओर से निजी मुचलके और जमानतनामा दाखिल किया गया। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके समर्थकों पर चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में दर्ज मुकदमें में अग्रिम बहस की सुनवाई 11अप्रैल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनिश्चित की है।

# प्रदेश सरकार योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रही



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बल्दीराय ब्लॉक सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और विशिष्ट अतिथि एसडीएम गामिनी सिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रही है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल सके। वहीं। एसडीएम गामिनी सिंगला ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अल्पसंख्यक कल्याण, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बल्दीराय तहसीलदार देवानंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह, सीडीओ राजवती सिंह, भाजपा नेता दिलीप सिंह, एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, श्याम प्रीत, एडीओ आईएसबी शिवकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गन्ने की खेती से किसान होंगे खुशहाल : गांधी

## भजपा सरकार के आठ साल : भंडरा में हुआ गन्ना किसान संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** प्रदेश में बीजेपी की सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष की सफलता पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के कुड़वार ब्लाक के भंडरा परशुरामपुर में गन्ना किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ना किसानों को उनके खेती में सुधार और उन्नति के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से एक गन्ना किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह गांधी व हैदरगढ़ चीनी मिल के डिप्टी गन्ना सेल्स मैनेजर कामेश्वर सिंह, जिला गन्ना समिति के सचिव सुनील कुमार समेत स्थानीय किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ने की खेती में आधुनिक तकनीकों, उर्वरकों के सही उपयोग,सिंचाई के प्रभावी तरीकों और फसलों के रोगों और कीटों से बचाव के बारे में जानकारी देकर क्षेत्र में कम क्षेत्रफल में अधिक गन्ना की उपज बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं गन्ना समिति के सचिव सुनील कुमार ने गन्ना किसानों को बुवाई के समय डीएपी के साथ जिंक अथवा सल्फर का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी।

बुधवार को जिले के कुड़वार ब्लाक के भंडरा में हुई गन्ना किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों के बारे में बताया। साथ ही सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं और अनुदानों की जानकारी भी दी गई,जिससे किसानों को अधिक लाभ मिल सके। इसके अलावा किसानों को गन्ने की बिक्री और बाजार की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वह अपनी उपज को सही मूल्य पर बेच सकें।कार्यक्रम में किसानों की तरफ से गन्ना किसान उदय प्रकाश मिश्रा ने समस्याओं और सवालों को गन्ना अधिकारी के समक्ष रखा, जिनके समाधान के लिए किसानों को आश्वस्त किया गया। इस प्रकार की गोष्ठियों के आयोजन से किसानों को नई जानकारियों का लाभ मिलता है और उनकी खेती में सुधार होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। इस अवसर पर जिला गन्ना समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह गांधी,सचिव व हैदरगढ़ चीनी के डिप्टी गन्ना सेल्स मैनेजर कामेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र के उन्नतशील किसान उदय प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ गन्ना किसान राम तेज पाठक को माल्यार्पण करते हुए हनुमान जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला गन्ना समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह गांधी ने कहा कि हमारे कुड़वार क्षेत्र में बीते करीब दस वर्ष पूर्व गन्ने की खेती बड़े क्षेत्रफल में की जाती थी। जो इस समय देखने को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि गन्ने की तकनीकी खेती को लेकर भंडरा तथा आस-पास के क्षेत्रों के किसान बहुत जागरूक हैं। यहां काफी सालों से गन्ने की खेती बड़े क्षेत्रफल में होती चली जा रही है। हालांकि इस दौर में किसान उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी फसल की उत्पादकता को और भी अधिक बढ़ाएं और देश की कृषि को प्रौद्योगिकी से और भी मजबूत बनाएं।

# बीएसए से मंडी समिति मुख्य मार्ग पर गंदगी का अंबार राहगीर परेशान

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** केंद्र और राज्य सरकार स्वच्छता को लेकर अनवरत अभियान चलाया हुआ है लेकिन नगर निगम मथुरा वृंदावन प्रशासन मुख्य मार्गों पर गंदगी को देखकर मूक दर्शक बना हुआ है। गंदगी से उठने वाली दुर्गंध को लेकर स्थानीय निवासियों के अलावा राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों के द्वारा सक्षम अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद से अवगत कराए जाने के बावजूद गंदगी और कूड़े का ढेर जस के तस बने हुए है।

जानकारी के अनुसार मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड नंबर 47 का मुख्य मार्ग जो बीसीए कॉलेज से मंडी समिति के मध्य जाता है इस मुख्य मार्ग पर प्रोफेसर कॉलोनी के निकट सड़क किनारे गंदगी का बहुत बड़ा ढेर लगा हुआ है जिस पर कुत्ते और अन्य जानवर विचरण करते देखे जा सकते हैं इस गंदगी से इतनी भयंकर दुर्गंध फैल रही है जिससे लोगों का आना-जाना भी दुश्वार हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है इस संबंध में पार्षद प्रतिनिधि चौधरी तिलक वीर सिंह के अलावा सफाई से जुड़े हुए कर्मचारी को अवगत कराने के बावजूद अभी तक गंदगी से मुक्ति नहीं मिल पाई है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है शीघ्र ही नगर निगम मथुरा वृंदावन के अधिकारियों कर्मचारियों ने इस और ध्यान नहीं दिया तो स्थानीय लोगों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई देने लगेगा नगर निगम प्रशासन कि इस अनदेखी से मथुरा को स्वच्छ बनाने के अभियान को पलीता लग रहा है।

# आगामी त्यौहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखें : डीएम

अवधनामा संवाददाता



- आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा, सड़कों को किया जाएगा गड्ढा मुक्त
- विद्युत व पेजलय की अनवरत आपूर्ति हेतु अभियन्ताओं को कड़े निर्देश
- मंदिरों व आयोजन स्थलों के आसपास सघन सफाई कराने
- आवारा पशुओं के विचरण को प्रतिबंधित करने के ईओ को दिये निर्देश
- व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए चिन्हित स्थलों पर निरंतर भ्रमणशील रहें अधिकारी
- अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधिकारियों को किया तैनात

**ललितपुर।** आगामी माहों में पडने् वाले त्यौहारों ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी, श्रीमहावीर जंयती, श्रीहनुमान जंयती, बाबा साहब अम्बेडकर जंयती, गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में पडने् वाले विभिन्न त्यौहारों के दौरान जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि जनपद में 28 मार्च 2025 को रमजान माह का अंतिम जुमा, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल 2025 को राम नवमी, 10 अप्रैल 2025 को श्रीमहावीर जंयती, 12 अप्रैल 2025 को श्रीहनुमान जंयती, 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहब अम्बेडकर जयंती तथा 18 अप्रैल 2025 को गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में विभिन्न त्यौहार मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ईद-उल-फितर को रमजान माह का आखिरी जुमा व 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर का त्यौहार परम्परागत तरीके से जनपद में मनाया जायेगा। पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखे, शहरी क्षेत्र में मस्जिदों तथा ईदगाहों के आस-पास आवारा पशुओं का विचरण प्रतिबंधित रहेगा तथा उक्त त्यौहार के अवसर पर नगरीय क्षेत्र में विद्युत एवं जलापूर्ति अनवरत रूप से उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये। उक्त त्यौहार के दृष्टिगत शहर में अण्डा, मास की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जाये। नवरात्रि में जबारे तालाब पर विसर्जन किये जाते है, तालाब पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि त्यौहारों के दृष्टिगत मेडीकल व पैरा मेडीकल स्टाफ की ड्यूटी लगायी जाये व एम्बुलेंस भी तैनात की जाये, जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को अनवरत पेयजल आपूर्ति व टैंकर आदि लगाये जाने के निर्देश दिये गए। आयोजन स्थलों व रास्तों में सफाई व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारियों व पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करेंगे, अवैध मदिरा की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। सड़कों पर गड्ढे पाये जाने पर तत्काल भरवायें, अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाए, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें, मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री करने वालों के विरुद्ध छापामार अभियान चलाया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा सम्बंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहार रजिस्टर का परीक्षण करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों यथा बस स्टैण्ड पर सघन चैकिंग अभियान चलायें। त्यौहार शान्ति एवं भाई चारे के साथ सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, ईओ नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बजरंग सेना का होली मिलन समारोह संपन्न

- नव नियुक्त पदाधिकारियों और महिला मोर्चा का हुआ पुन : गठन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन का होली मिलन समारोह और नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह बजरंग सेना कार्यालय पर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा और महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दीपक पस्तोर ने व संचालन जिला महासचिव श्याम दीक्षित ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से हुई। सर्वप्रथम नव नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन में स्वागत किया गया उन्हे भगवा पट्टी पहनाकर और माला पहनाकर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने सदस्यता दिलाई। जिसमे रामाकांत दुबे को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। डा.अमित कौशिक को नगर सह प्रभारी बनाया गया। बहुत दिनों से भंग चल रही महिला मोर्चा की कार्यकारिणी को पुन-घोषित करते हुए प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर ने प्रतिभा को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकारणी विस्तार करते हुए ममता तिवारी को जिला प्रभारी, राजकुमारी दुबे नगर अध्यक्ष, गीता पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छाया गोश्वामी जिला मंत्री, उर्मिला राजा जिला महासचिव, नीतू राजा बुंदेला नगर प्रभारी, बबिता दुबे नगर महामंत्री, निशा तिवारी जिला महासचिव को घोषित किया गया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन में लगातार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के दिशा निर्देश दिए गए। डा.दीपक पस्तोर ने आगामी आने वाले हिंदू धर्म संस्कृति के पर्व और त्यौहार पर संगठन के सभी पदाधिकारियों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात रखी। जिला संयोजक खुशाल समैया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा के साथ हिंदुत्व के लिए कार्य करने और सभी सामाजिक धार्मिक मुद्दो पर कार्य करने की बात रखी। मुख्य रूप से जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी, जिला संयोजक खुशाल समैया, दीपक नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौम्यानंद तिवारी जिलाध्यक्ष धर्मरक्षा प्रकोष्ठ, श्याम दीक्षित जिला महासचिव, संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री,दीपेश उपाध्याय जिला प्रचार प्रसार मंत्री,प्रथम रजक ग्राम पंचायत प्रभारी दावनी, छोटू नायक करमई बार ब्लॉक प्रभारी, ऋषि शुक्ला नगर प्रभारी,आदर्श दुबे पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा,राधे गोश्वामी नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी,रानू नामदेव, देवेंद्र कौशिक पत्रकार, शिवम अग्निहोत्री पत्रकार, अमित लखेरा पत्रकार, आशीष तिवारी पत्रकार, दिव्यांश शर्मा पत्रकार आदि सभी लोग मौजूद रहे। अंत में संजय सिंह लोधी ने आभार जताया।

# सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उ.प्र. सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जनपद में मा.कल्यान सिंह सभागार में प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपोज्जवलन कर किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने प्रभारी मन्त्री को समस्त योजनाओं एवं क्रियाकलापों से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं स्टॉलों को प्रदर्शन के बारे में अवगत कराया। सीडीओ के.के.पाण्डेय ने तीन दिवस आयोजित होने वाले कार्यक्रम का संक्षेप में वर्णन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के समस्त विभागों द्वारा 08 वर्षो में अर्जित की गई उपलब्धियों का प्रदर्शन फोटो गैलरी लगाई गई। इस उपलक्ष्य में पंचायतीराज विभाग एवं मनरेगा की पूर्ण की योजनाओं के लोकार्पण प्रभारी मंत्री ने किया। प्रभारी मंत्री ने पंचायती राज विभाग के 7 करोड़ 83 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्य-ग्रामीण पुस्तकालय, आंगनवाड़ी कायाकल्प, जन सेवा केन्द्र, सोलर आटा चक्की, अन्त्येष्टि स्थल, प्लास्टिक वेस्ट प्रबन्धन इकाई, वेस्ट टू आर्ट पार्क, पंचायत लर्निंग सेन्टर, ओपन जिम, पंचायत भवन, बायोगैस संयंत्र, ग्रामीण हाट बाजार तथा मनरेगा एवं ग्राम निधि से 3 करोड़ 44 लाख की धनराशि से निर्मित पार्को का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेवारी मुख्य रूप से उपायुक्त मनरेगा, जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा की गई। समस्त जन-प्रतिनिधियों ने 08 वर्षो में अर्जित की गई उपलब्धियों और योजनाओं से समस्त प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर सभागार में विभिन्न कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर से मौत

**उन्नाव।** संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उसे स्थानीय सीएचसी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पड़ोसी युवक पर प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इकलौती बेटी की मौत से परिजन बदहवास हो गये। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकोहरी निवासी काजल रावत (22) पुत्री प्रताप रावत ने मंगलवार संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन स्वास्थ्य केंद्र फिर जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता की सूचना पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि युवती का गांव के ही धीरेंद्र उर्फ धीरू सिंह से काफी समय से नजदीकी थी। दोनों विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन तैयार नहीं थे।

# जो पिछले साठ साल में नहीं हुआ, हमने आठ साल में किया: प्रभारी मंत्री

- तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन पशुधन मंत्री ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** प्रदेश सरकार के ''सेवा, सुरक्षा व सुशासन'' की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जन सामान्य को परिचित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी/ मेले के दूसरे दिवस के कार्यक्रम का मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में अवलोकन किया गया। तदोपरान्त प्रेक्षागृह सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलन के साथ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्मित/स्वीकृत विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही महाकुम्भ 2025 पर सूचना विभाग द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा आठ वर्ष में जनपद में किए गए विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि इनवेस्ट यूपी के तहत 22333 करोड़ औद्योगिक निवेश हुआ है, जिसके सापेक्ष 115224 रोजगार सृजित हुए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 1560 करोड़ की धनराशि से 573397 किसान लाभान्वित हुए है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 895685 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं तथा 608 करोड़ की धनराशि से 48198 लाभार्थियों का उपचार कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा इनवेस्ट यूपी के तहत जनपद में निवेश करने वाले 04 उद्यमियों/निवेशकों को सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा में मिशन निपुण के अन्तर्गत निपुण हो चुके 20 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र, नए सत्र की पाठ्य पुस्तकों का वितरण, 05 दिव्यांग छात्रों को ब्रेल किट का वितरण, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य /कोविड के 04 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, सीएम युवा योजना के 20 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र/डेमो चौक का वितरण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 10 पॉपकॉर्न एवं 08 दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण, 03 उत्कृष्ट किसानों का सम्मान, विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के 05 लाभार्थियों को टैबलेट, फाइलेरिया रोगियों को किट, दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूफ्टॉप आवंटन पत्र, कुशल श्रमिकों को एफ्डीआर, अटल आवासीय विद्यालय में चयनित 33 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पूर्ति विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को अनत्योदय कार्ड तथा कृषि विभाग की योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से इंदेमऊ गांव के राकेश कुमार को टैक्टर की चाभी प्रदान की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह सरकार योगियों की सरकार है, भोगियों की नहीं। पिछली सरकारें साठ वर्ष में जो नहीं कर पायी, हमने वह आठ वर्ष में करके दिखाया है। पहले कानून सिसकता था, अपराधी हंसते थे अब अपराधी सिसकते हैं और कानून हंसता है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सेफ्टी, कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रीसिटी पर विशेष ध्यान दे रही है।

# हज समिति ऑफ़ इंडिया का सर्कुलर 36 जारी

**संभल।** हज का वक्त करीब आ रहा है। और हज यात्री अपनी तैयारी में लगे हुए हैं। पिछले तीन वर्षो में इस साल हज यात्रियों को राहत मिल रही है। हज कमिटी आफ इंडिया के सर्कुलर 36 के अनुसार अब हज यात्रियों को अपनी तीसरी किस जमा करनी है। जिन यात्रियों ने पहले और दूसरी किस जमा कर दी है वह अब तीसरी किस जमा करेंगे जिनकी उड़ान दिल्ली से है वह 55000 100 और जिनकी उड़ान लखनऊ से है वह 6550 स्टेट बैंक या यूनियन बैंक बैंक आफ इंडिया में जमा कर सकते हैं इसके अलावा वेबसाइट पर ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। हज कमिटी आफ इंडिया के अनुसार 3 अप्रैल तक हर हाल में आखिरी किस्त जमा करनी है। जिन हज यात्रियों ने कुर्बानी के विकल्प को चुना है। वह 16800 अधिक जमा करेंगे। यह जानकारी देते हुए हज वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया की 1 अप्रैल में ईद होने की संभावना है। इसलिए हज वेलफेयर सोसाइटी हज कमिटी आफ इंडिया से अपील करती है कि वह इस तारीख को आगे बढ़ाएं जिसे हज यात्रियों को अपना पैसा जमा करने में आसानी हो सके क्योंकि 2 दिन की बैंक की छुट्टियां पड़ रही है। साथ ही साथ उन्होंने हज यात्रियों से अपील की है कि वह अपने प्रशिक्षण शिविरों में जरूर भाग ले और हज को सीख कर करें। अपनी तैयारी में लग जाए। ज्ञात हो कि इस वर्ष प्रत्येक हज यात्री को 327400 जमा करने होंगे। जो पिछले दो वर्षो के मुकाबले में 18900 कम है। जो हज यात्री दिल्ली से रवाना होंगे उनके दो लाख 72300 जमा हो चुके हैं और वह अब अपनी तीसरी किस्त के रूप में 55100जमा करेंगे। जबकि लखनऊ से प्रवास करने वाले हज यात्री अपनी तीसरी किस्त के रूप में 65050 जमा करेंगे।

## छठवें दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

**ललितपुर।** भूमि संरक्षण विभाग विभाग द्वारा गरीब किसानों के हितों का शोषण कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसके विरोध में नागरिक विकास मोर्चा भारतीय हिंदू परिषद सहकार भारती द्वारा घंटाघर परिसर में धरना प्रदर्शन जारी है। कार्यकर्ताओं विभाग के जमकर नारेबाजी की धरना स्थल पर संबोधित करते हुए नागरिक मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा किसान समृद्धि योजना ग्राम चुनगी धन गोल रामपुरा कठवर विकास खंड तालबेहट फसलों में किसानों को लाभ ना देकर दलालों के खाते में 3500 रुपए प्रति कृषक का अनुदान दलालों के खातों से निकाल कर लाखों रुपए का गबन किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाने की मांग उठायी गयी। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे एड., हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, पार्षद अमरदीप रजक, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सच्चिदानंद गोलवानी, सोनू ताम्रकार, पत्रकार सुरेंद सिंह परमार, इसराख खान, अरविंद सेन, अनुज ठाकुर, सीताराम पटेल, घनश्याम आदि उपस्थित थे।

# होली महोत्सव पर भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** सुप्रसिद्ध कथा वाचक के आवास पर होली महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह में ख्याती प्राप्त भजन गायक के भजनों ने लोगों को झूमने पर मजबूर किया। वहीं कथा वाचक के संग खेली गई फूलों की होली ने लोगों को ब्रज में होने का एहसास दिलाया। समारोह में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद में भोजन के साथ पकवानों का आनंद लिया। शहर के मोहल्ला आदर्श नगर में लक्ष्मी पैलेस के समीप स्थित सुप्रसिद्ध शिव पुराण कथा वाचक प्रशांत प्रभु जी महाराज के आवास श्री आदिगुरु वैदिक सेवा संस्थान में मंगलवार को होली महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।भजन संध्या में दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक विशाल छिब्बर, बंटी दीवाना,रिंकू शर्मा, कानपुर से आए सुमित मिश्रा, विष्णु मिश्रा उन्नाव से डॉ विजय अवस्थी, श्याम नारायण अवस्थी एवं संजू मिश्रा के भजनों ने समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने एवं थिरकने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या के दौरान ही कथा वाचक प्रशांत प्रभु जी महाराज द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ गुलाल एवं फूलों से खेली गई होली ने लोगों को ब्रज में होने का एहसास दिलाया। बताते चलें प्रशांत प्रभु जी ख्याति प्राप्त शिव पुराण कथा वाचक आपके द्वारा क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव मंदिर गोकुल बाबा में प्रतिवर्ष श्रावण मास में बिना किसी के सहयोग के 11 दिवसीय कथा हवन पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को महाराज जी के आवास पर आयोजित भजन संध्या में प्रसाद के साथ प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने भोजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, संतोष तिवारी,सुशील तिवारी, सभासद पुत्र सौरभ ,अंकित गुप्ता जीतू ,अमित शर्मा,जितेंद्र छोटे बाबा, सीताराम, आयुष बाजपेई, विनायक, सौरभ सैनी, बबलू श्रीवास्तव, लखन चौधरी, फूल सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सात सूत्रीय समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग



**ललितपुर।** शहर में व्याप्त गंभीर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग उठाते हुये स्नातक विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह यादव ने एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को सौंपा है। समस्याओं को लेकर उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवायें पूरी तरह से बदहाल हैं, जिन्हें सुधारे जाने की महती आवश्यकता है। इसके अलावा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने, शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराये जाने, जिले में अवैध जहरीली शराब पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाये जाने, उच्च शिक्षा एवं इण्टर कॉलेजों में अध्यापकों की कमी को दूर किये जाने, नेहरू नगर बाईपास पर नवनिर्मित सड़क के ध्वस्त हो जाने पर जांच कर कार्यवाही किये जाने और आग से जली जनपद की फसलों का उचित मुआवजा किसानों को तत्काल उपलब्ध कराये जाने की मांगें प्रमुख हैं। उन्होंने प्रभारी मंत्री से शासन के सहयोग से इन समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी है।

## एसपी ने किया अजगैन कोतवाली का औचक निरीक्षण

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सोमवार को अजगैन कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर, कार्यालय, मालखाना, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, भोजनालय, शस्त्रागार और आवासीय बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने की साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव की भी जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए। साथ ही अजगैन कोतवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।

## दंगा-बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

**उन्नाव।** आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव परेड ग्राउंड में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके। दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल में करीब 85 अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया।

## बीएसए से मुलाकात कर बतायी समस्यायें

**ललितपुर।** यूटा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की, जिसमे शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित वार्ता हुई। वार्ता में बीएसए ने शिक्षकों की समस्याओं का वहीं तुरत निस्तारण किया। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, महामंत्री प्रमोद तिवारी, उपाध्यक्ष नवीन सिंह, महिला उपाध्यक्ष गीता साहू, लेखाकार मयंक श्रीवास, संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र कुमार, ब्लाक उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, ब्लाक महामंत्री भीम कुमार, सह ब्लाक मंत्री विनोद अहिरवार, ब्लाक उपाध्यक्ष पीयूष दीवानकर, ब्लाक मंत्री डालचंद्र, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, ब्लाक महामंत्री श्रीराम, ब्लाक संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा, ब्लाक मंत्री अभिषेक गुप्ता समेत अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कर्नाटक: प्रस्तावित ओबीसी मुस्लिम आरक्षण का एआइपीएमएम ने किया समर्थन

अवधनामा संवाददाता

- भाजपा का विरोध अनुचित और भ्रामक
- अनुच्छेद 341 में संशोधन जरूरी

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) कर्नाटक सरकार द्वारा ओबीसी मुस्लिम समुदाय (पसमांदा मुस्लिम) के लिए प्रस्तावित आरक्षण का पूर्ण समर्थन करता है। संगठन का मानना है कि यह आरक्षण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340, 15(4) और 16(4) के अनुरूप है, जो राज्य को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है।एआइपीएमएम यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया जा रहा है। इसे 'धार्मिक आरक्षण' बताना तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने जैसा है। हिंदू, सिख, ईसाई और मुस्लिम समुदायों की कई जातियां देशभर में ओबीसी आरक्षण का लाभ ले रही हैं। कर्नाटक का प्रस्ताव भी इसी संवैधानिक ढांचे के तहत आता है। भारतीय जनता पार्टी स आरक्षण का विरोध करते हुए इसे 'असंवैधानिक' और 'धार्मिक आधार पर आरक्षण' करार दे रही है। एआइपीएमएम इस दावे को सिरे से खारिज करता है और इसे राजनीतिक ध्रुवीकरण की कोशिश मानता है। यह विरोध तब और विरोधाभासी हो जाता है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पसमांदा मुस्लिम समाज के उत्थान की बात करते हैं। लेकिन उनकी पार्टी का यह विरोध पसमांदा समाज के विकास के प्रधानमंत्री के संकल्प को कमजोर करता है। ओबीसी मुस्लिम आरक्षण की बहालीरू कर्नाटक सरकार से अनुरोध किया जाता है कि वह जल्द से जल्द ओबीसी मुस्लिम समुदाय के लिए भाजपा भ्रामक विरोध बंद कर पुनर्विचार कर संविधान-सम्मत सामाजिक न्याय के इस कदम का समर्थन करे। मुस्लिम और ईसाई दलितों को एससी आरक्षण से वंचित करने वाली व्यवस्था को समाप्त कर संविधान के समानता के सिद्धांत का पालन किया जाए।

## हजारों का डीजल भरवाकर कार सवार फरार

**उन्नाव।** मंगतखेड़ा कस्बा स्थित दीप गंगा फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे एक कार सवार युवक पेट्रोल पम्प पर डीजल भरवाने के लिए अपनी कार में 8 डिब्बे लेकर आया। उसने सेल्समैन से डीजल भरने को कहा। मशीन पर मौजूद सेल्समैन मनोज कुमार ने उसके 8 डिब्बो में 440 लीटर डीजल भर दिया। जिसकी कीमत 38700 रुपये है व उसी कार सवार युवक ने उसी समय अपनी कार में 3000 रुपये का पेट्रोल भरवाने को कहा। सेल्समैन मनोज कुमार द्वारा कार में पेट्रोल डाल देता है। उसके बाद कार सवार युवक द्वारा सेल्समैंन् से पर्ची में हस्ताक्षर व मुहर कराकर देने की बात कही। जिसपर सेल्समैन वहां से मैनेजर कार्यालय चला गया। उसी दौरान कार सवार युवक मौके का फायदा उठाकर कार लेकर वहां से रफ्फूचक्कर हो गया। पर्ची तैयार कराकर जैसे ही सेल्समैन मशीन के पास पहुँच कार सवार को गायब देख घटना की जानकारी मैनेजर वीरेंद्र को दी।

# अनियंत्रित टैंकर ने सेवानिवृत्त फौजी को रौंदा, मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार दोपहर के समय लखनऊ-कानपुर हाइवे पर स्थित बसीरतगंज के पास तेज रफ्तार टैंकर ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी को गांव जाते समय रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। पास मिले मोबाइल फोन पर आई भतीजे की काल से उनकी पहचान हो सकी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा टैंकर को थाने में खड़ा कराया है। माखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रऊकरना निवासी अविनाश कुमार सिंह (50) पुत्र रघुराज भारतीय सेना की एजुकेशन कोर में जेसीओ पद पर थे। बीते माह ही वह रिटायर हुए थे। वर्तमान समय में वह अपने परिवार के साथ लखनऊ के कैंट में रहते थे और सप्ताह में एक बार गांव आते थे। मंगलवार को वह अपनी स्कूटी से गांव जा रहे थे तभी दही थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे स्थित बसीरतगंज नहर के पास तेज रफ्तार गैस टैंकर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे उछलकर वह टैंकर के पहिए के नीचे चले गए और हेलमेट लगा होने के बावजूद भी टायर उनके सिर को कुचलता हुआ निकल गया। डीजीपी प्रशांत कुमार के कानपुर दौरे को लेकर हाइवे पर अलर्ट पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पास मिले मोबाइल में उनके भतीजे सौरभ का फोन आया जिसपर पुलिस ने हादसे की सूचना दी। मोर्चरी पहुंचे परिजन शव देखकर बेहाल हो गए। उसकी मौत की खबर से पत्नी व मां उर्मिला सहित बेटा सुधांशु, बेटी आस्था बेहाल है। अविनाश तीन भाइयों में छोटे थे।

## पहले दौर के बाद सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर मौजूद

आईपीएल 2025 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है और सभी टीमों ने ग्रुप चरण में अपने एक-एक मुकाबले खेल लिए हैं। आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच 22 मार्च को हुए मुकाबले से हुआ था। वहीं, पहले दौर का आखिरी मुकाबला मंगलवार को गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। सभी टीमों के एक-एक मैच खेलने के बाद अंक तालिका में पिछले बार की उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी है और टीम शीर्ष पर मौजूद है।

हैदराबाद, आरसीबी और पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 का आगाज शानदार तरीके से किया है। सनराइजर्स की टीम तो उसी लय में दिख रही है जैसी वो पिछले सीजन खेली थी।

## अंतिम समय में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव टले, वार्षिक आम बैठक स्थगित हुई

**नई दिल्ली।** बीएफआई के बहुप्रतिक्षित चुनाव 28 मार्च को महासंघ की वार्षिक आम बैठक



(एजीएम) के दौरान होने थे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने अंतिम समय में अपने चुनाव टाल दिए हैं। बीएफआई ने बताया कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए जाने के कारण समय सीमा में चुनाव की प्रक्रिया पूरी करना असंभव है। बीएफआई के बहुप्रतिक्षित चुनाव 28 मार्च को महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान होने थे।

बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी। मालूम हो कि महासंघ के चुनाव एजीएम के दौरान ही होने थे।

दिल्ली हाईकोर्ट ने बीएफआई को चुनाव कराने के लिए कहा था, जबकि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने महासंघ को पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तारीख बढ़ाने का निर्देश दिया था जिन्हें सात मार्च के आदेश के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बीएफआई ने हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन मंगलवार को अपील खारिज कर दी गई।

चुनाव में पहले ही कई विलंब हो चुके हैं और ये विवादों का सामना कर रहे हैं। मूल रूप से चुनाव दो फरवरी से पहले होने थे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा एक तदर्थ समिति नियुक्त करने के बाद ही बीएफआई ने कार्रवाई शुरू की और इस कदम को राष्ट्रीय महासंघ ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जिसने बाद में तदर्थ पैनल पर रोक लगा दी थी।

## इस साल भारत आएगी अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम, लियोन मेसी भी होंगे शामिल, प्रदर्शनी मैच में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप की विजेता टीम अर्जेंटीना और स्टार फुटबॉलर मेसी इस साल अक्तूबर में केरल में प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत आएंगे। मेसी का 14 साल बाद यह पहला भारत दौरा होगा।

भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों लियोन मेसी और अर्जेंटीना टीम को खेलते देखने का मौका मिलेगा। फीफा विश्व कप की विजेता टीम अर्जेंटीना और स्टार फुटबॉलर मेसी इस साल अक्तूबर में केरल में प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत आएंगे। मेसी का 14 साल बाद यह पहला भारत दौरा होगा।

पिछले साल नवंबर में केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने बताया था कि अर्जेंटीना की टीम कोच्चि में दो प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए राज्य का दौरा करेगी। अर्जेंटीना टीम की आधिकारिक पार्टनर ने बुधवार को बताया कि यह मुकाबला अक्तूबर में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देना है।

आधिकारिक पार्टनर द्वारा रिलीज



में कहा गया, इस साझेदारी के तहत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम जिसमें लियोन मेसी भी शामिल होंगे, वे अक्तूबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ और एसएसबीसी इंडिया ने भारत और सिंगापुर के लिए एक साल का पार्टनरशिप करार किया है। इसके तहत 2025 विश्व कप क्वालिफिकेशन के फाइनल मैच को देखते हुए प्रतिस्पर्धी सीजन को कवर करना शामिल है।

**मेसी 2011 में भारत आए थे**

मेसी पहली बार सितंबर 2011 में भारत आए थे। उन्होंने उस वक्त कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ विश्व कप के क्वालिफाइंग राउंड में हिस्सा लिया था। अर्जेंटीना ने सॉल्टलेक स्टेडियम खेले गए उस मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज की थी।

एसएसबीसी इंडिया के इंटरनेशनल वेल्थ प्रमुख संदीप बात्रा ने कहा, हम फुटबॉल की दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित टीमों में से एक के साथ जुड़ रहे हैं, इसलिए हम प्रशंसकों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करने और विश्व कप 2026 की ओर अर्जेंटीना टीम के अभियान में उनका समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो फेबियन तापिया ने कहा, एएफए के अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए एक नई उपलब्धि है। यह समझौता हमारी टीम के लिए महत्वपूर्ण है और हम 2025 और 2026 में प्रगति करते हुए अपने समझौते को मजबूत करने की आशा करते हैं।

## पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी, आखिरी टी20 मैच में भी मिली शिकस्त

**वेलिंग्टन।** चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार हुई थी। पहले विकेट के लिए टिम सेफर्ट और फिन एलन के बीच 93 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मुकीम ने दाएं हाथ के बल्लेबाज एलन को बोल्ड किया। वह 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम सेफर्ट ने 38 गेंदों में 97 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनके अलावा मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने क्रमशः तीन और दो* रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सुफियान ने दो विकेट लिए जबकि बाकी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे।

इससे पहले पाकिस्तान की टीम एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रही। उनकी तरफ से कप्तान सलमान आगा ने 39 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली जबकि शादाब खान ने 28 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के हसन नवाज, सुफियान मुकीम और मोहम्मद अली खाता भी नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस 11 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। कीवियों के लिए जेम्स नीशम ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए जबकि जैकब डफी को दो सफलताएं मिलीं।

## यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचीं ये टीमें, मेजबान बरेली बाहर

**नई दिल्ली।** बरेली के फरीदपुर स्थित मानस स्थली आवासीय विद्यालय में चल रही 23वीं यूथ यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन नॉकआउट, प्री-क्वार्टर, क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में प्रदेश की 43 टीमों के 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें लखनऊ, मेरठ, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर और ट्रिपल टीएसी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता से मेजबान बरेली की टीम बाहर हो गई है।





बालिका वर्ग में बीएलडब्लू ने कानपुर देहात को 21-06 से, आगरा ने अलीगढ़ को 45-10 से, मेरठ ने हापुड़ को 38-08 से, गाजियाबाद ने प्रयागराज को 34-18 से मात देकर प्रतियोगिता से बाहर किया। वहीं बालक वर्ग में गोरखपुर ने मुरादाबाद को 61-41 से, गौतम बुद्ध नगर ने कानपुर को 45-31 से, ट्रिपल टीएसी ने हापुड़ को 52-22 से, बनारस वाराणसी ने प्रयागराज को 28-20 से, मेरठ ने झांसी को 40-20 से, गाजियाबाद ने मिर्जापुर को 45-37 से, बीएलडब्लू ने बागपत को 66-32 से, लखनऊ ने आगरा को 39-35 से पराजित किया।

**क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के परिणाम**

क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग में लखनऊ ने बीएलडब्लू को 50-42 से, मेरठ ने वाराणसी को 67-44 से, बुलंदशहर ने गाजियाबाद को 35-18 से, गौतमबुद्ध नगर ने आगरा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में मेरठ ने गाजियाबाद को और ट्रिपल टीएसी ने वाराणसी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

प्रतियोगिता में बुधवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आरएस बेदी और विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चांद मियां खान, सचिव सोनेंद्र श्रोतिया, डेविड मेसन आदि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता से मेजबान बरेली ही बाहर**

अंडर-16 बालक-बालिका वर्ग में आयोजित हो रही प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में साधारण प्रदर्शन के कारण मेजबान बरेली की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। खराब प्रदर्शन ने टीम की राह को प्रतियोगिता में आगे प्रवेश करने से रोक दिया है। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए चार दिवसीय शिविर भी आयोजित किए गए थे। इसके बाद भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

## यूपी के स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए ट्रायल 22 अप्रैल से, ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

**बरेली।** स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बरेली और मंडल के समस्त जनपदों के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल 22 अप्रैल से शुरू होंगे।

उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटी, लखनऊ के अधीन संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर और मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में 275 रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक छात्र upsports.gov.in वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बरेली और मंडल के समस्त जनपदों के खिलाड़ियों के लिए 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार कॉलोनी, मुरादाबाद में ट्रायल होंगे। बालक वर्ग में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, कबड्डी और तैराकी के खेलों के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। वहीं बालक और बालिका वर्ग में हॉकी, जिम्नास्टिक, कुश्ती, वालीबॉल और बैडमिंटन में ट्रायल लिए जाएंगे। बालिका वर्ग में जूडो के खेल के लिए भी ट्रायल होंगे।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से एसआरएमएस मैदान में मंगलवार को अंडर-19 वर्ग में जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें शहर से चार टीमों का चयन हुआ। इस मौके पर टीमों के बीच मैच कराए गए। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी कर्नल सीताराम सक्सेना ने बताया कि टीमों के बीच मैचों से जिले की एक टीम चुनी जाएगी।

इसमें बुधवार को बरेली बी और बरेली सी टीमों के बीच मुकाबला सुबह आठ बजे से एसआरएमएस मैदान पर खेला जाएगा। ट्रायल बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजन मनोहर शास्वत और संयुक्त वरिष्ठ सचिव ओपी कोहली के मार्गदर्शन में किए गए।

## विवादों के बीच कुणाल कामरा ने शेयर किया नया वीडियो

बिना नाम लिए शिवसेना प्रमुख पर की गई टिप्पणी के चलते कॉमेडियन कुणाल कामरा इन दिनों विवादों से घिरे हुए हैं। इसी बीच वे लगातार अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पैरोडी सॉन्ग वीडियोज शेयर कर रहे हैं। बुधवार को कॉमेडियन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नया वीडियो शेयर करते हुए एक बार फिर बिना नाम लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा है। अपने ताजा वीडियो क्लिप में कुणाल कामरा एक और पैरोडी सॉन्ग सुनाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में वो महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कस रहे हैं और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी जिक्र कर रहे हैं। वीडियो में कॉमेडियन टैक्स को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। कुणाल के इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी आ रहे हैं। कुछ लोग जहां आलोचना को लोकतंत्र के लिए जरूरी बताते हुए कुणाल के इस वीडियो की तारीफ कर रहे हैं।

## साउथ ही नहीं बॉलीवुड में भी अदाकारी का जादू बिखरे चुके हैं मोहनलाल, इन हिंदी फिल्मों में किया काम

**नई दिल्ली।** फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म में मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह साउथ सुपरस्टार सिर्फ मलयालम सिनेमा के ही नहीं, बल्कि



हिंदी फिल्मों के भी जाने-माने नाम हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। आइए उनकी कुछ चुनिंदा हिंदी फिल्मों पर नजर डालते हैं। 'कंपनी' मोहनलाल की सबसे मशहूर हिंदी फिल्मों में से एक है। साल 2002 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन राम गोपाल वर्मा ने किया था। इसमें मोहनलाल ने श्रीनिवास नाम के एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया, जो अंडरवर्ल्ड की दुनिया से टक्कर लेता दिखता है। उनका किरदार बेहद संजीदा और गहराई वाला था। इस फिल्म में अजय देवगन और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे भी थे, लेकिन मोहनलाल की मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा था।

राम गोपाल वर्मा की 'आग' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 1975 की सुपरहिट 'शोले' का रीमेक थी। इसमें मोहनलाल ने इंस्पेक्टर नरसिम्हा का रोल निभाया था, जो मूल फिल्म में संजीव कुमार के ठाकुर के किरदार से प्रेरित था। फिल्म को भले ही सफलता नहीं मिली, लेकिन मोहनलाल की एक्टिंग की तारीफ जरूर हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और अजय देवगन जैसे बड़े सितारे थे। फिर भी मोहनलाल ने अपनी छाप छोड़ने में कामयाबी पाई। 'तेज' साल 2012 में रिलीज हुई एक एक्शन फिल्म थी। इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। इस फिल्म में भी मोहनलाल पुलिसवाले के किरदार में थे। फिल्म में एक्शन, ड्रामा और रोमांच का तड़का था। कैमियो रोल होने के बावजूद मोहनलाल ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। 'हल्ला बोल' साल 2008 में रिलीज हुई एक सोशल ड्रामा फिल्म थी। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मोहनलाल ने एक छोटा लेकिन अहम रोल में दिखे थे। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिक में थे। हालांकि, मोहनलाल ने अपने सीमित स्क्रीन टाइम में भी गहरी छाप छोड़ी थी।

## 'जाट' से डरे राजकुमार राव, आगे बढ़ाई अपनी फिल्म

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर अक्सर दो स्टार्स की फिल्मों के बीच क्लैश देखने को मिलता है। ऐसा ही एक क्लैश 10 अप्रैल को भी होने की उम्मीद थी, लेकिन अब वो टल गया है। क्योंकि राजकुमार राव की फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। जानें कौनसी है फिल्म और कब होगी रिलीज।

अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री वामिका गब्बी पहली बार एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'भूल चूक माफ' में नजर आने वाले हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म की घोषणा करते हुए निर्माताओं की ओर से इसका टीजर जारी किया गया था। ये फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होनी थी। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। मेकर्स ने जानकारी दी है कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। इससे अब राजकुमार राव की फिल्म का क्लैश सनी देओल की 'जाट' से होने से बच गया है।

फिल्म के मेकर्स की ओर से एक नया मोशन पोस्टर जारी किया गया है। जिसमें फिल्म की नई रिलीज डेट की जानकारी दी है। राजकुमार राव





और वामिका गब्बी की ये फिल्म अब 10 अप्रैल की जगह 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के मेकर्स मेडॉक फिल्म्स की ओर से इस मोशन पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा गया, अपनी हल्दी में ही अटक गए रंजन और तितली। क्या उनकी शादी का दिन आएगा कभी? पता चलेगा 9 मई को। 'भूल चूक माफ' सभी सिनेमाघरों में।

फिल्म के जारी पहले टीजर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के किरदारों को अपनी शादी की उत्सुकता से तैयारी करते हुए दिखाया गया था। टीजर में शादी की तारीखें तय करने से लेकर हल्दी तक के दृश्य दिखाए गए थे। दोनों की शादी 30 तारीख को होना तय होता है। फिर शादी से एक दिन पहले रात को सोने के बाद जब राजकुमार राव अगले दिन उठते हैं तो पता चलता है कि अभी तो 29 तारीख ही है। इसके बाद राजकुमार राव का किरदार परेशान हो जाता है और फिल्म एक बड़े ट्विस्ट की ओर इशारा करती है।

फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ाने के पीछे की एक वजह 10 अप्रैल को आ रही सनी देओल की फिल्म 'जाट' भी हो सकती है। क्योंकि सनी देओल-रणदीप हुड्डा की 'जाट' को लेकर काफी ज्यादा बज बना हुआ है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा।

टीजर में नजर आए कई सारे पंच लाइंस से भरपूर इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म का निर्देशन करण शर्मा ने किया है। फिल्म मैडॉक फिल्म्स के अंतर्गत निर्मित की गई है जिसे दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'स्त्री 2' में नजर आए थे। जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसके अलावा राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' को लेकर भी चर्चाओं में बने हुए हैं। वहीं वामिका गब्बी आखिरी बार वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' में नजर आई थीं।

## सात साल बाद भारत में रिलीज हुई धनुष की यह फिल्म, जानें कब और कहां देख सकते हैं आप?

'रांझणा' फेम अभिनेता धनुष अब फिर से भारतीय सिनेमा में अपने अभिनय का जादू बिखेरते दिखेंगे। उनकी फिल्म द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर अब भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही है। सात साल बाद भारत में स्ट्रीम हो रही यह फिल्म। जानें कहां और कब देख सकते हैं आप?

विदेशों में धमाल मचाने के बाद अभिनेता धनुष अब भारतीय प्लेटफॉर्म पर भी नजर आएंगे। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर पूरे सात साल बाद भारतीय दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेगी। इसके निर्माता ने इसे ओटीट पर भी जारी कर दिया है। जानिए कहां देख सकते आप?

धनुष अभिनीत फिल्म द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर में धनुष का एक अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। यह एडवेंचर कॉमेडी फिल्म अब





भारत में अहा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जो तमिल भाषा में मौजूद है। यह फिल्म धनुष की हॉलीवुड में पहली फिल्म है, जो रोमेन पुएर्तोलस के फ्रेंच उपन्यास 'द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर हू गॉट ट्रैप्ड इन ऐन आइकिया वार्डरोब' से प्रेरित है।

केन स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में धनुष ने लवेश पटेल का किरदार निभाया है, जो एक जादूगर है। वह मुंबई स्थित लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि उसके पास कई जादुई शक्तियां हैं और लवेश अपनी कहानी तीन बच्चों को सुनाता है, जो जेल जाने वाले हैं। उसी वक्त फिल्म में एक मोड़ आता हैं, जब उसकी मां की मौत हो जाती है। इसके बाद वह नकली 100 रुपये का नोट लेकर अपने खोए हुए पिता से मिलने पेरिस जाता है। इसी पर आधारित है यह कहानी।

धनुष अभिनीत फिल्म द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर विदेशों में 30 मार्च 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धनुष के अभिनय की काफी तारीफें हुईं थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत कमाल नहीं कर सकी, लेकिन इसने 279. 82 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। फिल्म में धनुष के अलावा बेरेनिस बेजो के रूप में नेली मार्नें, बरखाद आब्दी के रूप में विराज, जेरार्ड जुगनॉट के रूप में गुस्ताव पालोर्डे, सारा-जीन लेब्रोस के रूप में रोज, हर्षद कुमार के रूप में सब्जी विक्रेता, और रोमेन प्यूर्टोलास के रूप में थॉमस ग्रेगोइरे शामिल हैं।

## सिर्फ अथिया ही नहीं इन पांच एक्ट्रेस के घर भी आई खुशखबरी, कुछ के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

साल 2025 में कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के घर खुशखबरी आई है। ये खुशखबरी उनके लिए किसी फिल्म के ब्लॉकबस्टर होने से भी कहीं ज्यादा बड़ी है। इस लिस्ट में अथिया शेट्टी से लेकर कियारा आडवाणी तक कई अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं।

बॉलीवुड के लिए साल 2025 कई मामलों में अब तक अच्छा रहा है। एक ओर जहां बॉलीवुड को साल की शुरूआत में ही छावा जैसी ब्लॉकबस्टर कमाई करने वाली फिल्म मिली, तो वहीं दूसरी ओर ये साल कई स्टार्स के घर भी खुशखबरी लेकर आया है। जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौनसे बॉलीवुड स्टार्स हैं शामिल।

बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी फिल्मों से भले ही दूर हों, लेकिन इस बीच उनके घर सबसे बड़ी खुशखबरी आई है। अभिनेत्री एक बेटी की मां बन गई हैं। उन्होंने 24 मार्च को अपनी बेटी को जन्म दिया है। अथिया ने साल 2023 में



क्रिकेटर केएल राहुल से शादी की थी।

अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'सिंह इज ब्लिंग' में नजर आईं अभिनेत्री एमी जैक्सन ने बीते दिनों अपने बेटे को जन्म दिया है। अभिनेत्री दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने साल 2024 में एड वेस्टविक से शादी की थी।

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इस साल माता-पिता बनने वाले हैं। कपल ने 28 फरवरी को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की थी कि उन्हें जल्द ही अपनी जिंदगी का सबसे प्यारा गिफ्ट मिलने वाला है। कियारा-सिद्धार्थ ने साल 2023 में लंबे अफेयर के बाद शादी की थी।

अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज भी इस साल मां बनने वाली हैं। इसकी जानकारी खुद अभिनेत्री ने फरवरी में अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए दी थी। इसमें उन्होंने स्नैक्स की फोटो शेयर करते हुए लिखा था, मुझे बताइए कि आप प्रेग्नेंट हैं, ये बिना बताए कि आप प्रेग्नेंट हैं। इलियाना दूसरी बार मां बनने जा रही हैं। इलियाना ने साल 2023 में माइकल से गुपचुप तरीके से शादी रचा ली थी।

## एल्विश यादव के साथ रिलेशनशिप के दावे पर अभिनेत्री ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 की प्रतियोगी मनारा चोपड़ा ने एल्विश यादव से डेटिंग वाली बात पर प्रतिक्रिया दी है। बीते दिनों यूट्यूबर एल्विश ने अपने पॉडकास्ट के प्रोमो में कहा था कि उनका चक्कर मनारा के साथ चल रहा है। अब इसपर मनारा ने अपने नए गाने के बोल गाकर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं आखिर अभिनेत्री ने क्या कहा। यूट्यूबर एल्विश यादव से रिलेशनशिप वाले जवाब में मनारा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह यूट्यूबर द्वारा उनके साथ रिश्ते वाली बात को सुनते हुए दिख रही हैं। साथ ही वह कई तरीके के रिएक्शन भी देती हुई दिखाई दे रही हैं। इसे देखने के बाद मनारा ने हाल ही में ही रिलीज हुआ उनका गाना अजीब दास्तां है गाने लगती हैं। इसके अलावा वह यह भी कहती हैं कि उनकी जिंदगी में ऐसी कई अजीब दास्तां होती रहती हैं। पोस्ट शेयर करते हुए मनारा ने कैप्शन में लिखा कि एल्विश यादव के साथ उनकी अजीब दास्तां।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस की टीम, स्टोर रूम और आसपास की जगह की सील



**नई दिल्ली (यूएनआई)।** दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है। इस पर सीजेआई ने कहा, सार्वजनिक बयान न दें। मामले में एक महिला और सह-याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर ऐसा मामला किसी आम नागरिक के खिलाफ होता तो सीबीआई और ईडी जैसी कई जांच एजेंसियां उसके पीछे लग जातीं। सीजेआई ने कहा, यह काफी है। याचिका पर उसी के अनुसार सुनवाई होगी। नेदुम्परा और तीन अन्य लोगों ने रविवार को एक याचिका दायर कर पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है। कथित नकदी की बरामदगी 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद हुई। मौके पर अग्निशमन अधिकारी पहुंचे थे। विवाद के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा को उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेजने की सिफारिश की। 22 मार्च को सीजेआई ने आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया और घटना में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की जांच रिपोर्ट अपलोड करने का फैसला किया। इसमें कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने की तस्वीरें और वीडियो शामिल थे। हालांकि, न्यायमूर्ति वर्मा ने आरोपों को खारिज किया और कहा कि उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोररूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी गई। इस बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस कमेटी के तीन सदस्यों ने आरोपों की जांच शुरू करने के लिए न्यायमूर्ति वर्मा के आवास का दौरा किया था।

# लालू यादव की पार्टी के हिंदू विधायक ने खुद को बता दिया मुसलमान

- मैं मोहम्मद मुन्ना ही तो हूं
- भाजपा वाले इस प्रेम को देखकर जलते हैं



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच विभिन्न राजनीतिक दल मुस्लिम समुदाय के वोटों को साधने में जुटे हुए हैं। इस क्रम में मुजफ्फरपुर के मीनापुर से पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की पार्टी के विधायक राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक ने खुद को मो मुन्ना बताते हुए कहा कि उनकी जनता उन्हें मुन्ना यादव, मुन्ना कुमार या मुन्ना जी नहीं, बल्कि मोहम्मद मुन्ना कहकर बुलाती है। यह बात उन्होंने गर्व के साथ कही और बताया कि ऐसा सुनकर उन्हें खुशी महसूस होती है।

बीते चार दिनों पहले मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक मुन्ना यादव ने एक दावते इफ्तार का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि यह पाक माह है, जिसमें सभी धर्मों के लोग एक साथ आते हैं। उन्होंने बताया कि वे भी इस अवसर पर शामिल होते हैं और आपसी प्रेम एवं सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। विधायक मुन्ना यादव ने आगे कहा कि इस आयोजन में शामिल होने वाले लोग उन्हें मोहम्मद मुन्ना कहकर बुलाते हैं, जो उन्हें बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी मुस्लिम जनता उन्हें मो मुन्ना कहकर संबोधित करती है, और यह उनके लिए गर्व की बात है।

इसके अलावा, उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोला। कहा कि भाजपा वाले जनता से उनके प्रेम को देखकर जलते हैं। अब राजद विधायक के इस बयान पर सियासत गरमा गई है।

# पाकिस्तान को खाली करना ही होगा अवैध कब्जा

- यूएन में भारत की पाकिस्तान को खरीखरी



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पी हरीश ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की टिप्पणी को खारिज करते हुए अवैध रूप से कब्जाए भूखंड के मामले में भी पड़ोसी देश को आईना दिखाया। भारत ने एक बार फिर साफ किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर से जुड़ी पाकिस्तानी टिप्पणी को खारिज करते हुए राजदूत पी हरीश ने कहा, पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है। इस तरह बार-बार संदर्भ देने से उनके अवैध दावे मान्य नहीं हो सकते। न ही पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराया जा सकता है। भारत ने दो टूक लहजे में एक बार फिर स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा रखा है, जिसे उसे खाली करना ही होगा। बकौल पी हरीश, हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र जैसे मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा, भारत इस मामले में अधिक विस्तृत उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने से परहेज करेगा। इस सत्र में, जो शांति स्थापना में सुधारों पर केंद्रित था, भारत ने सुरक्षा मिशनों को नई चुनौतियों के अनुसार अनुकूलित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# 10 लाख तक मिलेगा कैशलेस इलाज हरपाल चीमा ने किया बड़ा ऐलान

- टैक्स रेवन्यू में हुई 14 फीसदी की बढ़ोतरी
- 65 लाख परिवार को बीमा योजना का लाभ



**चंडीगढ़ /ब्यूरो कार्यालय।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार यानी की 26 मार्च को विधानसभा में साल 2025-25 का बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि आप सरकार की ओर से प्रदेश के सभी लोगों को सेहत कार्ड जारी किया जाएगा। जिससे पंजाब के लोग सरकारी और निजी अस्पतालों में 10 लाख तक का कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकें।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत पंजाब सरकार ने 778 करोड़ आवंटित किए हैं। पंजाब के वित्त मंत्री ने साल 2025-26 के लिए 2,36,080 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि भगवंत मान सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर पंजाब के लोगों को मजबूत करने का काम किया है।

पंजाब अब प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। इस साल त्रस्छ्रक में 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं सरकार ने अगले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। पंजाब के टैक्स रेवन्यू में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अपने बजट भाषण में हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार भगवंत मान सरकार ने आगामी वित्त वर्ष में राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना को सार्वभौमिक बनाने और राज्य के सभी 65 लाख परिवारों को इसमें बीमा योजना में 'कवर' करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना में कोई रोक या भेदभाव नहीं किया जाएगा। ग्रामीण से लेकर शहरी, अमीर से लेकर गरीब तक हर व्यक्ति को इसका दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति केंद्रों के उपयोग आदि को समझने के लिए पहली बार मादक पदार्थ से जुड़ी गणना भी कराएगी। जिससे प्रदेश सरकार बॉर्डर इलाकों में सीमा सुरक्षा बल के साथ 5 हजार होमगार्ड तैनाती करेगी। जिससे दूसरी रक्षा पंक्ति स्थापित हो सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार नशे की व्यापकता, नशा मुक्ति केंद्रों के उपयोग आदि को समझने के लिए पंजाब में पहली बार मादक पदार्थ से जुड़ी गणना करने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में पंजाब की उल्लेखनीय प्रगति के पीछे मुख्यमंत्री भगवंत मान का दूरदर्शी नेतृत्व प्रेरक शक्ति का बड़ा योगदान रहा है। हरपाल सिंह चीमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2,36,080 करोड़ रुपये के बजट व्यय का प्रस्ताव रखा।

# इमामोग्लू को जेल भेजे जाने के खिलाफ प्रदर्शन तेज



**इस्तांबुल।** तुर्किये में मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार ने कई पत्रकारों को गिरफ्तार किया। एक मीडिया संगठन ने सरकार के इस कदम की निंदा की है। वहीं, इमामोग्लू ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से तुर्किये में बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, एक मीडिया संगठन ने बताया कि सरकार ने कई पत्रकारों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया है। इमामोग्लू को राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। एक अदालत ने रविवार को आधिकारिक रूप से इमामोग्लू को गिरफ्तार करने और उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल भेजने का आदेश दिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद बुधवार को तुर्किये में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जो पिछले दस वर्षों में सबसे बड़े माने जा रहे हैं। इससे लोकतंत्र और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। डिस्क-बेसिन-इस मीडिया वर्कर्स यूनियन ने कहा कि आठ पत्रकारों और फोटो पत्रकारों को हिरासत में लिया गया है। संगठन ने इसे मीडिया की आजादी और लोगों के सच जानने के अधिकार पर हमला बताया और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। सोशल मीडिया मंच एक्स ने कहा कि वह तुर्किये के अधिकारियों की ओर से जारी कई कानूनी आदेशों का विरोध कर रहा है, जिनमें 700 से अधिक खातों को ब्लॉक करने के निर्देश भी शामिल हैं। इनमें समाचार संगठनों, पत्रकारों और राजनीतिक हस्तियों के खाते भी शामिल हैं। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि मेयर इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद से अब तक 1,133 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# अमेरिका-रूस को दोस्त बनाने की कवायद, पुतिन ने ट्रंप को उनकी तस्वीर तोहफे में दी



**मॉस्को (यूएनआई)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को रूस का दोस्त बनाने की कवायद की है। पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को उनका चित्र भेंट किया है। हालांकि, इससे पहले भी पुतिन 2018 में, ट्रंप को एक सॉकर बॉल भेंट कर चुके हैं, जिसकी पहले एहतियात के तौर पर जांच की गई थी। फिलहाल, इस चित्र की जांच हुई या नहीं। इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनका एक चित्र भेंट किया है, जिसे उन्होंने बनवाया था। पुतिन ने यह चित्र इस महीने की शुरुआत में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को मॉस्को में दिया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में आगे कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया। विटकॉफ ने सबसे पहले इस उपहार का उल्लेख पिछले सप्ताह एक साक्षात्कार में किया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने फॉक्स न्यूज के हवाले से बताया कि जब विटकॉफ ने ट्रंप को इस चित्र को दिया तो वह इससे प्रभावित हुए और उन्होंने इसे सुंदर बताया। साक्षात्कार के दौरान, विटकॉफ ने पुतिन के उपहार को दयालु बताया। विटकॉफ ने पुतिन की उस बात को याद किया, जब उन्होंने बताया था कि पिछले साल उन्होंने ट्रंप के लिए प्रार्थना की थी, जब उन्हें पता लगा कि पेंसिल्वेनिया में अभियान रैली के दौरान ट्रंप पर गोली चलाई गई थी। पुतिन की टिप्पणियों को याद करते हुए विटकॉफ ने कहा, वह अपने दोस्त के लिए प्रार्थना कर रहे थे। विटकॉफ ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर रूसी अधिकारियों से चर्चा करने के बाद पुतिन से मुलाकात की। उधर, सोमवार को सऊदी अरब में शांति वार्ता जारी रही, जहां अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेनी वार्ताकारों से मुलाकात के एक दिन बाद अपने रूसी समकक्षों से मुलाकात की। इससे पहले भी 2018 में, पुतिन ने ट्रंप को एक सॉकर बॉल भेंट की थी, जिसे सीक्रेट सर्विस ने सुरक्षा कारणों के चलते पहले जांचा था। इसके बाद ही ट्रंप ने इस उपहार को अपने बेटे को दिया। यह जांच इसलिए की गई, क्योंकि 1945 में, सोवियत स्कूली बच्चों ने तत्कालीन अमेरिकी राजदूत एवरेल हैरिमन को यूनाइटेड स्टेट्स की ग्रेट सील की एक नक्काशी उपहार में दी थी। यह छह साल तक उनके कार्यालय में लटकी रही। इस उपहार में एक सुनने वाला उपकरण लगा था, जिससे सोवियत संघ को उनकी बातचीत सुनने का मौका मिला। हालांकि, इस बारे में पता नहीं चल पाया कि पुतिन ने ट्रंप को जो चित्र अब भेंट किया है, उसमें बग की जांच की गई थी या नहीं। व्हाइट हाउस ने चित्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# युवाओं का भविष्य सफल बनाने में विफल रही केंद्र सरकार : प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली (यूएनआई)।** केंद्र पर शिक्षा की ओर समुचित ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा में कांग्रेस के एक सदस्य ने दावा किया कि बीते बरसों के दौरान स्कूलों में दाखिलों की संख्या घटी है, जो बताती है कि सरकार देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने में विफल रही है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय की शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली ''यूडीआईएसी'' रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में स्कूलों में दाखिला 25.17 करोड़ कम हो गया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में इन स्कूलों में दाखिलों में 24.8 करोड़ की कमी आई।

प्रमोद तिवारी ने कहा ''इससे पता चलता है कि मोदी सरकार देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने में विफल रही है। यह आर्थिक कुप्रबंधन को दिखाता है। गरीबों को अपने बच्चों को स्कूल से निकालना पड़ रहा है।' उन्होंने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और असम का कहना है कि उनके स्कूल के कमरों का उपयोग कम हो रहा है जबकि तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब जैसे राज्यों में दबाव और बुनियादी ढांचों की समस्या है। प्रमोद तिवारी ने आगे कहा, ''लाखों बच्चों का स्कूल से बाहर होने का आंकड़ा चेतावनी देने वाला है।'' उन्होंने पूछा कि सरकार कैसा हिंदुस्तान बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह एक पीढ़ी की शिक्षा तक पहुंच खोने का मामला है। तिवारी ने कहा कि स्कूलों में नामांकन कैसे घट रहा है, इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शिक्षा का बजट भी कम हो गया है। ''सरकार वास्तव में ''शिक्षित बेरोजगार'' नहीं पैदा होने देना चाहती। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इस साल शिक्षा को सर्वाधिक बजट मिला है। भाजपा की डॉ संगीता बलवंत ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में ''सीएसडी कैंटीन'' स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद, महावीर चक्र विजेता रामउग्रह पांडेय, मोहम्मद इश्तियाक खान हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सेनाओं को मिला कर 3382 वीर नारियां यहां रहती हैं। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में करीब 30 हजार पूर्व सैनिक रहते हैं और वर्तमान में सेवारत 40 हजार सैनिक गाजीपुर से हैं। उन्होंने कहा कि इतने सैनिक देने वाले गाजीपुर में 'सीएसडी कैंटीन' नहीं है। उन्होंने कहा कि सैनिकों को सामान लेने के लिए करीब 100 किमी दूर वाराणसी जाना पड़ता है इसलिए गाजीपुर में एक 'सीएसडी कैंटीन' खोला जाना चाहिए।

# अमेरिका से बाहर जाने से डर रहे ग्रीन कार्ड

- एच-1बी और एफ-1 वीजा धारक, ट्रंप प्रशासन में बढ़ी परेशानी





**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन नीतियों को लेकर सख्ती की गई है। यही वजह है कि अमेरिका आने और जाने वाले अप्रवासी लोगों को भारी पूछताछ और जांच का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि भारतीय अप्रवासी अमेरिका से बाहर यात्रा करने से डर रहे हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जब से कहा है कि ग्रीन कार्ड धारक के पास भी अनिश्चितकाल तक अमेरिका में रहने का अधिकार नहीं है, इसके बाद से अमेरिका में रह रहे ग्रीन कार्ड, एच-1बी वीजा और एफ-1 वीजा धारक, इन दिनों देश से बाहर जाने से डर रहे हैं। इसकी वजह है कि ट्रंप प्रशासन में आव्रजन नीतियों में हो रही सख्ती। अमेरिका में बड़े पैमाने पर भारतीय ग्रीन कार्ड, एच-1बी और एफ-1 वीजा के जरिए अमेरिका में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। यही वजह है कि भारतीयों में इसे लेकर खासा तनाव और चिंता है। आव्रजन वकीलों ने भी इन लोगों को अमेरिका से बाहर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। ट्रंप प्रशासन में अप्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है, फिर चाहे वो अवैध अप्रवासी हो या फिर कानूनी तौर पर अमेरिका में रह रहे अप्रवासी। विदेश जाने वाले या फिर विदेशों से अमेरिका वापस आने वाले लोगों को घंटों पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है और एयरपोर्ट पर ही उनके सभी वैध दस्तावेजों की मांग की जा रही है। अमेरिका की यूएस सिटिजन एंड इमीग्रेशन सर्विसेज या यूएससीआईएस, इमीग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट या आईसीई, डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी या डीएचएस और कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन या सीबीपी जैसी एजेंसियां अप्रवासियों पर नजर रख रही हैं। हालांकि जो लोग वैध तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें निर्वासित किए जाने का खतरा कम है, लेकिन उन्हें भी घंटों पूछताछ और चेकिंग का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन 43 देशों के नागरिकों के अमेरिका में आने को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रहा है।

# ईद की सेवई खिलाना चाहते हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगी : सीओ अनुज चौधरी

**पीस कमेटी की बैठक**

(यूएनआई)



**संभल।** संभल के सीओ अनुज चौधरी ने पीस कमेटी की बैठक में कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, न कि किसी विशेष समुदाय के खिलाफ कार्रवाई करना। हम केवल इतना चाहते हैं कि शांति व्यवस्था बनी रहे और कोई भी उपद्रव न हो। सीओ ने कहा कि अगर आप ईद की सेवई खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी। इससे पहले बैठक में एएसपी श्रीश्चंद ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है। संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। इस दौरान एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम वंदना मिश्रा शामिल थे। सीओ अनुज चौधरी ने लोगों को शांति बनाए रखने को कहा। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने घर की छतों पर नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, जिस पर प्रशासन ने साफ इनकार कर दिया। होली और जुमे की नमाज को लेकर दिए गए बयान पर उठे विवाद के बीच सीओ अनुज चौधरी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सिर्फ शांति बनाए रखना था और उन्होंने किसी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौधरी ने कहा कि अगर मेरा बयान गलत था तो लोग हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाते, सजा दिलाते। उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने जोर देकर कहा कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए बराबर काम कर रहे हैं। दरअसल, होली से पहले सीओ चौधरी ने कहा था कि होली साल में एक बार आती है, लेकिन जुमे की नमाज 52 बार होती है। जिसे रंगों से परेशानी हो, वह उस दिन घर में ही रहे।

इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। अब सीओ चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था, बल्कि सभी त्योहारों का सम्मान बनाए रखना था। हम चाहते हैं कि हर जगह शांति बनी रहे। उन्होंने आपसी भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि अगर आप ईद पर सेवइयां खिलाना चाहते हैं तो आपको गुझिया भी खानी पड़ेगी। जब एक पक्ष खाता है और दूसरा नहीं, तो भाईचारा वहीं खत्म हो जाता है। संभल में हाल ही में हुई हिंसा पर पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए थे।

# मस्क की कंपनी टेस्ला के शोरूम को दहलाने की साजिश

**टेक्सास।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला को निशाना बनाने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। सोमवार को ऑस्टिन में टेस्ला के शोरूम को दहलाने की साजिश की गई। पुलिस को शोरूम से ज्वलनशील उपकरण मिले हैं, जिन्हें कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के ऑस्टिन में शोरूम पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को कई ज्वलनशील उपकरण पाए गए, जिसकी ऑस्टिन पुलिस जांच कर रही है। यह घटना मस्क की कंपनी को निशाना बनाकर की गई घटनाओं की श्रृंखला में नया मामला है। ऑस्टिन पुलिस ने खतरनाक पदार्थों की रिपोर्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और ज्वलनशील उपकरणों को ढूंढकर बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया। बम निरोधक दस्ते ने बिना किसी समस्या के उपकरणों को अपने कब्जे में ले लिया।

# कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव से विद्यार्थियों को मिली नई ऊर्जा: कुलपति

- पीयू के विद्यार्थियों की प्लेसमेंट की राह होगी आसान
- कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों से विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में देश के विभिन्न भागों से उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों से विद्यार्थियों ने सीधा संवाद किया है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को कारपोरेट जगत की मांग के अनुरूप तैयार करने के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में इस कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में आए विशेषज्ञों से विस्तार से चर्चा की और आज की कारपोरेट जगत और उद्योग में जो नई मांग बढ़ी, विद्यार्थियों को उसके अनुरूप कैसे तैयार किया जाए इसको सूचीबद्ध कराया। जल्दी ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल के माध्यम से इस पर काम किया जाएगा। उन्होंने कंपनियों में परिसर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए ट्रेंनिंग प्लेसमेंट के लिए भी प्रस्ताव रखा जिस पर विशेषज्ञों ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह निश्चित तौर पर इस बात का द्योतक है कि उनमें बहुत कुछ करने की और जानने की चाह है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में और ऑनलाइन आर्यभट्ट सभागार में एक साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उद्घाटन और प्लेनरी सत्रों में प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए समानांतर छात्रों का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञों ने उनके सवालों का समाधान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य जब बेहतर रिश्ते होंगे तभी हम अच्छे प्रोफेशनल्स तैयार कर पाएंगे।

**प्रश्नोत्तरी सत्रों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग-** कहां-कहां हैं रोजगार के अवसर, सीवी कैसे बनाएं कंपनियां क्या चाहती हैं, इंटरव्यू की कैसे करें तैयारी सोशल मीडिया प्रोफाइल क्या मायने रखता है, जैसे सवाल विद्यार्थियों ने कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में आए विशेषज्ञों से पूछे और उसका उन्हें जवाब मिला। विद्यार्थियों में कॉर्पोरेट कांक्लेव में प्रतिभा करने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा हाल भरा रहा और खड़े होकर विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के व्याख्यान सुने।



## अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में कॉन्क्लेव का हुआ समापन

कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का मंगलवार की देर शाम विद्यार्थियों से सीधे संवाद के बाद समापन हुआ। समापन सत्र में पूर्व डीजीएम, सैमसंग, विनीत सिंह ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन और मेंटरशिप प्रोग्राम वर्ष मे एक बार एक साथ होना चाहिए ताकि छात्रों को प्रेरणा और ज्ञान प्राप्त हो सके।

अम्बिका स्टील दिल्ली के सीएचआरओ विकास पुरी ने इस कॉर्पोरेट सम्मेलन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि सोच बदलने से जिंदगी बदल जाती हैं। आपका जीवन के प्रति जैसा व्यवहार रहेगा आपका भविष्य उसी प्रकार का होगा।

बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्रीय केंद्र, नोएडा के सुदीप भर ने बताया कि यदि आप अपने जूनून के पीछे भागेंगे तो पैसा एक दिन आपके पीछे भागेगा। इसलिए हमें अपने लक्ष्य के अनुसार काम करना चाहिए। हमारी अर्थव्यवस्था को लगभग दस प्रतिशत की दर से प्रति वर्ष जी डी पी मे वृद्धि करने की आवश्यकता है, जिससे हम अपने प्रतिस्पर्धी देशों से आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि हमे देश में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

एसटीएम माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के अतुल मिश्रा ने कहा कि यह सम्मेलन उद्योग जगत और विद्यार्थियों के बीच मे मुख्य कड़ी का काम करेगी। उन्होंने आगे बोला कि आज का युवा एक हीरे का समान हैं, जिसे शिक्षक जितना घिसेगा वह उतना ही उभर कर आएगा। छात्र उस बीज के समान है जिसका पूरा विकास शिक्षा और शिक्षक पर आधारित हैं। छात्रों को अपने जीवन में दूरदर्शी और सफल होना चाहिए। डॉ. आशुतोष सिंह ने समापन समारोह का सञ्चालन किया. उन्होंने सभी उद्योग जगत के सम्मानित लोगो से विश्वविद्यालय और वहा के छात्रों के बारे मे प्रतिक्रिया लिया। सत्र के अंत मे प्रो. मानस पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किये विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें उद्योग जगत के विशेषज्ञों से मिलकर सफलता का मंत्र मिला है. छात्रा अर्पिता शुक्ला ने कहा कि कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव 2025 कॉर्पोरेट परिदृश्य में उभरते रुझानों का पता लगाने के लिए एक बेहतरीन मंच था। इसमें व्यावहारिक चर्चाएँ, नेटवर्किंग के अवसर और उद्योग जगत के नेताओं के साथ मूल्यवान बातचीत शामिल रही। वर्तमान और भविष्य की कॉर्पोरेट रणनीतियों के बारे में गहन जानकारी मिली है। छात्रा पौखी खत्री ने कहा कि इसमें बहुत कुछ सीखने को मिला अगर आप कुछ नया व्यवसाय या नौकरी कर रहे हैं तो अनुभवी लोगो और सहयोगियों के अनुभव को अपने जीवन में उतारे. शिवम अस्थाना ने कहा कि यह बड़ी सीख है कि अपने माता-पिता के पैसे को नए व्यवसाय में इन्वेस्ट नहीं चाहिए क्योंकि व्यवसाय में रिटर्न आने में काफी लम्बा समय लगता है।

### कॉरपोरेट कॉनक्लेव में आए ये विशेषज्ञ

कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में सुनील दत्त, अध्यक्ष, रिलायंस जिओ इंफ़ोकोम ऑनलाइन जुड़े। इसके साथ ही रंजीव कपूर, पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कॉनकॉर्ड मोटर्स इंडिया, संदीप खन्ना, पूर्व वैश्विक प्रबंधक, शेल पेट्रोल एवं विमान विशेषज्ञ, अतुल जैन, पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एप्टेक लिमिटेड, भास्कर भट्टाचार्य, जॉइंट प्रेसिडेंट और हेड स्टाफ हिंडाल्को मुंबई, विनीत सिंह, संस्थापक विनीत सिंह और एसोसिएट्स, पूर्व निदेशक सामान्य प्रबंधक, सैमसंग, इंडिया, डॉ. सुदीप भर ,सहयोगी निदेशक और प्रशासनिक नियंत्रक, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्रीय केंद्र, नोएडा, विकास पूरी ,मुख्य मानव संसाधन अधिकारी अंबिका स्टील्स लिमिटेड, नई दिल्ली, अमित मिश्रा, सीनियर ग्रुप मैनेजर एसटीएम माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा, शशांक शेखर, उपाध्यक्ष कानूनी हाइडेलबर्ग सीमेंट और जुआरी सीमेंट ने विद्यार्थियों से संवाद किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया गया।

# महिलाएं ग्राम पंचायत के कार्यों का संपादन करें: सुनील यादव



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उपनिदेशक (पंचायत) वाराणसी मंडल वाराणसी के तत्वाधान में जनपद जौनपुर के समस्त महिला प्रधान का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है जो दिनांक 19 मार्च 2025 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित की जा रही है।उसी क्रम विकास खंड करंजाकला के सभागार में दो दिवसीय अनावासीय महिला ग्राम प्रधान का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विकास खंड करंजाकला के सभागार में विकासखंड, खुटहन और करंजाकला की समस्त महिला ग्राम प्रधान का पंचायती राज व्यवस्था,नेतृत्व क्षमता,संचार कौशल और लैंगिक समानता विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का शुभारंभ सुनील यादव,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कारंजकला, बृजेश यादव,ब्लॉक प्रमुख खुटहन, पवन कुमार,खंड विकास अधिकारी करंजाकला रामकृष्ण यादव, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) करंजाकला, सुनील सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबंधक, डीपीआरसी चंदौली, प्रशिक्षक एवं महिला प्रधान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करंजाकला ने महिला प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्वों को समझे और स्वयं ग्राम पंचायत के कार्यों का संपादन करे, और महिलाओं और बच्चों से जुड़े उनके समस्याओं के सुने और उनके समस्याओं का निदान करे, विधवा, निराश्रित महिला और वंचित समुदाय को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करे। आज प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत का गठन,पंचायत समितियां,प्रधान की भूमिका और दायित्व,ग्राम प्रधान को पद से हटाने की प्रक्रिया, सतत विकास लक्ष्य,जेंडर,लिंग आधारित भेद भाव पर प्रशिक्षण किया गया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर विनय कुमार दुबे,नेहा पाल और सुनील सिंह के द्वारा दिया गया।

# डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कर रही है कार्य: नन्दी

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज बॉदा में आयोजित कार्यक्रम में आज उत्तर प्रदेश सरकार के मा0 मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, निवेश प्रोत्साहन विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बॉदा नन्द गोपाल गुप्ता (नन्दी ) एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष'' पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित लाभार्थियों एवं जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मा0 मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता ने कहा कि मा0प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर संचालित किया जा रहा है, जिसका प्रभाव सभी लोगों को देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पीएम स्वनिधि योजना, श्रमिकों को टूल किट दिये जाने के साथ महिलाओं के हितों के लिए उज्जवला योजना, कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व वन्दन योजना संचालित की गयी हैं, जिससे महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, किसानों एवं अन्य वर्ग के लोगों को बिना किसी भेदभाव के साथ योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी तरीके से पुलिस भर्ती एवं अन्य भर्तियां बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए संचालित की जा रही हैं। विगत 8 वर्षो में 8.5 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी तथा 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मेरिट के अनुसार बिना किसी भेदभाव के प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सुरक्षा, सुशासन समृद्धि के साथ धार्मिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों तथा पर्यटकों को आकर्षित करने में देश में प्रथम स्थान पर है। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, कृषि निवेशों में किसानों को देय अनुदान, राष्ट्रीय शिक्षा निति तथा देश में ऐथनाल के उत्पादन व आपूर्ति करने एवं कौशल विकास निति को लागू करने में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

## गोपाल दास और हनुमानगंज एएस को पूरे अंक

**प्रयागराज।** गोपाल दास क्लब और हनुमानगंज एएस क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले मैच में का यूनिटी क्लब ने 21.2 ओवर में 65 रन (अमित यादव 13, आदित्य 10, कृष्ण यादव 3/16, अथर्व त्रिपाठी 2/04, अमन खान 2/12) बनाए। जवाब में गोपाल दास क्लब ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 67 रन (अमन खान 28, प्रीतेश यादव 21, अमित यादव, नादिर सफीर खान, दिव्यांश व आयु पांडेय एक-एक विकेट) बना लिए। अमन खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 23.4 ओवर में 118 रन (मोहम्मद हम्माद 35, अबू बकर 22 नाबाद, मोहम्मद हमजा खान 11, प्रतीक यादव 3/26, प्रतीक 3/28, विवेक कुमार 2/18) बनाए। जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब ने 20.1 ओवर में 6 विकेट पर 119 रन (अंशु विश्वकर्मा 52, शिखर 13, अल्तमश 2/18, मोहम्मद बशर 2/31) बना लिए। प्रतीक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# एक सप्ताह में जांची गई तीन चौथाई कॉपियां

- अब एक सप्ताह में जांची जाएंगी 25 फीसदी उत्तर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की 75 फीसदी कॉपियों का मूल्यांकन सात दिनों में पूरा हो गया। बोर्ड ने कॉपियों के मूल्यांकन को पूरा करने के लिए 15 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि, केवल 25 फीसदी कॉपियां जांची जानी शेष रह गई हैं। यूपी बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन की यही रफ्तार रही तो अगले तीन से चार दिनों में यह कार्य पूरा हो जाएगा। इस माह के अंत तक सभी कॉपियां जांच ली जाएंगी। ऐसे में परीक्षाफल भी समय से घोषित किया जा सकेगा। मूल्यांकन के बाद परीक्षाफल तैयार होने में एक माह का वक्त लगेगा, सो परिणाम मई के पहले या दूसरे हफ्त में जारी होने की उम्मीद है। मूल्यांकन के लिए प्रदेशभर में 261 केंद्रों पर 14,3473 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई है, जिनमें से 80,024 परीक्षा मंगलवार को केंद्रों में उपस्थित रहे। इन परीक्षकों ने मंगलवार को हाईस्कूल की 17,15,270 व इंटरमीडिएट की 14,53,045 (कुल 31,68,315) कॉपियां जांचीं, जो कुल कॉपियों का 10.51 फीसदी हैं। यूपी बोर्ड ने 19 मार्च से मूल्यांकन शुरू कराया था और दो अप्रैल तक कुल तीन करोड़ एक लाख 48 हजार 236 कॉपियों को जांचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक कुल दो करोड़ 25 लाख 78 हजार 416 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है, जिनमें हाईस्कूल की एक करोड़ 31 लाख 33 हजार 348 व इंटरमीडिएट की 94 लाख 45 हजार 68 कॉपियां शाामिल हैं। अगर परीक्षकों की उपस्थिति कम नहीं होती है तो कॉपियों का मूल्यांकन कार्य अगले तीन से चार दिनों में पूरा हो जाने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज होगा पालीटेक्निक कालेज में रोजगार मेला का आयोजन

**जौनपुर।** शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0, के निर्देश के क्रम में उ0प्र0 सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय पालीटेक्निक कालेज जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में 27 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय पालीटेक्निक कालेज परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के सहयोग से बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त कराना हैं, जिसमें अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के सापेक्ष की भर्ती की जायेंगी। रोजगार मेलें में अन्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0 प्रूफ सहित एवं वेव पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

### यातायात जागरूकता में चार सौ छात्रों ने लिया भाग




**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में टी0डी0 कालेज के प्राचार्य/ शिक्षकगण तथा यातायात प्रभारी जौनपुर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये यातायात जागरुकता के दृष्टिगत टी0डी0 कॉलेज से करीब 400 बच्चों के द्वारा रैली निकाली गयी, जो टी0डी0 कालेज से निकलकर रोडवेज होकर जेसिज चौराहा से वाजीदपुर तिराहा होते हुवे वापस टीडी कालेज पहुची। उक्त कार्यक्रम/ रैली का आयोजन टी0डी0 कालेज के प्राचार्य राम आसरे सिंह, कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 आशा रानी, डॉ0 प्रशान्त त्रिवेदी. डॉ0 बालमुकुन्द सेठ, डॉ0 विजय लक्ष्मी, डॉ0 अनुराग चौधरी, डॉ0 राजेन्द्र गुप्ता, तथा प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र के सहयोग से निकाला गया, जिसका मकसद लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना था, जिससे दिन प्रतिदिन बड़ती दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके।

### नंदी ने मिशन शक्ति जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**बांदा।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में दिनांक 25, 26 व 27 मार्च को समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 26.03.2025 को मा0 कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा से मिशन शक्ति जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । मिशन शक्ति जागरुकता रैली के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को प्रदेश सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, हेल्पलाइन नम्बरों व सुरक्षा उपायों के बारे में जागरुक किया जायेगा।

### अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने प्रवीण निगम

**बांदा।** आईआरएस डॉ अनूप श्रीवास्तव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव की पहल पर अखिल भारती का महासभा अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप निगम ने वंचितों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण निगम को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अधिवक्ता परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अनूप निगम ने बधाई देते हुए कहा है कि प्रवीण निगम एक अच्छे अधिवक्ता के साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं जो समय समय पर समाज हित में अपना योगदान देते रहते हैं। ये एक हर्ष का विषय है। की परिषद ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है। उसे वो अच्छे से निभायेंगे शीघ्र ही उत्तर प्रदेश बार काउंसिल और शिक्षक विधायक के चुनाव के पूर्व उनके इस दायित्व को अहम माना जा रहा है।

### मऊ किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल का शिक्षा की जगत में एक अलग पहचान

**आजमगढ़।** जनपद मऊ के मोहम्मदाबाद गोहना के गालिबपुर किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल का शिक्षा की जगत में एक अलग पहचान है ग्रामीण अंचल में शहरों जैसी सुविधाओ से युक्त जिसके चेयरमैन डॉ प्रवीण कुमार मद्धेशिया और डायरेक्टर मोनिका गुप्ता ह इस स्कूल में नए सत्र 2025 26 प्रवेश प्रारंभ है जहां टेन प्लस टू तक सीबीएसई बोर्ड न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम की शिक्षा प्रदान की जाती है इस स्कूल में 3000 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे शिक्षा से संबंधित सारी सुविधाएं देश प्रदेश और क्षेत्र के अनुभवी टीचरो द्वारा बच्चों को शिक्षा दी जा रही है स्कूल में कंप्यूटर लैब लाइब्रेरी प्रयोगशाला इंडोर आउट डोर गेम्स बच्चों के लिए एक्टिविटी रूम झूले खेल सामग्री शिक्षा की साथ-साथ नृत्य गायन के लिए म्यूजिकल स्टूमेंट स्कॉलरशिप जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध है जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का चरित्र निर्माण भी कर रहा है।

## नवागत तहसीलदार अनुराग सिंह ने तहसील लालगंज में किया कार्यभार ग्रहण



**लालगंज,आजमगढ़।** तहसील लालगंज में नवागत तहसीलदार अनुराग सिंह ने कार्यभार बुधवार को ग्रहण किया, उन्होंने एक प्रेस वार्ता में बताया है कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा। पीड़ित,उपेक्षित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर उनके समस्याओं को निदान किया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए प्रार्थना पत्र का समय सीमा के अंदर उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई दिनों से न्यायालय नहीं चलने के कारण काश्तकार व पीड़ित व्यक्ति परेशान रहते हैं। और कि सामंजस्य बनाकर न्यायालय संचालित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन तहसीलदार शैलेश कुमार का स्थानांतरण सदर तहसील के लिए हो गया है। नवागत तहसीलदार ने तहसील कार्यालय में बैठकर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। लोगों को शासन के मंशा अनुसार कार्य करने की हिदायत भी दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लालगंज,रत्नेश कुमार, मनोज कुमार गिरी सहित समस्त स्टाफउपस्थित थे।

## आदित्य की गेंदबाजी से कायस्थ पाठशाला क्लब को मिले पूर्ण अंक




**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला क्लब के तत्वाधान में आयोजित कायस्थ पाठशाला कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के आदित्य यादव ने ( 7 - 1 - 40 - 3 ) सफलता हासिल किए हैं।

बुधवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में नौ विकेट पर 177 रन ( पंकज ओझा 48, विनोद पांडेय 46, प्रदीप चौबे 15 रन, आदित्य यादव 3/40, सुमित पांडेय 2/20, विशाल यादव 1/13, विराट जायसवाल 1/17, अभिनय मिश्रा 1/35 ) पर बनाए। जवाब में कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब की टीम ने 20.5 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन ( मयंक दुबे 55, अंकित यादव 47, विराट जायसवाल 41 नाबाद, हर्षित नारायण तिवारी 19 रन, पंकज ओझा 2/33, धीरज मिश्रा 1/34 ) पर बना लिए। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी अब्दुल रहमान ने आदित्य यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में यादवेन्द्र सिंह यादव व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

# छात्रों ने किया असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में वरिष्ठ शिक्षक के साथ मारपीट के मामले में छात्रों ने कार्रवाई की मांग की है। कुलानुशासक को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रो. सुशील कुमार शर्मा पर विभाग के ही सह-आचार्य कुमार पराग द्वारा आत्मघाती हमला किया गया, जिससे प्रो. शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने न केवल विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि छात्रों और शिक्षक समुदाय में भी भय और आक्रोश व्याप्त है। इस हमले के पश्चात प्रो. शर्मा को तत्काल विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा उपचार हेतु बेली अस्पताल ले जाया गया, जहां सह-आचार्य कुमार पराग द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों से भी अभद्रता की गई। छात्रों ने कहा है कि प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने 35 वर्षों से अधिक समय तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में निस्वार्थ सेवा दी है, और उनके विरुद्ध ऐसी कोई घटना पूर्व में कभी नहीं घटी है। दूसरी ओर, सह-आचार्य कुमार पराग के खिलाफ पूर्व में भी छात्रों और शिक्षकों की कई शिकायतें आ चुकी हैं। उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ अनुचित व्यवहार किया है और उनकी प्रवृत्ति किसी आपराधिक तत्व जैसी प्रतीत होती है। इसके अलावा, उन्होंने पूर्व में भी छात्रों को उकसाकर प्रो. शर्मा और अन्य विभागीय शिक्षकों पर अभद्र टिप्पणियाँ करवाई हैं। प्रो. शर्मा पर इस तरह के हमले से न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा को गहरी क्षति पहुंची है, बल्कि आम जनमानस के बीच भी विश्वविद्यालय की गरिमा पर गलत संदेश गया है, जिससे भविष्य में ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बढ़ गई है। समस्त शिक्षक समुदाय और विद्यार्थी प्रो. सुशील कुमार शर्मा के समर्थन में हैं और मांग करते हैं कि सह-आचार्य कुमार पराग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, सभी पदों से मुक्त किया जाए, और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

### विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच के बाद पुलिस करेगी कार्रवाई

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विभागाध्यक्ष व एसोसिएट प्रोफेसर के बीच मंगलवार को मारपीट हो गई थी। विभागाध्यक्ष प्रो. एसके शर्मा और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमार पराग ने अस्पताल में इलाज कराने के बाद कर्नलगंज थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है। इविवि में शिक्षकों के बीच मारपीट की घटना को लेकर बुधवार को भी दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इधर, पुलिस ने जब तहरीर के आधार पर इविवि प्रशासन से संपर्क किया, तो आंतरिक जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने का बात कही गई है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इविवि प्रशासन की ओर स्वयं मामले की जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही गई है। इसके बाद पुलिस जांच रिपोर्ट व दोनों पक्ष की तहरीर के आधार पर की कार्रवाई करेगी।

## हमेशा बच्चों के प्रगति में तत्पर वेदांता इंटरनेशनल स्कूल : संजीव कुमार

**आजमगढ़।** हमेशा बच्चों की प्रगति में तत्पर वेदांता इंटरनेशनल स्कूल संस्कारों के साथ प्रगति के पाठ पथ पर चलने की सीख देता वेदांता इंटरनेशनल स्कूल । उपरोक्त बातें वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के 10वे दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति व नरेंद्र गंगवार उपजिलाधिकारी सगड़ी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने संबोधन के दौरान कहा। आजमगढ़ के प्रतिष्ठित विद्यालय में 10वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार, हिना देसाई विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह, विद्यालय के संरक्षक ब्रह्मदेव सिंह व अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। तत्पश्चात कक्षा नर्सरी से 9वी एवं 12वी तक के विद्यार्थियों का परीक्षाफल वितरण किया गया। साथ ही शैक्षणिक पुरस्कार एवं अन्य श्रेणियों में भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें सम्मानित श्रेणियों में 100: उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ वक्ता, सर्वश्रेष्ठ अनुशासन, सर्वश्रेष्ठ नृत्य, सर्वश्रेष्ठ गायन,सर्वश्रेष्ठ लेखन, सर्वश्रेष्ठ गतिविधि,सर्वश्रेष्ठ चित्रकला, सर्वश्रेष्ठ आहार, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा आदि सम्मिलित रहे। विद्यालय के विभिन्न विंग्स से मिस्टर एवं मिस वेदांता का चयन भी किया गया।

## पुष्पों की होली में कान्हा संग राधिका के किरदार ने किया आकर्षित

**बांदा।** वृंदावन के बांकेबिहारी संग बरसाने वाली की पुष्पों की होली पर श्रद्धालु महिलाएं जमकर थिरकने को विवश हुई।बड़ी उत्सुकता के साथ सामूहिक नृत्य ने सबको भक्ति रस में डुबो दिया। कन्हैया की भूमिका शिवानी सिंह एवं राधिका का किरदार अन्नू सिंह ने अदा कर सबको आकर्षित किया। शहर के छोटी बाजार झंडा चौराहे से शरद चौराहे के मध्य स्थित जगन्नाथ एवं हनुमान मंदिर में फूलों की आयोजित होली में सबको भक्ति रस में डुबो दिया। छलकत हमरी गगरिया, छलिया है छलिया मै तो जानू तुझको, मोटे मोटे नैन राधा के, मोरे कान्हा के मिल गए, जुलम कर डारयो सितम कर डारयो, मेरो खोए गयो बाजू बंद रसिया होरी में, मै बरसाने की छोरी कान्हा तोहे दही में नाच नचा दूंगी, मैं ब्रषुभान की छोरी,नैन राधिका गोरी से तथा राधिका खेलोगी मुझसे होली पर जमकर सामूहिक नृत्य किया। कन्हैया संग राधिका प्यारी के किरदार बेहद प्रशंसनीय रहा।श्रद्धालुओं पर जमकर पुष्पवर्षा ने श्रद्धा के अटूट भक्ति रस सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम में आयोजक रुक्मिणी गुप्ता कैलाशचंद्र गुप्ता ने सबका आभार जताया। इस मौके में ऑल इंडिया जर्नलिस्ट वेलफेयर आर्गनाईजेसन चित्रकूट धाम मंडल अध्यक्ष ललित विश्वकर्मा, सूर्यांश विश्वकर्मा, अक्षय विश्वकर्मा, सिमरन गुप्ता, ज्योति गुप्ता, सविता गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, विराट राघव गुप्ता, अनुराग गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, पार्थ गुप्ता, रुक्मिणी गुप्ता, अरविंद कुमार अक्षय विश्वकर्मा, सूर्यांश , बुंदेली संस्था के संयोजक रमेशचंद्र दुबे, अमित छावला, मोहनलाल गुप्ता, नरेंद्र सिंह, नवल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भारत में लॉन्च हुई नई डीफेंडर ऑक्टाः अब तक की सबसे मजबूत, सबसे सक्षम और सबसे लक्ज़री डीफेंडर




**लखनऊ।** डीफेंडर ने भारत में अपनी अनस्टॉपेबल 4X4 फैमिली में सबसे मजबूत, सबसे सक्षम और सबसे लक्ज़री एसयूवी, नई डीफेंडर ऑक्टा का लॉन्च किया है। बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाली इस एडवेंचर आइकन को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि इसके साथ आप बेजोड़ आत्मविश्वास के साथ किसी भी तरह के इलाके पर जीत हासिल कर सकते हैं। नई डीफेंडर ऑक्टा का एक्सटीरियर पहले से अधिक बोल्ड और अधिक मजबूत है, जो इसके कैरेक्टर को बेहद खास बना देता है। राईड की उंचाई को बढ़ाया गया है, इसके स्टांस को चौड़ा किया गया है और व्हील आर्क को भी बढ़ाकर शानदार लुक दिया गया है। नए डिज़ाइन के बंपर बेहतर दृष्टिकोण और डिपार्चर एंगल देते हैं, जबकि मजबूत अंडरबॉडी सुरक्षा, ड्राइवर को मुश्किल इलाकों में ड्राइव करने का आत्मविश्वास देती है। इसे किसी भी पिछली डिफेंडर से गहरा बनाया गया है- जो एक मीटर तक गहरे पानी में भी जा सकती है। इस अवसर पर राजन अम्बा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएलआर ने कहा, ''डीफेंडर भारत में गेम-चेंजर साबित हुई है, यह न सिर्फ हमारा बेस्ट-सैलिंग मॉडल है बल्कि इस कैटेगरी में सबसे ज़्यादा बिकने वाला मॉडल भी है।

इसके लॉन्च के बाद से मांग में लगातार ज़बरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। इस आइकोनिक वाहन ने मार्केट में अटूट ब्राण्ड इक्विटी बना ली है, यह उन क्लाइंट्स की उम्मीदों पर खरी उतरती है जो बेजोड़ क्षमता के साथ लक्ज़री एवं एडवेंचर को महत्व देते हैं। आज डीफेंडर ऑक्टा के लॉन्च के साथ हम डीफेंडर फैमिली में सबसे मजबूत और सबसे टिकाउ मॉडल लेकर आए हैं, जो लक्ज़री एवं हाई-परफोर्मेन्स क्षमता को नए स्तर तक ले जाता है। नई डीफेंडर ऑक्टा के साथ हमने ऐसा वाहन पेश किया है जो न सिर्फ सबसे मुश्किल इलाकों के लिए सक्षम है बल्कि ड्राइविंग का प्रीमियम अनुभव भी प्रदान करता है।'' नई डीफेंडर ऑक्टा का नाम धरती के सबसे मजबूत और सबसे आकर्षक खनिज- हीरे पर आधारित है- इसकी ऑक्टाहिड्रल शेप इसे शानदार लुक देती है और साथ ही टिकाउ भी बनाती है।

## वाराणसी ने नगरीय मोबिलिटी में सुधार के लिए डेटा-संचालित समाधानों को दी गति

**वाराणसी।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ) द्वारा आयोजित सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज (एससीसी) के माध्यम से 9 मिलियन डॉलर के ग्लोबल चैलेंज के अंतर्गत इनोवेटर्स एकेडमी के लिये 10 वैश्विक इनोवेटर्स को एक साथ लाया गया है।वाराणसी नगर निगम, वाराणसी स्मार्ट सिटी, चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेज़ इंस्टीट्यूट के सहयोग से विकसित किये गये वाराणसी सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज का उद्देश्य प्राचीन नगरी काशी में भीड़ के प्रवाह का प्रबंधन करने के लिये डेटा-संचालित समाधानों की पहचान करना और उन्हें आगे बढ़ाना है। भारत का आध्यात्मिक केन्द्र वाराणसी हर साल करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। जहां श्रद्धालुओं के इस आवागमन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नयी ऊर्जा मिलती है, वहीं मोबिलिटी से जुड़ी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। ऐसे में स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और कमज़ोरवर्गों की सुरक्षा, पहुंच और दक्षता सुनिश्चित करने के लिये इनोवेटिव समाधान और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। भीड़ के मानचित्रण से जुड़ी वर्कशॉपइस कार्यक्रमका प्रमुख अंग रही। इसका नेतृत्व वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त तथावाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ और निदेशक श्री अक्षत वर्मा (आईएएस) ने किया। इस वर्कशॉप में डब्ल्यू आर आई इंडिया और अरबन लैब द्वारा भीड़ को लेकर कराये गये सर्वे से प्राप्त निष्कर्षों को भी सामने रखा गया। इन्हें एक इंटरएक्टिवप्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में दिखाया गया कि भीड़ के रियल-टाइम आंकड़ों के माध्यम से मोबिलिटी की योजना को बेहतर बनाया जा सकता है,सुगमता में सुधार लाया जा सकता हैतथा तेजी से बढ़ते शहरी केंद्रों में पैदल यात्रियों के अनुभव को बदला जा सकता है। वर्कशॉप मेंवाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम (आईएएस), गोमती जोन के पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार (आईपीएस), मुख्य विकास अधिकारी (आईएएस) हिमांशु नागपाल; एसडीएम- काशी विश्वनाथ मंदिर शंभू शरण;पुलिस उपायुक्त वाराणसी राजेश कुमार पांडेय; वाराणसी छावनी बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन; वाराणसी रेलवे स्टेशन के निदेशक अर्पित गुप्ता; वाराणसी के अपर जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र;अपर नगर आयुक्त सविता यादवऔर वाराणसी स्मार्ट सिटी के मुख्य अभियंता अमरेन्द्र तिवारी भी शामिल हुए।

## टाटा एआईए के टैक्स बोनान्ज़ा कंजम्पशन फंड से पाएं अधिकतम टैक्स राहत

**मुंबई।** हाल ही में केंद्र सरकार ने की हुई बजट घोषणा ने डिस्पोजेबल आय में उछाल के लिए मंच तैयार किया है, जिससे भारत में उपभोग में वृद्धि के लिए एक मजबूत एनेबलर तैयार हुआ है। नई कर व्यवस्था (वित्त वर्ष 26 से प्रभावी) में 12.75 लाख तक की आय या वेतनभोगी व्यक्तियों पर शून्य कर देयता होने की वजह से भारतीय उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति बढ़ेगी, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। हमारी अर्थव्यवस्था के उपभोग-संचालित विकास की गति बढ़ेगी, जिसकी वजह से अनूठा निवेश अवसर मिलेगा।

भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए) ने इस बदलाव को पहचानते हुए, विभिन्न उपभोक्ता क्षेत्रों को टारगेट करते हुए दो कॉन्टेक्सच्युअल फंड पेश किए हैं

ए) टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन फंड~ विशेष रूप से तैयार किए गए इस फंड के माध्यम से, उपभोक्ता न केवल बढ़ते कंज़म्पशन रुझानों का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस प्रकार, यह फंड धन बनाने और वित्तीय सुरक्षा का दोहरा लाभ प्रदान करता है।

बी) टाटा एआईए लाइफ टैक्स बोनान्ज़ा कंज़म्पशन पेंशन फंड टाटा एआईए के यूनिट-लिंक्ड पेंशन समाधान के माध्यम से विशेष रूप से उपलब्ध, यह फंड उन लोगों के लिए सही है जो रिटायरमेंट के बाद अपनी बचत बढ़ाना चाहते हैं। दीर्घकालिक विकास दिलाने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह फंड आपको एक मज़बूत रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है जो आपको आने वाले वर्षों के लिए वित्तीय स्थिरता और मन की शांति प्रदान कर सकता है।

दोनों नए फंड ऑफर 24 से 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। हर यूनिट की कीमत 10 होगी।

**अभी क्यों है सही समय**

भारत में कंज़म्प्शन में उछाल जारी रहेगा - भारत के कंज़म्प्शन क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। बढ़ती आय, शहरीकरण और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में हो रहे बदलाव इसके प्रमुख कारण हैं। हाल ही के कर सुधारों ने इसे और बढ़ावा दिया है, जिससे उपभोक्ताओं के हाथों में अधिक पैसा आ गया है और स्नस्ब्स्ह्रद्व, रिटेल, ई-कॉमर्स और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ गई है।

**भारत में कंज़म्प्शन में उछाल के पीछे कई कारण हैं**

बढ़ती डिस्पोजेबल आयः जैसे-जैसे मध्यम वर्ग की संख्या बढ़ रही है, स्नस्ब्स्ह्रद्व, रिटेल, ई-कॉमर्स, ऑटोमोबाइल आदि जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ताओं द्वारा खर्च बढ़ रहा है। यह वृद्धि भारत की आर्थिक मज़बूती को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

डेमोग्राफिक लाभः भारत में 50% से ज़्यादा आबादी 25 वर्ष से कम आयु की है।

## क्रॉम्पटन ने इनफिनिया और स्लिमओ लॉन्च किए, अब रोशनी होगी ज्यादा दमदार और लुक होगा ज्यादा स्टाइलिश

**दिल्ली।** शानदार और आकर्षक डेकोरेटिव लाइटिंग की नई रेंज पेश करते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपने बैटन लाइट्स पोर्टफोलियो में दो नए उत्पाद शामिल किए हैं। कंपनी ने इनफिनिया 24W को लॉन्च किया है, जो प्रिस्टेक तकनीक से लैस एक अनूठी इनडायरेक्ट लाइटिंग प्रणाली है। इसकी डिज़ाइन में सजावटी एंडकैप्स दिए गए हैं, जो बेहद खूबसूरत फिनिश के साथ चमकदार रोशनी प्रदान करते हैं, जिससे यह हर तरह के इंटीरियर में परफेक्ट फिट बैठता है।

इसके अलावा, कंपनी ने स्लिमओ 20W भी लॉन्च किया है, जो 15% अधिक स्लिम बैटन है और इसे आधुनिक लिविंग स्पेस को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। यह एलईडी लाइटिंग आधुनिक तकनीक और स्टाइलिश लुक का बेहतरीन संयोजन है, जो घरों और कार्यालयों में शानदार रोशनी के साथ एक आकर्षक माहौल तैयार करता है। ये लाइटिंग फिक्स्चर न केवल जगह को रोशन




करते हैं, बल्कि डेकोर को और खूबसूरत बनाकर उसमें आधुनिकता का अहसास भी जोड़ते हैं। इनका स्लीक और मॉडर्न डिज़ाइन पूरे माहौल को बदल देता है और आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

आज के उपभोक्ता सिर्फ रोशनी के लिए लाइटें नहीं खरीदते, बल्कि वे ऐसी लाइटें चाहते हैं जो उनके घर की खूबसूरती में भी इजाफा करें। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए क्रॉम्पटन ने अपनी नई लाइटिंग रेंज पेश की है, जो फंक्शनैलिटी और स्टाइल के बीच एक बेहतरीन संतुलन प्रदान करती हैं। खासतौर पर लिविंग रूम के लिए डिज़ाइन की गई ये लाइटें आधुनिक सौंदर्य और उच्च गुणवत्ता वाली रोशनी का बेहतरीन संयोजन पेश करती हैं। ये लाइटें लिविंग रूम के लिए खास तौर पर बनाई गई हैं, जो घर का सबसे खास हिस्सा होता है। इनका डिज़ाइन आधुनिक है और ये रोशनी के साथ-साथ सुंदरता भी प्रदान करती हैं। क्रॉम्प्टन की ये नई लाइटें घरों को रोशन भी करेंगी और उन्हें सुंदर भी बनाएंगी।

बैटन रेंज में दो नए मॉडल पेश करते हुए, निम्नलिखित उत्पादों को आज के जमाने के लिविंग स्पेसेस में सहजता से मिलाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह इनके कार्य करने की क्षमता और स्टाइल दोनों को बेहरत बनाते हैं।

इसकी मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए-

**इसके प्रमुख फीचर्स हैं**

इनफिनिया 24W: इनफिनिया बैटन अपने बोल्ड, आकर्षक डिजाइन के साथ बिल्कुल अलग नजर आती है, इसे लगाने से कमरे की खूबसूरती और बढ़ जाती है। इसमें खूबसूरती का संयोजन फंक्शनैलिटी से किया गया है। प्रिसटेक तकनीक और क्रोम फिनिशिंग की विशेषता वाली इनफिनिया 24W बैटन की रोशनी हल्की और शांत होती है, जिससे कमरे में सुकून मिलता है।

## अब टू-व्हीलर और फ़ोर व्हीलर के लिए आ गया फ़ोनपे का नया व्हीकल इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** फ़ोनपे ने अपना ''नया व्हीकल'' इंश्योरेस लॉन्च किया है जो टू व्हीलर और फ़ोर व्हीलर, वाहनों के लिए है। इससे वाहन खरीदारों को पुराने डीलरशिप इंश्योरेंस प्लान की तुलना में ऑनलाइन इंश्योरेंस के किफ़ायती ऑप्शन मिलेंगे। इस लॉन्च के साथ अब यूज़र फ़ोनपे ऐप पर अलग-अलग इंश्योरेंस कंपनियों की पॉलिसियों की तुलना कर सकेंगे और अपनी पसंदीदा पॉलिसी ऑनलाइन खरीद पाएंगे आमतौर पर वाहन खरीदारों को डीलरशिप इंश्योरेंस में कई समस्याएं आती हैं जैसे- बढ़े हुए प्रीमियम, सीमित ऑप्शन होना, और लोगों की एकतरफ़ा सलाह। हालांकि, इस नए लॉन्च के साथ, फ़ोनपे ने लीडिंग इंश्योरेंस कंपनियों के साथ साझेदारी की है, जिससे यूज़र्स को भरोसेमंद और कॉम्पिटीटिव आधार पर इंश्योरेंस मिल सके। इस प्लान की खास बाते हैं~लॉन्च के बारे में फ़ोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज़ के ष्टश्वह्र विशाल गुप्ता ने कहा, ÷हमारा मकसद है कि सभी लोग इंश्योरेंस आसानी से खरीद पाएं और यह किफ़ायती हो। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, हम अपने 'नए व्हीकल इंश्योरेंस' लॉन्च करके काफ़ी उत्साहित हैं। यह प्लान टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर ओनर्स को एक इंश्योरेंस खरीदने को लेकर बेहतर डिजिटल एक्सीपीरिंस देगा। यहां वे अलग-अलग पॉलिसी ऑप्शन और कीमतों की तुलना करके सही फैसला ले सकेंगे। हमारा मकसद है कि लोग ट्रांसपरेंट तरीके से और बिना किसी झंझट, आसानी से इश्योरेंस खरीद पाएं। इस लॉन्च के साथ, हमें उम्मीद है कि वाहन खरीदने वालों के लिए व्हीकल इंश्योरेंस खरीदने के तरीके में बदलाव आएगा।

## फरवरी'25 में 54.08त इक्विटी एमएफ ने अपने संबंधित बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया- पीएल वेल्थ मैनेजमेंट

**मुंबई।** पीएल वेल्थ मैनेजमेंट, पीएल कैपिटल की वेल्थ मैनेजमेंट शाखा, ने म्यूचुअल फंड प्रदर्शन विश्लेषण पर अपने नए अध्ययन में बताया कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स, क्षेत्रीय/विषयगत फंडों को छोड़कर, की एयूएम (प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति) में लगातार 6.97% की गिरावट आई है। यह जनवरी 2025 के 24,85,843.60 करोड़ रुपये से घटकर फरवरी 2025 में 23,12,570.67 करोड़ रुपये हो गई है। अध्ययन में 294 ओपन-एंडेड इक्विटी डाइवर्सिफाइड फंड्स का विश्लेषण किया। इसमें पता चला कि इन फंड्स में से 54.08% ने 28 फरवरी, 2025 को समाप्त हुए पिछले महीने में अपने संबंधित बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर, इस अवधि के दौरान 159 फंड्स ने बेहतर प्रदर्शन किया। स्मॉल कैप फंड्स सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रेणी थी, जहाँ 79.31% स्कीम्स ने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद फोकस्ड फंड और लार्ज एंड मिड कैप फंड रहे, जिन्होंने फरवरी 2025 के महीने के दौरान क्रमशः 67.86% और 65.63% के साथ अपने संबंधित बेंचमार्क से बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया। लार्ज कैप फंड्स सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली फंड श्रेणी थी, जिसमें केवल 21.88% फंड्स ने अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया।

## बिदादी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फाउंडेशन ने टोयोटा बिदादी हाफ मैराथन के दूसरे आयोजन की मेजबानी की

**बैंगलोर।** बिदादी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फाउंडेशन (बीआईएएफ) ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके के खूबसूरत बिदादी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित जॉलीवुड स्टूडियोज में 23 मार्च 2025 को दूसरे टोयोटा बिदादी हाफ मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ÷रन फॉर सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी÷ थीम पर केंद्रित इस मैराथन में विभिन्न क्षेत्रों से 4,500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिन्होंने अपना पंजीकरण कराया था। ये समाज के भिन्न क्षेत्रों के लोग हैं जो फिटनेस, सड़क सुरक्षा जागरूकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए बढ़ते जुनून को दर्शाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सड़क सुरक्षा और निरंतरता के लिये अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ टाइटल प्रायोजक के रूप में इस आयोजन का गर्व से समर्थन किया। भारत सड़क सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से लगातार जूझ रहा है- सड़क दुर्घटनाओं के कारण हर साल 1,50,000 से ज़्यादा मौतें होती हैं, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज़्यादा है। चौंकाने वाली बात यह है कि 5 से 29 साल की उम्र के लोगों में मौत का सबसे बड़ा कारण सड़क यातायात दुर्घटनाएँ हैं। इस पृष्ठभूमि में, मैराथन जागरूकता बढ़ाने, ज़िम्मेदार सड़क व्यवहार की जरूरत बताने और बदलाव के लिए प्रेरित करने के लिए एक सार्थक मंच के रूप में सामने आया। यह मैराथन सामुदायिक भावना, लचीलेपन और सामूहिक कार्रवाई का एक सशक्त उदाहरण है। इसमें 30 से अधिक उद्योगों के प्रतिभागियों, फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों, सामुदायिक सदस्यों और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के 1,000 से अधिक धावकों के एक उल्लेखनीय समूह ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में रामनगर के सरकारी अधिकारी श्री यशवंत गुरुकर, आईएएस, डिप्टी कमिश्नर की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई; जिन्होंने स्वास्थ्य, सुरक्षा और निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए मजबूत, साझा प्रतिबद्धता रेखांकित किया तथा मैराथन दौड़ से परे इसके गहरे उद्देश्य पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के मुख्य संचार अधिकारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और राज्य मामलों के प्रमुख श्री सुदीप दलवी ने कहा, टोयोटा में, हम स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने वाली निरंतर जारी रहने वाली पहलों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं।

टोयोटा बिदादी हाफ मैराथन एक दौड़ भर नहीं है - यह एक स्वस्थ, सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार भविष्य बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। विभिन्न पृष्ठभूमि, उद्योगों और समुदायों के व्यक्तियों को एक साथ लाकर, इस मैराथन ने सार्थक परिवर्तन लाने में एकता की शक्ति का प्रदर्शन किया है।

## बंधन म्यूचुअल फंड विड्रॉल प्लान को सैलरी वाला प्लान के रूप में लाया

**लखनऊ।** बंधन म्यूचुअल फंड ने ल्लसैलरी वाला प्लान पेश किया, एक आईएपी कैम्पेन जो सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) को एक स्ट्रक्चर्ड, वेतन जैसी इनकम स्ट्रीम के रूप में फिर से पेश किया है। ये नया प्लान निवेशकों को अपने खुद के म्यूचुअल फंड निवेश से नियमित कैश फ्लो प्राप्त करने में मदद करता है जबकि बकाया राशि को निवेशित रहने देता है। इस कैम्पेन का उद्देश्य एसडब्ल्यूपी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, निवेशकों को इसे रिटायरमेंट के बाद कैश फ्लो की पाइपलाइन बनाने के एक स्मार्ट और आसान माध्यम के तौर पर देखने के लिए प्रोत्साहित करना है। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि जबकि एसआईपी को निवेश के एक अनुशासित तरीके के रूप में व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है, ऐसे में वित्तीय स्वतंत्रता को बनाए रखने की रणनीति के रूप में एसडब्ल्यूपी का कम उपयोग किया जाता है। ल्लसैलरी वाला प्लान अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एसडब्ल्यूपी के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इस अंतर को दूर करना है, ताकि इसे उन निवेशकों के लिए अधिक उपयोगी बनाया जा सके जो पूर्वनिर्धारित तारीखों पर निश्चित नकदी प्रवाह की तलाश में हैं। इसे एक स्ट्रक्चर्ड, वेतन जैसी आय के रूप में क्रिएटिव तौर पर फिर से तैयार करके, हम इसके दोहरे लाभ के बारे में अधिक जागरूकता बढ़ाना चाहते हैं। इसके साथ ही संभावित ग्रोथ के लिए बकाया निवेश राशि को निवेशित रखते हुए लिक्विडिटी को यकीनी बनाए रखा जाता है। इस कैम्पेन के हिस्से के रूप में, बंधन म्यूचुअल फंड ने एक मजाकिया और नए विचारों से भरपूर कैम्पेन फिल्म लॉन्च की है, जो एक ऐसी दम्पति पर आधारित है जो मानते हैं कि रिटायरमेंट के बाद उनका वित्तीय भविष्य सुरक्षित है।

## केईआई इंडस्ट्रीज और आरसीबी ने कोलकाता में एक भव्य कार्यक्रम में ग्रीन जर्सी का अनावरण किया और कॉनफ्लेम ग्रीन+ लॉन्च किया

**कोलकाता।** भारत की लीडिंग वायर और केबल निर्माता कंपनियों में से एक केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने दर्शकों के बीच क्रिकेट की भावना को और ज्यादा मजबूत करने और मेंस टी20 लीग के 18वें सीजन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के प्रमुख भागीदार के रूप में फ्रेंचाइजी की प्रतिष्ठित ग्रीन जर्सी का अनावरण किया। भव्य समारोह के दौरान केईआई की अगली पीढ़ी के लिए इको-फ्रेंडली वायर कॉनफ्लेम ग्रीन+ को भी लॉन्च किया गया। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के साथ इस पार्टनरशिप के तहत, आरसीबी के खिलाड़ियों की आधिकारिक जर्सी के पीछे केईआई का लोगो लगा होगा और साथ ही सपोर्ट स्टाफ के मेंबर अपनी आधिकारिक मैच जर्सी पर केईआई का लोगो लगाएंगे।

फ्रेंचाइजी की ग्रीन जर्सी लॉन्च कार्यक्रम में आरसीबी के स्टार खिलाड़ियों में रजत पाटीदार, फिल साल्ट, क्रुणाल पांड्या, देवदत्त




पडिक्कल, जितेश शर्मा और दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान इन दिग्गज क्रिकेटरों ने टीम की ग्रीन जर्सी पहनी, जिससे पर्यावरण जागरूकता के प्रति आरसीबी की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। आरसीबी हर सीजन में एक मैच के दौरान ग्रीन जर्सी पहनकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लीडर्स भी मौजूद थे, जिसमें श्री अक्षित दिव्याज गुप्ता (निदेशक), श्री मनोज कक्कड़ (कार्यकारी निदेशक), श्री रवि शर्मा (वीपी-सेल्स एंड मार्केटिंग), श्री जशोबंत सिंह रे (सेल्स एंड मार्केटिंग) और श्री गोविंद शर्मा (मारकॉम हेड) शामिल हैं।

इनोवेटिव सॉल्यूशंस के क्षेत्र में लीडिंग, केईआई ने स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए अपने अगली पीढ़ी के लिए इको-फ्रेंडली समाधानों को लॉन्च किया है। ये अत्याधुनिक प्रगति एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस पार्टनरशिप पर खुशी जताते हुए केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक, श्री अक्षित दिव्याज गुप्ता ने कहा, मुझे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

हम भारत में खेलों के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आरसीबी की लोकप्रियता और फैंस की संख्या पूरे देश में केईआई ब्रांड की पहचान बढ़ाने में मदद करेगी। यह पार्टनरशिप ग्राहकों के साथ हमारे संबंधों को और मजबूत करेगी, और हम अपने बिजनेस के विस्तार के लिए और अधिक अवसरों की खोज करने को लेकर उत्साहित हैं।

## टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया नया डिजि केटल कलेक्शन

**नई दिल्ली।** टीटीके प्रेस्टीज, नए-नए किचन एप्लायंसेज लाने वाली प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई डिजी केटल रेंज पेश की है। इस कलेक्शन को चाय, कॉफी और इंस्टेंट फूड बनाने के लिए बिल्कुल नए तरीके से डिज़ाइन किया गया है। स्मार्ट तकनीक, खूबसूरती और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ, यह नया कलेक्शन सटीक हीटिंग देता है, इसे इस्तेमाल करना बेहद आसान है और यह ग्राहकों को अधिकतम सुविधा प्रदान करता है। प्रेस्टीज डिजि केटल 2.0 में लाइव टेम्परेचर डिस्प्ले दिया गया है, जिससे यूजर्स वास्तविक समय में हीटिंग की निगरानी कर सकते हैं। चार प्रिसेट टेम्परेचर मोड और एक कीप वार्म फंक्शन से लैस, यह केटल हर बार एकदम परफेक्ट चाय-कॉफी बनाने की गारंटी देती है। कॉर्डलेस 360ए स्विवेल बेस किसी भी एंगल से लिक्विड डालने में मदद करता है, इसे इस्तेमाल करना बेहद आसान है। सुरक्षा के लिए इसमें ऑटोमैटिक पावर कट-ऑफ फीचर दिया गया है। यदि इसे पानी के बगैर चला दिया गया है तो केटल को सुरक्षित रखने के लिए ड्राई हीट प्रोटेक्शन की खूबी भी है। स्टेनलेस स्टील की इनर बॉडी लंबे




समय तक चलती है और शुद्धता सुनिश्चित करती है, जबकि सिंगल-टच लिड लॉकिंग सिस्टम सुविधा को और बढ़ाता है। टीटीके प्रेस्टीज ने प्रेस्टीज ग्लास केटल 1.8रु और प्रेस्टीज कूल टच केटल 1.5रु भी लॉन्च की है। प्रेस्टीज ग्लास केटल 1.8रु स्लीक ग्लास बॉडी, ब्लू एलईडी इंडीकेटर, और मेटैलिक रोज़ गोल्ड फिनिश में पेश की गई है। यह केटल खूबसूरत होने के साथ ही बहुत बढ़िया ढंग से काम करती है। सुरक्षा के लिए इसमें ऑटो कट-ऑफ, ड्राई हीट प्रोटेक्शन और एक कंसील्ड हीटिंग एलीमेंट भी दिया गया है। प्रेस्टीज कूल टच केटल 1.5रुकाले और सफेद रंग में उपलब्ध एक स्टाइलिश और सुरक्षित विकल्प है। इसका एक्सटीरियर कूल-टच वाला है जिससे पानी उबलने के दौरान भी हैंडल करना सुरक्षित है। यह ऑटो कट-ऑफ, ड्राई हीट प्रोटेक्शन और एक कंसील्ड हीटिंग एलीमेंट के साथ आती है। और इसे इस्तेमाल करने पर आपको एक आसान और परेशानी रहित अनुभव मिलता है। प्रेस्टीज डिजी केटल रेंज अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। प्रेस्टीज ग्लास केटल (1.8 लीटर) की अधिकतम खुदरा कीमत 1,860 है, जबकि इसका बाजार मूल्य 1,395 रखा गया है। प्रेस्टीज कूल टच केटल (1.5 लीटर) 1,725 की एमआरपी पर उपलब्ध है और इसका बाजार मूल्य 1,295 है। अधिक फ़ीचर्स की तलाश करने वालों के लिए, प्रेस्टीज डिजी केटल (2.0 लीटर) 3,325 की एमआरपी और 2,495 के बाजार मूल्य पर उपलब्ध है।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी A26 5G, कीमत सिर्फ 22999 रुपये

**गुरुग्राम।** भारत के सबसेबड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई की ताकत के साथ अपने सबसे किफायती स्मार्ट फोन गैलेक्सी A26 5G को लॉन्च किया है। कंपनी नए-नए स्मार्टफोन लाकर सभी लोगों तक एआई पहुंचाने की कोशिश कर रही है। गैलेक्सी A26 5G शानदार अनुभव देता है और इसमें स्टाइल, ड्यूरैबिलिटी और नए-नए फीचर्स का दमदार संयोजन किया गया है। यह हर दिन के इस्तेमाल के लिए एकदम परफेक्ट फोन है।

शानदार (ऑसम) इंटेलीजेंस सैमसंग गैलेक्सी A26 5G में'ऑसम इंटेलिजेंस' लेकर आया है, ज रोजमर्रा के कामों को स्मार्ट और आसान बनाता है। इंटेलिजेंट एआई सूट गूगल के साथ सर्कल टूसर्च, एआईसेलेक्ट, ऑब्जेक्ट इरेज़र, माई फिल्टर्स और अन्य फीचर्स के साथ यूजर को फोन चलाने का बेहतरीन अनुभव देता है।

गूगल के साथ सर्कल टूस च 'पिछले साल गैलेक्सी एसीरीज डिवाइस पर लोगों का सबसे पसंदीदा फीचर रहा है। अब केवल इमेजेस से आगे बढ़कर, यूजर्स को गाने पहचानने, जानकारी खोजने और कम से कम प्रयास के साथ फौरन कार्रवाई करने की अनुमति देता है। नए अपग्रेड्स से यूजर्स अपने फोन पर बहुत सारे काम कर सकते हैं।

गूगल के साथ सर्कल टू सर्च स्क्रीन पर फोन नंबर, ईमेल पते और यूआरएल को तुरंत पहचान लेगा, ताकि यूजर्स कम से कम मेहनत में ज्यादा काम कर सकें।

गैलेक्सी A26 5G में ऑब्जेक्ट इरेज़र का भी फीचर है, जो यूजर्स को फोटो से अवांछित वस्तुओं को हटाने की अनुमति देता है। यूजर्स मैनुअल या ऑटोमैटिक तरीके से इरेज़ करने के लिए ऑब्जेक्ट सेलेक्ट कर सकते हैं। उन्हें कुछ ही टैप में एकदम स्पष्ट, साफ और खूबसूरत इमेज मिलेगी।

## दो नए प्रोडक्ट्स 5-सीटर सी-एसयूवी और ऑल न्यू 7-सीटर बी-एमपीवी लॉन्च करने को तैयार है निसान मोटर इंडिया

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी मौजूदा लाइन-अप में नई 7-सीटर बी-एमपीवी को शामिल करने का एलान किया है। कंपनी ने हाल ही में योकाहामा, जापान में हुए ग्लोबल प्रोडक्ट शोकेस में भारत के लिए तैयार अपने दो नए प्रोडक्ट प्रदर्शित किए। यह भारतीय कारोबार को लेकर कंपनी की योजनाओं के अनुरूप है, जिसके तहत नए प्रोडक्ट्स को अपने ग्राहकों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप आकार दिया जाएगा और ज्यादा ग्रोथ वाले सेगमेंट्स जैसे बी-एमपीवी और सी-एसयूवी में प्रोडक्ट्स को डिलीवर किया जाएगा। यह कदम बी-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी की मौजूदा पकड़ के अतिरिक्त उठाया जाएगा। अभी इस सेगमेंट में नई निसान मैग्नाइट के साथ कंपनी मजबूत स्थिति में है।




निसान भारत के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने, घरेलू स्तर पर अपना प्रदर्शन सुधारने और निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में काम करती रहेगी। निसान के इस विस्तार की शुरुआत ऑल-न्यू 7-सीटर बी-एमपीवी (मल्टी पर्पज व्हीकल) के फर्स्ट टाइम ग्लोबल रिवील के साथ हुई। इसे भारतीय प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ब्रांड न्यू एडिशन के रूप में वित्त वर्ष 25 में लॉन्च किया जाएगा। वित्त वर्ष 26 की शुरुआत में पहले से घोषित 5-सीटर सी-एसयूवी (कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) की लॉन्चिंग के साथ इस कदम को आगे बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने आज भारतीयों के लिए दो नए ब्रांड की झलक दिखाई। इससे दोनों प्रोडक्ट्स के डेवलपमेंट एवं टाइमलाइन को लेकर पुष्टि हुई है। निसान मोटर इंडिया भारतीय ग्राहकों के लिए बी/सी और डी-एसयूवी सेगमेंट में वित्त वर्ष 26 तक 4 प्रोडक्ट्स लॉन्च करने के रास्ते पर बढ़ रही है।

सी-एसयूवी को भारत में इस सेगमेंट में बड़े बदलाव लाने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है। यह फीचर्स से भरपूर एसयूवी होगी।

## प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर नपं सुकरौली में लगी प्रदर्शनी



**सुकरौली, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पंचायत सुकरौली कुशीनगर में सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप, अधिशाषी अधिकारी सर्वेश श्रीवास्तव समस्त कर्मचारी व अन्य उपस्थिति रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का हर वार्डों में अक्षरशः पालन कराया जा रहा। सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ प्रदेश सरकार विकास को लेकर कटिबद्ध है। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष बेमिसाल है।

## अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने बुधवार को चोरी के सामान के साथ चार अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इनके कब्जे से चोरी की बाइक, सोलर पैनल व पंपिंग सेट बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में अनीश यादव पुत्र झिन्नू यादव निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली, विशाल राजभर उर्फ साधू पुत्र सीताराम निवासी विशुनपुरा, सुनील सिंह उर्फ भुअर पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी विशुनपुरा, भुआल राजभर पुत्र स्व. धनवन्त राजभर निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को थाना क्षेत्र के सहजौली चौराहे के पास गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3 दोपहिया बाइक बिना नम्बर प्लेट की एक पल्सर बाइक बिना नम्बर की हीरो स्पलेण्डर प्रो व एक प्लेटिना, एक पम्पिंग सेट 1 मोटर पम्प व 2 टुल्लू पम्प, 4 सोलर पैनल 1 बैट्री, 2 मोबाइल फोन की बरामदगी की। पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि यह शातिर चोरों का एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह है यह गिरोह दिन में बाइक से घूम घूम कर थाना क्षेत्र व गैर जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी रेकी करते हैं और जहां सुनसान जगह पाते हैं वहां पर स्थित सामानों को चिन्हित कर लेते हैं और उसे मौका पाकर रात्रि के अंधेरे में चुरा लेते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक गिरजेश कुमार, शुभम भार्गव जुगेश कुमार आनन्द, हेड कांस्टेबल रामनिवास भार्गव, कांस्टेबल देवेन्द्र यादव, विजय यादव शामिल रहे।

## महावीर स्कूल में सत्र 2024 25 का परीक्षा फल वितरण व अभिभावकों को किया गया सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में सत्र 2024 25 का परीक्षा फल वितरण एवं मेधावी बच्चों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया कालेज प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी मुख्य अतिथि समर बहादुर सिंह तथा अन्य गण मान्य अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य तथा कॉलेज पी आर ओ राजीव मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया कक्षा 5 की बच्चियों ने कत्थक पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश के भावी कर्ण धार हैं देश का भविष्य इनकी मूल्यपरक शिक्षा पर निर्भर है जिस देश का विद्यार्थी सजग, साहसी, सदाचारी, एवं सेवाभावी होता है निश्चित ही वह देश प्रगति करता है आज मुझे स्वामी विवेकानंद का वह कथन उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए दुनिया के सभी परिवर्तन युवाओं से उनके चिंतन से उनके उद्यम से होते हैं हमारे अभिभावक तथा शिक्षा संस्थाए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कराये जिससे उनकी लक्ष्य संवेदना के साथ सार्थक मेहनत का परिणाम मिले।

## चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी व नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज को यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष रुप से ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 108 वाहनों का एम वी एक्ट में चालान किया गया । वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय की अध्यक्षता में गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की दिसंबर 2024 की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि, देवरिया सदर, नवीन सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी अमित गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक अरुणेश कुमार, उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी श्री राम सिंह, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सूरज शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए.के. वैश्य सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला बैंक समन्वयक मौजूद रहे। बैठक में जनपद की ऋण-जमा अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना की बैंकवार समीक्षा की गई। दिसंबर 2024 की समाप्त तिमाही तक जनपद ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य 5,41,069.90 लाख के सापेक्ष 3,70,557.11 लाख की उपलब्धि प्राप्त की, जो कुल लक्ष्य का 68.49% है। कृषि क्षेत्र की उपलब्धि 40.19% एवं कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उपलब्धि 47.09% रही, जिसे संतोषजनक माना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने इस उपलब्धि को और बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी सामने आया कि दिसंबर 2024 तिमाही में जनपद का ऋण-जमा अनुपात 42.49 प्रतिशत था, जो राज्य के औसत लक्ष्य 59 प्रतिशत से कम है। जनपद के लगभग सभी प्रमुख बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 40 प्रतिशत से कम रहा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

# उप्र में निवेश बढ़ा, कानून व्यवस्था से उद्योगों को मिला भरोसा: प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देवरिया के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह रहे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रत्यूष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे अमन-चैन कायम हुआ है। अब अन्य राज्यों के निवेशक उद्योग स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। कई बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी पुरस्कार योजना के तहत युवाओं को बिना ब्याज एवं गारंटी के ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में बाईपास का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, आरटीओ कार्यालय की स्थापना, पार्किंग सुविधा, नए बाजार एवं बस स्टैंड का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा, मेडिकल कॉलेज की स्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है और शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक प्रगति हुई है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक विकास की प्रक्रिया में सहभागिता निभाएगा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए जनपद स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे लक्ष्य से अधिक कार्य करें और समन्वय बनाकर जनपद के विकास में सहयोग दें। इस अवसर पर आईटीआई के छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। एनआरएलएम की महिलाओं को एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया। इस प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह, आजीविका मिशन, पीएम आवास (ग्रामीण एवं शहरी), समाज कल्याण, पंचायती राज, विद्युत, पशुपालन, उद्यान, कृषि, जल जीवन मिशन, जिला कारागार, पर्यटन, वन, स्वास्थ्य, नगरीय विकास अधिकरण, श्रम, बैंक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आयुष, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

# बंद मकान से निकले पांच विशालकाय कोबरा



सांप को पकड़ते सर्प मित्र शत्रुघ्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज स्थित गोबरही उत्तर टोला में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद मकान से पांच विशालकाय कोबरा सांप एकाएक निकलने लगे। कोबरा निकलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार राम कृपाल पुत्र स्व. सीता राम कुशवाहा परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से उनके घर में सांपों का खतरा बना हुआ था, लेकिन इस बार अचानक पांच विशालकाय कोबरा दिखाई देने से परिवार के लोग भयभीत हो गया। डरे हुए परिवार ने तुरंत सर्प मित्रों को फोन किया। सूचना मिलते ही सर्प मित्र शत्रुघ्न अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक सभी सांपों को सुरक्षित पकड़ लिया। उनकी इस तत्परता से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्प मित्र शत्रुघ्न ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से जीव-जंतुओं को बचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा पर्यावरण जीव-जंतुओं से ही संतुलित रहता है, इसलिए हमें इन्हें नुकसान पहुंचाने की बजाय सुरक्षित स्थान पर छोड़ देना चाहिए।

# सभी जिलों में अम्बेडकर जयंती मनाएगी बसपा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी मिशन -2027 के लिए सर्वसमाज को पार्टी संगठन से मजबूती से जोड़ने की कवायद में लगी हुई है। पिछड़ी जातियों को पहले की तरह बी एस पी के साथ फिर से जोड़ने के लिए मंगलवार को बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने स्वयं लगभग दो घंटे का कैडर दिया।

बसपा सुप्रीमो ने सामाजिक भाईचारा कमेटी के पदाधिकारियों को बसपा की चार बार की सरकार में पिछड़े वर्ग के हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी और गांव गांव जाकर लोगों को कांग्रेस, भाजपा और सपा की झूठी राजनीति से सावधान करते हुए बसपा के नीले झंडे के तले खड़ा करने के संदेश दिए। बसपा इस बार उत्तर प्रदेश के सोलह मंडलों सहित पूरे देश में अम्बेडकर जयंती जिला मुख्यालय पर विचार गोष्ठी के रूप में मनाएगी। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि 14अप्रैल 1984को बहुजन समाज पार्टी के गठन के बाद हमेशा अलग थलग और बिखरे पड़े अन्य पिछड़ा वर्ग को संगठित करने के साथ मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कराने के लिए देश व्यापी आंदोलन किया और 1989 में मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू कराकर ओ बी सी जातियों को संवैधानिक हक दिलाया। ओबीसी जातियों को हर क्षेत्र में समता, न्याय और आत्मसम्मान के साथ जीने और अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए तमाम ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

बसपा सुप्रीमो ने सभी पदाधिकारियों को गांव गांव जाकर लोगों के बीच संवाद बैठकें और कैडर कैम्प करके बसपा सरकार के कानून के राज और उपलब्धियों की जानकारी आम जनता को देने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम, मेवालाल गौतम के बाद पूर्व सांसद सतीश चन्द्र मिश्रा , प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, पूर्व सांसद घनश्याम चंद खरवार, मुनकाद अली, पूर्व मंत्री गया चरन दिनकर, पूर्व एम एल सी भीमराव अम्बेडकर, डॉ विजय प्रताप गौतम, पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राइन, पूर्व एम एल सी नौशाद अली, पूर्व एम एल सी दिनेश चन्द्रा, दिलीप कुमार विमल, सर्वेंद्र अम्बेडकर, अखिलेश अम्बेडकर, राम सूरत चौधरी, महेंद्र प्रताप आनंद, गया शंकर कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सौ से अधिक गांवों में 24 घंटे से बिजली गुल, उपभोक्ता बेहाल

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** विद्युत उपकेंद्र तमकुहीराज की लापरवाही से नगर पंचायत सहित 100 से अधिक गांवों के उपभोक्ता पिछले 24 घंटे से अंधेरे में हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, लेकिन एसडीओ और जेई उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने तक को तैयार नहीं हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार फोन करने के बावजूद एसडीओ और जेई कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। गर्मी की शुरुआत होते ही फॉल्ट का बहाना बनाकर बिजली सप्लाई रोक दी गई है। बिजली कटौती के अलावा उपभोक्ताओं को बिलिंग में भी भारी गड़बड़ियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मीटर लगे होने के बावजूद उन्हें फिक्स बिल भेजा जा रहा है, जो उनकी वास्तविक खपत से 1500 से 2000 रुपए तक अधिक होता है। शिकायत करने पर हर बार अगले महीने सुधार का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। तमकुहीराज फोरलेन पर बिहार सीमा के पास स्थित यह तहसील मुख्यालय है, जहां एसडीएम, तहसीलदार, सीओ समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय और आवास हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अधिकारियों के घरों में जनरेटर से बिजली जल रही है, लेकिन आम जनता को राहत देने की कोई कोशिश नहीं की जा रही। इस पूरे मामले पर तमकुहीराज विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ का कहना है कि तकनीकी फॉल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। मरम्मत का काम जारी है और जल्द ही बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## आठ साल में लोक निर्माण विभाग ने बनाई 573 सड़कें, लम्बाई 659.74 किमी.

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रांतीय खंड और निर्माण खंड ने आठ वर्ष में 573 सडकों का निर्माण कराया है। निर्माण लागत लगभग 617करोड रु है। इसमें से प्रांतीय खंड ने 231और निर्माण खंड ने 342सडकें बनवाई हैं। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में भी 95फीसदी से अधिक काम पूरा हो गया है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले पांच साल से दिन रात काम में लगे हुए हैं। रविवार और सार्वजनिक अवकाश पर भी मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं मिलती जो भी परियोजनाएं सरकार की ओर से हाल में स्वीकृत हुई हैं उन पर भी काम चल रहा है। **भादर में मानक के विपरीत हो रहा सड़कों का निर्माण-** विकास खंड भादर के अन्तर्गत निर्माणाधीन सम्पर्क मार्गों में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं हो रहा है। सड़कों पर बने गड्ढों की ठीक से भराई और कुटाई किए बगैर छोटी गिट्टियां डालकर सड़क को काला कर दिया जा रहा है। सोनारी-अमटाही मार्ग और पीपरपुर लहना मार्ग पर इस समय निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं है। क्षेत्र वासी लालता प्रसाद यादव, विनोद कुमार, रामराज आदि ने निर्माण कार्य पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि सड़क के गड्ढों में सफेद गिट्टियां ठीक से न भरने और नीचे की पर्त की मजबूती के बिना ऊपर से छोटी गिट्टियां डालकर कोलतार डालने से सड़कों के जल्दी उखड़ने का खतरा बना हुआ है।

# विशुनपुरा क्षेत्र में नाबालिगों को बेरहमी से पीटने का वीडियो वॉयरल

## तीन बच्चों को पड़ोसियों ने बेरहमी से पीटा, 10 साल के बच्चे के टूटे दांत



मासूमों को पीटते पड़ोसी



दस साल के बच्चे का टूटा दांत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ठाढ़ीभार टोला शेखपट्टी में तीन नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

तहरीर के मध्यम से सुमन ने बताया कि उनकी मां पिता के इलाज के लिए गोरखपुर गई थीं। वह अपने छोटे भाई-बहन के साथ घर पर अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी रविंद्र यादव, उनकी पत्नी रीता और मां सुशीला देवी ने उनके खेत से मूंज की चोरी की। जब सुमन ने इसका विरोध किया तो रविंद्र यादव ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसे जमीन पर पटक दिया और मारपीट की। सुमन के चिल्लाने पर उसका 10 वर्षीय भाई धनु और बहन बचाने आए। रीता ने धनु को ईंट से मारा, जिससे उसके दांत टूट गए। तीनों आरोपियों ने बच्चों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। सुमन के सिर पर लाठी मारी गई, जिससे वह बेहोश हो गई। राहगीरों के आने पर बच्चों की जान बची। घटना का वीडियो भी बनाया गया है। पीड़िता ने मेडिकल रिपोर्ट के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विशुनपुरा राजू सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष तहरीर लेकर आया है। उसने विडिओ भी दिखाया है जिसमे बच्चियों को मारा जा रहा। इसपर मैं नियमानुसार कार्यवाई करूंगा।

# निर्धारित जगहों पर नहीं संचालित हो रही है शराब की दुकानें

अवधनामा संवाददाता

**ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर दुकान हटाने की शिकायत की**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में आवंटित शराब की दुकान जिसमें अंग्रेजी, देशी व बीयर की है, निर्धारित जगह संचालित न होकर दूसरे जगहों पर संचालित किया जा रहा है। ऐसे जगह संचालित हो रहा है जहां घनी आबादी है और स्कूल भी है। संबंधित ठेके के आस पास के लोगों ने विभाग से निर्धारित जगह पर संचालित करने की मांग किया है। बता दें कि हरपुर बरवा में आवंटित अंग्रेजी एवं बीयर की शराब की दुकान पूर्व में निर्धारित जगह से लगभग 500 मीटर दूर हटाया जा रहा है, जहां आम लोगों एवं महिलाओं का आना जाना रहता है। इसको लेकर दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर पत्र जिसमें बिकाऊ, इंदु देवी, रामदयाल, मीरा देवी गुलाबी देवी, रेखा, नगीना, गुड्डी रंजीत निषाद, रमेश सिंह, रामाश्रय दुबे, सुभावती, हरेंद्र शर्मा, मंजू देवी एवं ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह का हस्ताक्षर पत्र जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करते हुए यह मांग किया गया है कि संबंधित अंग्रेजी एवं बियर की दुकान जिस स्थान पर संचालित करने की प्रक्रिया शुरू किया गया है वहां प्रत्येक दिन सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीण महिलाओं एवं आम लोगों का आना जाना लगा रहता है। इस कारण पूर्व में संचालित शराब की दुकान के पास ही संचालित कराया जाय। इसी तरह कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अजीजनगर की देशी शराब की दुकान को मेन चौराहे से हटाने का विरोध वहां के ग्रामीणों ने किया है। इतना ही नहीं कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके के लिए आवंटित खैरेटवा की देशी शराब की दुकान को नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 9 इंदिरा नगर में वर्षो से विभागीय अधिकारियों के सह पर चल रहा है। यहां कुछ ही दूरी पर महाविद्यालय है जहां छात्र/छात्राओं का स्कूल आना जाना रहता है। इसके आड़ में सरकारी राजस्व की चोरी भी हो रही है। ऐसे ही रामकोला थाना क्षेत्र के रगड़गंज की दुकान गंडक नदी पुल के पास राजपुर गांव के सीमा क्षेत्र में संचालित हो रहा है, जहां बाजार लगने से लोगों व महिलाओं की आवाजाही ज्यादे रहती है तथा पास में पुलिस बूथ भी है। इसी तरह क्षेत्र के अधिकांश ठेके की शराब की दुकान स्कूलों, धार्मिक स्थलों से महज 100 मीटर तथा घनी आबादी में संचालित हो रहा है जिसे हटाने की मांग एवं विरोध प्रदर्शन ग्रामीणों द्वारा शुरू कर दिया गया है।

# बेटी है अनमोल उपहार शिक्षा है उसका अधिकारी



जागरूकता रैली निकालते बच्चे

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** स्थानीय बाजार स्थित भगवंत पांडे पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वयं सेवक व सेविकाओं द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली निकाल जागरूक की गई।

रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार पांडे ने हरी झंडी दिखाई का रवाना किया। रैली में स्वयं सेवक व सेविकाओं द्वारा बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार इत्यादि स्लोगन वह नारे के साथ रैली महाविद्यालय परिसर से रामलीला मैदान बोदरवार कस्बा, सम्मे माता के स्थान पर जलपान ग्रहण के उपरांत रैली पुनः महाविद्यालय वापस लौटी। इस रैली का नेतृत्व महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी धीरेंद्र प्रताप राव ने किया। इस मौके पर डॉक्टर अरुण दुबे, वंदना यादव, अनुराधा उपाध्याय, जयहिंद यादव, सुशील कुमार गुप्ता, सोनाली तिवारी समेत सभी स्वयं सेवक व सेविकाओं उपस्थित रहे।

# घर के पास मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं : डॉ शलभ

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने बुधवार को गौरीबाजार ब्लॉक के भरिया गांव में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण कर शुभारम्भ किया। इसके साथ ही विधायक ने सदर विधान सभा क्षेत्र के 11 नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र का शुभारम्भ भी किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से यहां के लोगों को अब उनके घर के पास ही निःशुल्क उपचार उपलब्ध होगा। सामान्य बीमारियों की चिकित्सा के लिए उन्हें दूर नहीं जाना होगा। आरोग्य मंदिर अपने नाम के अनुरूप मरीजों के लिए राहत बनकर सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर 12 तरह की जांच और 58 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलुओं जैसे की संक्रमण नियंत्रण, टीकाकरण अभियान और महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य योजनाओं पर काम किया जाएगा।

## विश्व नाथ पाल आज कस्तूरीपुर में करेंगे कैडर बैठक

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल गुरुवार को कस्तूरीपुर में कैडर कैम्प और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारियों और सर्व समाज के बसपा समर्थकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिन भर जनसम्पर्क और तैयारी की। बसपा के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम 12 बजे है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, महासचिव बलराम यादव, राज पाल, सेक्टर अध्यक्ष अशोक भारती,बी बी एफ संयोजक रामनाथ आदि मौजूद रहे।

# 08 वर्षों में आकांक्षी जनपद बहराइच का हुआ अभूतपूर्व विकासः सूर्य प्रताप शाही

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, बलहा की सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य गणमान्य संभ्रान्तजन तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर दूसरे दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा ''सबका साथ-सबका विकास उत्कर्ष के 08 वर्ष'' एवं ''यूपी के उपयोगी 08 वर्ष'' तथा जनपद बहराइच की विकास पुस्तिका का विमोचन कर जनप्रतिनिधियों के साथ बटन दबाकर जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व बांसुरी वादन प्रस्तुत किया गया। मा. प्रभारी मंत्री द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, डेमो चेक तथा आवास की चाभी का वितरण किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़न और मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन को आत्मसात करते हुए वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारम्भ किया था, वह आज 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के रूप में पूरे देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। इस विकास यात्रा के साक्षी और सहभागी बनने के लिए समस्त जनपद व प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। कृषि मंत्री श्री शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्षों में प्रदेश के अन्नदाताओं को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की गई है। प्रदेश में पिछले 08 वर्षों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान मानधन योजना, निःशुल्क सिचाई, मृदा परीक्षण, सिचाई का रकबा बढ़ा, गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान, बिचौलियों से आजादी, मूल्य समर्थन योजना के माध्यम से खरीद, नवाचार को प्रोत्साहन, खाद बीज के पर्याप्त इंतजाम जैसे अनेक कार्यों ने कृषि सेक्टर की तस्वीर बदल कर रख दी है। श्री शाही ने कहा कि वर्ष 2016-17 के 5.1 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में कृषि विकास दर बढ़कर 13.7 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में 28 प्रतिशत योगदान कृषि का है। श्री शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार का पहला बजट तो किसानों को ही समर्पित था। कैबिनेट द्वारा प्रथम बैठक में ही 95 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों के रू. 36,359 करोड़ रूपये की कर्जमाफी का निर्णय लिया गया था। श्री शाही ने कहा कि 2017 से अब तक रू. 2 लाख 80 हज़ार 223 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है जो पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी रू. 66,703 करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 03 चीनी मिलों की स्थापना, 06 का पुर्नसंचालन तथा 38 की क्षमता विस्तार कर वर्तमान में 122 चीनी मिलों द्वारा लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्रदान किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने आकांक्षी जनपद बहराइच में कराये जा रहे कार्यों की खुले दिल से प्रशन्सा करते हुए कहा कि माह अप्रैल 2017 से मार्च 2025 तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 613190 कृषकों कुल रू. 173870 लाख, 113045 गन्ना कृषकों रू 4393.613 करोड़ का भुगतान किया गया है। उक्त अवधि में गेहूँ खरीद की बात की जाय तो 112556 से 5590510.81 मी.टन की खरीद कर रू. 103587.02 लाख तथा 166965 किसानों से 1009760.02 मी.टन धान की खरीद कर रू. 223758.75 लाख का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का ज़िक्र करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले की 5087 गरीब बेटियों की शादी पर रू. 2615.49 लाख का व्यय कर पूरे सम्मान के साथ विदाई करायी गयी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम की एक विशेषता यह भी है गरीब बेटियों की शादी में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिले व शासन के आला अधिकारी मौजूद रह कर वर वधू को आशीर्वाद देते हैं। जबकि ऐसा धनाढ्य व्यक्ति की शादी में नहीं होता है। श्री शाही ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बेहतर समन्वय से जिले की निरन्तर प्रगति के लिए हो रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# भगवान आदिनाथ की निकाली पालकी यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** नगर के आदिनाथ दिगंबर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायती मंदिर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती महोत्सव का कार्यक्रम बहुत ही भव्यता के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान जिनेन्द्र की पालकी यात्रा प्रातः 8:30 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से प्रारंभ होकर नगर शिखराश्रम बगीची तक निकाली गई। उसके उपरांत मंदिर में पुनः वापसी के बाद श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा हुई। भगवान आदिनाथ के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर टूंडला नगर के मुख्य बाज़ार में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। साथ ही मध्याह्न काल में महिला मंडल की ओर से भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जसवीर प्रसाद जैन, पांडेय जयंत कुमार जैन, मुकेश चंद जैन, मुकेश जैन बॉबी, अरविन्द जैन, पंकज जैन, धीरज जैन, नीरज जैन, गौरव जैन, सम्यक जैन, सुमन जैन, प्रवीण जैन, प्रशांत जैन, संजीव जैन के अलावा महिला पुरुष मौजूद रहे।

# थाना साइबर पुलिस ने साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया




**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरव दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा ग्राम सभा बन्ना थाना टुंडला में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षक साइबर क्राइम राजेश सिंह कांस्टेबल हेमेन्द्र व कांस्टेबल अंशुल द्वारा स्थानीय नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जहां बताया गया कि पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है, साइबर अपराधी इस प्रकार के फर्जी कॉल कर लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं, अपने मोबाइल या कंप्यूटर में किसी भी अनजान लिंक फर्जी कॉल या संदिग्ध ऐप्स से बचें। कभी भी अपना बैंक खाता संख्या ओटीपी पिन, सीवीवी आदि किसी के साथ साझा न करें,अपनी व्यक्तिगत जानकारी अनजान लोगों के साथ शेयर न करें, फेक न्यूज और साइबर धोखाधड़ी से बचें। इसके अलावा, स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा डिजिटल वारियर के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक आदेश कुमार चौकी इंचार्ज एफएच. थाना टुंडला सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित



■ बच्चों का बायोमैट्रिक अपडेशन अनिवार्य रूप से कराएं : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई, जिसका विवरण निम्नवत् है। मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति एवं एम0पी0सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, फिरोजाबाद तथा समिति के समस्त सदस्य एवं लखनऊ से आगरा मण्डल आगरा के यू0आई0डी0ए0आई0 के द्वारा उक्त बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में बिन्दुवार समीक्षा करायी गयी। बैठक के दौरान बताया कि जनपद फिरोजाबाद में 0 से 5 वर्ष में आधार नामाकंन की प्रगति 38 प्रतिशत है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि आयु वर्ग 0-5 वर्ष आधार नामाकंन की प्रगति की तेजी से बढाया जाना आवश्यक है। सभी आयु वर्गो, मुख्यतः 0-18 आयु वर्ग में आधार संतृप्ति और बच्चों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेशन। फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान में बढोत्तरी किये जाने के निर्देश दिये गये। आधार से सम्बन्धित धोखाधड़ी एवं दुरूपयोग की गतिविधियों का अनुश्रवण एवं विधिक कार्यवाही। आधार नामाकंन हेतु जगरूकता अभियान संचालित कराना तथा आधार के उपयोग हेतु बेस्ट प्रैक्टिस का प्रसार करना। उन्होने कहा कि 0-5 वर्ष के बच्चों का शतप्रतिशत आधार पंजीकृत किया जाना है जिसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी प्राइवेट अस्पतालों से समन्वय स्थापित करते हुए जन्में हुये बच्चों की सूची प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। 0-5 वर्ष के बच्चों के आधार नामाकंन व्यवस्था का अनुश्रवण करना मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक को निर्देशित किया गया कि 0-5 वर्ष के बच्चों के नामकरन की प्रकिया तेजी से की जायें। मुख्य चिकित्साधिकारी को आधार वर्ष जन्म पंजीकरण की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। समस्त रजिस्ट्रार को निर्देशित किया गया कि राज्य सरकार अथवा उ0प्र0 डी0बी0टी0 आधार सेल द्वारा निर्देशों के क्रम में कार्य करना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगजनों को प्रभारी मंत्री के हाथों मिली मोटराइज़्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल व व्हील चेयर



**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने जनप्रतिनिधयों व अधिकारियों के साथ 61 दिव्यांगजनों को मोटराइज़्ड ट्राईसाइकिल व हेल्मेट, 146 को बैसाखी, 35 को ट्राईसाइकिल तथा 03 को व्हील चेयर प्रदान किया। सर्व प्रथम प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तदोपरान्त उन्हें सहारा देकर मोटराइज़्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल व व्हील चेयर पर सवार कर रवाना किया।

### विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टालों का मुख्य अतिथि ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''यूपी, भारत का ग्रोथ इंजन'' की थीम पर महाराज सिंह इण्टर कालेज परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी एवं स्टालों का मुख्य अतिथि मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने जनप्रतिनिधयों व अधिकारियों के साथ अवलोकन सम्बन्धित अधिकारियों से विभागीय योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान मुख्य अतिथि ने एग्रीगेटर, फार्म मशीनरी बैंक, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर योजना अन्तर्गत 07 एफपीओ/कृषकों यथा कृषक कल्याण उत्पादक सहकारी समिति लि., वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान फार्मर प्रोड्यूसर कं.लि., सन्तबख्श सिंह, रामेश्वर, रामचन्द्र सोनकर, राजेश कुमार व बेचेलाल को ट्रैक्टर की चाभी भेंट की तथा हरी झण्डी दिखाकर स्कूल परिसर से रवाना किया।

# बेटी अभिशाप नहीं वरदान है : प्रभारी मंत्री

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** यू.पी.-भारत का ग्रोथ इंजन उ.प्र. सेवा, सुशासन एवं सुरक्षा नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के पंडाल में आयोजित त्रि-दिवसीय विकास उत्सव के दूसरे दिन महिला एवं सशक्तीकरण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर आधारित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र-प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वावलम्बन, सशक्तिकरण एवं आर्थिक संपन्नता के साथ हर क्षेत्र में बराबरी का हिस्सा दिलाने के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के केन्द्र में 10 साल एवं प्रदेश में 08 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र-प्रदेश सरकार की



योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकास मेले का आयोजन किया जा रहा है, आज के कार्यक्रम में पुरुषों से अधिक महिलाओं की भागीदारी है। उन्होने कहा कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन के तहत 03 करोड़ से अधिक लखपति दीदी बनाने का कार्य हुआ, अगले 05 वर्षों में 01 करोड़ और लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं के लिए नए रास्ते खोलकर आत्म-सम्मान प्रदान करने का कार्य किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र-प्रदेश में सुरक्षा, सेवा, सुशासन मिशन, अंत्योदय के मूल-मंत्र के अन्तर्गत कार्य हो रहा है, आज उ.प्र. अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देश में दूसरे नंबर पर है, वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में 07वें नंबर पर थी, वर्ष 2029 तक इस प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नंबर-01 पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, विगत 08 वर्षों में 08 लाख शिक्षित युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची, बिना पर्ची के आधार पर सरकारी विभागों में नौकरियां प्रदान की गई, विभिन्न योजनाओं में सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर शिक्षित, हुनरमंद युवाओं को स्वतः रोजगार स्थापित कराकर नौकरी ढूंढने वाला नहीं बल्कि रोजगार प्रदान करने वाला बनाया। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व उ.प्र. में मात्र 02 एयरपोर्ट थे लेकिन आज प्रदेश में 16 एयरपोर्ट स्थापित हो चुके हैं, उ.प्र. आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे, हाई-वे वाला प्रदेश बन चुका है, खाद्यान्न के क्षेत्र में आलू, गन्ना उत्पादन, आयुष्मान योजना, पी.एम. स्वःनिधि योजना सहित तमाम संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं में देश नंबर-01 पर है। उन्होने कहा कि महाकुंभ की देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां में चर्चा हो रही है, वैश्विक स्तर पर महाकुंभ को नई पहचान मिली, देश के ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों के लोगों ने आस्था की डुबकी लगायी, कुंभ के दौरान लगभग 66 करोड़ 30 लाख सनातनियों ने स्नान कर रिकार्ड स्थापित किया।

# आरएसओ ने आरपीएफ को हराकर किया फाइनल में प्रवेश



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** अंतर विंभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का सेमीफाइनल मुकाबला आरपीएफ एवं आरएसओ के मध्य खेला गया। जिसमें आरपीएफ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिसमे आरएसओ की टीम ने ओपनर बल्लेबाज विकास की बेहतरीन पारी की बदौलत 128 रन का चुनतिपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जिसे आरपीएफने 128 रन बनाकर सुपर ओवर में मैच धकेल दिया। जिसे आरएसओ ने सुपरओवर में मिले टारगेट को डिफेंड कर 10 विकेट से जीता और फाइनल में प्रवेश किया। आरएसओ के कप्तान ललित के साथ सहायक मंडल विद्युत अभियंता प्रतीक यादव, सुनील कुमार, शाखा मंत्री सरदार सिंह, देवकीनंदन, मुख्य करू नियंत्रक परिचालन एमसी मिश्रा, अनिल उपाध्याय के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जयंती की रूपरेखा बनाने हेतु कलेक्टेट्र सभागार में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने 14-04-2025 से 15 दिवसीय कार्यक्रम में भागीदारी (14-04-2025 से 28-04-2025 तक) को सम्पूर्ण जनपद में उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की योजना के सम्बन्ध में निर्देश दिये गए एवं तत्काल निम्नवत कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त अधिशासी अधिकारी, (नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत) समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) उपस्थित रहे। सम्पूर्ण प्रदेश में आगामी अम्बेडकर जयंती समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाय। सम्पूर्ण प्रदेश में 14-04-2025 से 28-04-2025 तक की विशिष्ट तिथियों पर प्रदेश के समस्त जिला पंचायतों, विकास खण्डों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में पूर्व निर्धारित परम्परागत कार्यक्रमों यथा-प्रार्थना सभा आदि के पश्चात 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के टैग लाईन वाले पोस्टर, बैनर एवं झंडे के साथ प्रभात फेरियों का आयोजन कराते हुए प्रभात फेरी समाप्ति स्थल (एस0सी0/एस0टी0 बाहुल्य क्षेत्र में अमृत सरोवर स्थलों पर बाबा साहेब बी0आर0 आंबेडकर की मूर्ति अथवा मूर्ति की अनुपलब्धता में उनका बड़ा चित्र लगाकर उसपर माल्यार्पण अथवा पुष्पांजलि अर्पण के साथ) पर स्वतंत्रता प्राप्ति तथा संविधान निर्माण के सम्बन्ध में मनीषियों एवं विधि बेत्ताओं की भूमिका पर वाद-विवाद, गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन कराया जाय। इस हेतु प्रत्येक गैर सरकारी अथवा सरकारी कार्यालयों में संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकारों, संविधान के अनुच्छेद 51 के अन्तर्गत उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों एवं अद्यतन संविधान संशोधनों पर व्याख्यानमाला आदि का आयोजन किया जाय। सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में जीवित स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाय। संविधान सभा के सदस्यों से सम्बन्धित ग्रामों में संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए विशेष समारोह का आयोजन किया जाय। प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों /विश्वविद्यालयों (चिकित्सा शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/ कृषि शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा सहित) में प्रार्थना सभा के उपरान्त संविधान के उपबन्धों, संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार/कर्तव्य/राज्य के नीति निर्देशक तत्वों एवं संविधान में किए गए नवीन संशोधनों आदि के सम्बन्ध में क्विज का आयोजन किया जाय। स्कूल/कालेजों में नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा संवैधानिक मुददे जिसमें विशेष रूप से सामाजिक सशक्तीकरण, महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता से सम्बन्धित चुनौतियों का सामना संविधान के माध्यम से किए जाने हेतु एवं संविधान में समय-समय पर किए गए वृहद एवं नवीन संशोधनों के आलोक में वाद-विवाद/सेमिनार एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय।



## कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, आशापुर, वाराणसी।

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0-28/अ0अ0/ बैयॉअनुखंवा /2024-25**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ,उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड पात्र निविदादाताओं से दिनांक 07/04/2025 के अपरान्ह 14.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

2-आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू.) में | धरोहर धनराशि रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | लाट सं0-01:- विभागीय एम्फीबियस एक्सकेवेटर क्रमांक जी0-1 के जनपद बाराबंकी में ड्रेजिंग कार्य की परियोजना के अन्तर्गत परिचालन एवं रनिंग मरम्मत इत्यादि के कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 11.40 | 23,000.00 | 90 दिन | रू. 500.जी. एस..टी 18 प्रतिशत | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| | लाट सं0-02:- विभागीय एम्फीबियस एक्सकेवेटर क्रमांक एल0-1 के जनपद गोण्डा में ड्रेजिंग कार्य की परियोजना के अन्तर्गत परिचालन एवं रनिंग मरम्मत इत्यादि के कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 11.40 | 23,000.00 | 90 दिन | रू. 500.जी. एस..टी 18 प्रतिशत | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| | लाट सं0-03:- विभागीय एम्फीबियस एक्सकेवेटर क्रमांक एल0-4 के जनपद बहराइच में ड्रेजिंग कार्य की परियोजना के अन्तर्गत परिचालन एवं रनिंग मरम्मत इत्यादि के कार्य बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार। | 11.40 | 23,000.00 | 90 दिन | रू. 500.जी. एस..टी 18 प्रतिशत | निविदा की शर्तो के अनुसार |
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | 30/03/2025 को समय 11.00 बजे से | | |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक वॉछित डाक्यूमेंट पी0डी0एफ0/एक्स0एल0एस0फार्मेट में | | | 30/03/2025 को समय 11.00 बजे से 07/04/2025 को 14.00 बजे तक | | |
| डी | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, एवं अन्य वांछित अभिलेख मूलरूप में, अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, वाराणसी के कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय | | | 08/04/2025 को 11.00 बजे तक | | |
| ई | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल बिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | 08/04/2025 को 14.00 बजे | | |
| एफ | आनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेन्शियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त | | |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, आशापुर, वाराणसी। | | |

3-निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http://information.up.gov.in/ पर व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http://idup.gov.in/ पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रक्योरमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in/ से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, वाराणसी के नाम केवल इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-'ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

4-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहे।

नोट-:
1- निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार को कार्यस्थल की विजिट स्वयं कर लेनी चाहिए।
2- बजट एवं कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।
3- ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने हेतु टी0 एण्ड पी0 एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
4- कार्य की जी0एस0टी0 नियमानुसार अलग से देय होगी।

UPID-231695 Dated-25-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(सुजीत कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड,
वाराणसी।

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता / नि.–प्रथम / लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ सिंगल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के बाराबंकी–अकबरपुर (161 किमी) के दोहरीकरण के संबंध में अयोध्या धाम–अयोध्या कैंट खंड के बीच मौजूदा पुल संख्या 300, 301, 302 और 303 को आरसीसी बॉक्स द्वारा प्रतिस्थापित का कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 417.28 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 3,58,700.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनॉक 23.04.2025 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनॉक 23.04.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 09.04.2025 से 23.04.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्याः– 250-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-अयोध्या/लखनऊ दिनॉक 26.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 936/25

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 16.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 03402025 dated 25.04.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 01-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 2. 02-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 3. 03-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 4. 04-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/उतरेटिया के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/निहालगढ़ और प्रथम/सुलतानपुर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। 3. सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/द्वितीय/सुलतानपुर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। 4. सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/लम्भुआं और श्रीकृष्णानगर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 99294877.43; 2. Rs. 58493003.09; 3. Rs. 45794078.66; 4. Rs. 66199484.60 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 646500.00; 2. Rs. 442500.00; 3. Rs. 379000.00; 4. Rs. 481000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 01 से 4: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01 से 4: 02.04.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01 से 4: 16.04.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 929/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मंत्री ने 51 करोड़ 12 लाख परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण बटन दबाकर किया

वहाज अली निहाल



**प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शिनी पंडाल में दूसरे दिन विकास उत्सव मेले का आयोजन किया गया**

**इटावा/अवधनामा संवाददाता।** कार्यक्रम प्रदर्शिनी पंडाल नुमाइश ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ0प्र0 धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया एवं संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकारों एवं शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंत्री द्वारा 51 करोड़ 12 लाख परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण बटन दबाकर किया गया। मंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को नियुक्त पत्र वितरण एवं नए कानूनों के क्रियान्वयन किए जाने के संदर्भ को पुलिस विभाग के विवेचकों को ई-साक्ष्य के तहत एक-एक अदद स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए गए एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया। यह पुस्तिका सरकार की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और डिजिटल पहलुओं पर किए गए कार्यों की जानकारी दी गई है। मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्यभूत परिवर्तन किया गया एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लाभार्थियों को दिया गया, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि गरीब परिवार को आवास की सुविधा एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की गई तथा गरीब बेटियों के लिए, कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य को सुधारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कार्य के साथ-साथ देश की संस्कृति को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में नं0 1 पर है। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ भेद-भाव नहीं करना चाहिए, बेटियां अपना त्याग कर दो घर संभालती हैं, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि गर्भ में बेटियों की हत्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता सेवा, सुरक्षा और सुशासन रही है। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश में हर क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। गन्ना किसानों के हितों की रक्षा, चीनी उद्योग का आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम सरकार द्वारा उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किया है। गरीबों को आवास, किसानों को अनुदान, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। महाकुंभ हमारी संस्कृति व आस्था का प्रतीक है। "इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में आम जनता ने भाग लिया। प्रताप सिंह गुरुजी सदस्य विधान परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा गरीबों को चालीस करोड़ से ज्यादा इन्वेस्टर समिति का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बाउंड्री वाल, फर्नीचर, शौचालय आदि का कायाकल्प किया गया, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया गया एवं उत्तर प्रदेश में जमीनों को कब्जा मुक्त किया गया। उक्त अवसर पर प्रदेश प्रभारी कमलावती, सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष भाजपा अरुण कुमार गुप्ता अन्नू, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एस0पी0सिटी अभय नाथ त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

## ग्राम महदेइया में लगाया निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम महदेइया में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा (ब्लॉक-बी) तथा डॉ. बिन्सी सी. टी. (केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली) से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों का समान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का निः शुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान 160 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (सीएसआर) ब्लॉक-बी सहित परियोजना से अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनसीएल समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## हाफ़िज़ मो. जुनैद ने तराबीह में मुकम्मल किया कुरआन पाक



मस्जिद गरीब नवाज़ गरीब नवाज़ कॉलोनी, पिलखर में तेईस रमज़ान मुबारक को कुरआन पाक मुकम्मल होने पर हाफ़िज़ मोहम्मद जुनैद वारसी की गुलपोशी कर मुबारकबाद देते लोग।

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मस्जिद गरीब नवाज़ गरीब नवाज़ कॉलोनी, पिलखर में तेईस रमज़ान मुबारक के मौके पर तराबीह की नामज़ में हाजी फईम उद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी के पुत्र हाफ़िज़ मोहम्मद जुनैद वारसी ने कुरआन पाक मुकम्मल किया। कुरआन पाक मुकम्मल होने पर नमाज़ियों ने हाफ़िज़ जुनैद की गुलपोशी कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर इस्लामिया स्कूल के क्लास सात के होनहार छात्र मोहम्मद उवेस ने नबी पाक की शान में बहुत ही शानदार नात पेश की मोहम्मद हमारे बड़ी शान वाले पढ़ कर खूब वाह वाही लूटी।

सलातो सलाम के बाद नज़र पेश की गई उसके बाद खुदा तआला की बारगाह में हाथ उठाकर सभी के हक़ में दुआयें मांगी गई। इस मौके पर हाफ़िज़ अशफाक, मोहम्मद निसार, मोहम्मद माजिद, मोहम्मद हबीब, मोहम्मद इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

## जैन धर्मशाला में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शहर के जैन धर्मशाला लालपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार, जैन मंदिर लालपुरा कमेटी महामंत्री महेश रपरिया समाज सेवी वैभव जैन ने किया। जिसमें डॉ पी आर जाखड़ डॉ श्रवण चौधरी टीम द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है जिसमें लगभग 60 मरीजों का बिना औषधि रोगियों का इलाज किया। अध्यक्ष संजू जैन ने बताया कि एक्यू प्रेशर द्वारा इलाज किया जा रहा है शिविर 25 मार्च से 31 मार्च तक टीम द्वारा उपचार किया जायेगा समय प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक सांय 4 बजे से 8 बजे तक उपचार किया जायेगा, जिसमे पुराना सिर दर्द बच्चों को नींद में पेशाब आना मोटापा मानसिक तनाव डिप्रेशन कमर दर्द लकवा, पेरालेसिस, सील्डर दर्द आँख, नाक, गला रोग साईटिका कब्ज गैस, सवाईकल दर्द हाथ पैरो मे थकान आदि बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, जिसमें सभी लोग आये चिकित्सा शिविर लाभ ले।

## सपा पीडीए द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी, विधानसभा ओबरा का पीडीए होली मिलन समारोह मंगलवार की शाम चोपन स्थित रामलीला मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की, जबकि संचालन अमर नाथ यादव ने किया। मुख्य अतिथि, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सत्ता के लिए समाज को विभाजित करने वालों के प्रयासों को विफल करने के लिए, समाजवादी कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि, सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के सामाजिक व राजनीतिक उत्थान के लिए संघर्षरत है। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक, जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व सपा प्रत्याशी सुनील गौड़ तथा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नजमुद्दीन इदरीसी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए होली की बधाई दी। इस अवसर पर रमेश यादव, अनील यादव, रमेश वर्मा, विजय यादव, सईद कुरैशी, बाबूलाल यादव, सत्येंद्र ओझा, सत्यदेव पांडे, सतीश यादव, महेंद्र निषाद, नसरुद्दीन, अभिषेक दुबे, नागेंद्र यादव, अरुण, मनोज यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।होली मिलन के उपरांत प्रधान दुर्गेश यादव के आवास पर दिव्य भोजन की व्यवस्था की गई।

## ओवरलोड ट्रकों की बेधड़क आवाजाही जारी, प्रशासन मौन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** झांसी जनपद के गरौठा तहसील से संचालित खण्ड संख्या खरवांच 3 का खनन कारोबारी हमीरपुर की सरीला तहसील के मगरोठ गांव से परिवहन कर सड़कों को चर कर रहा है ध्वस्त। नियम कानून को ताक में रख कर नदी के बीचों कई किलोमीटर लम्बी सड़क बनाई गयी है जो ऐन जी टी के नियम के विरुद्ध है उक्त खदान से निकलने वाले ओवरलोड ट्रकों की निकासी हमीरपुर की सड़कों पर जारी है, जिससे सड़कों की हालत बदतर हो रही है और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई दिनों से इस मुद्दे पर खबरें प्रकाशित हो रही हैं , लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**पहले भी उठ चुका है मामला, लेकिन सुधार नहीं-** इससे पहले, ओवरलोड ट्रकों के कारण सड़कें टूटने, धूल और प्रदूषण बढ़ने और दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफे की खबर सामने आई थीं। लेकिन तब प्रशासन द्वारा इन के विरुद्ध जबरदस्त कार्यवाही भी की थी लेकिन यह खनन माफिया मानने को तैयार नहीं।

**ओवरलोडिंग के कारण बढ़ा खतरा-** स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध तरीके से चल रहे ओवरलोड ट्रकों से सड़कें खराब हो रही हैं और हर दिन हादसों का खतरा बढ़ रहा है। एक ग्रामीण ने बताया, "रात-दिन यह ट्रक चलते रहते हैं, सड़कें टूट रही हैं और धूल के कारण सांस लेना मुश्किल हो रहा है।"

**प्रशासन और खनन विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में-** खनन विभाग और परिवहन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते झांसी से संचालित खरवांच खंड संख्या 3 का से ओवरलोडिंग का खेल हमीरपुर जनपद की सड़कों पर बेरोकटोक जारी है। सवाल यह है कि आखिर क्यों प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई से बच रहा है?

**स्थानीय लोग कर सकते हैं विरोध-** सूत्रों के अनुसार, यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थानीय लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर सकते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ओवरलोड ट्रकों की जांच के लिए चेकपोस्ट बनाई जाए और दोषी ट्रक मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

**क्या होगी अगली कार्रवाई?-** अब यह देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस मुद्दे को अनदेखा करता है या जनता की आवाज़ सुनकर कोई ठोस कदम उठाता है। अगर जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला और बड़ा बन सकता है।

खान अधिकारी हमीरपुर विकास सिंह परमार से जब इस सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इन के खिलाफ कुछ दिन पूर्व जबरदस्त कारवाई की गयी थी खदान में घुस कर पुलिस लगा दी गयी थी लेकिन यह मान नही रहे अभी मै बाहर हूं जैसे ही मै आता हूं इन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सुशासन के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि आज सोनभद्र जो अति महत्वाकांक्षी देश के 112 जिलों की सूची में निचले पायदान पर था वह आज तीसरे नंबर पर तेजी से विकास के माध्यम से पहुंच गया है। यहां पर मेडिकल कालेज, इंजिनियरिंग कालेज, एअरपोर्ट अच्छी रोड कनेक्टिविटी और अन्य जनमानस के लिए, सरकार द्वारा निरंतर चलाई जा रही विकास योजनाओं के माध्यम से यह जिला आने वाले समय में अति महत्वाकांक्षी जिले की श्रेणी से बाहर हो जायेगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या, जगदीश बैसवार, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत, ओमप्रकाश दूबे, कृष्णमुरारी गुप्ता, उदयनाथ मौर्या, छात्र संघ अध्यक्ष डिग्री कालेज ओबरा कुंवर चतुर्वेदी, संतोष शुक्ला, अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, नार सिंह पटेल, यादवेन्द्र द्विवेदी, ओमप्रकाश यादव विनय श्रीवास्तव, गुड़िया त्रिपाठी, प्रमिला जायसवाल, रंजना पाण्डेय, रामबली मौर्या, बलराम सोनी, मनीष अग्रहरी, शिवम सिंह, अनिल सिंह सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करमा नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** केंद्र सरकार के सफलता के 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव के आज द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल द्वारा किया गया, इस मौके पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, सहकारी बैंक के अध्यक्ष जगदीश पटेल, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, विधायक सदर के प्रतिनिधि विकास मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। यह आयोजन प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' नीति को समर्पित है, जिसकी थीम 'उत्तर प्रदेश' देश का ग्रोथ इंजन' रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा, जिसे रंग-बिरंगी रंगोलियों, फूल-मालाओं, गुब्बारों और योजनाओं से संबंधित आकर्षक फ्लैक्स डिस्प्ले से सजाया गया था। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री श्री रवीन्द्र जायसवाल ने 117.72 करोड़ 91 परियोजनाओं शिलान्यास व लोकार्पण किया, जिसमें प्रभारी मंत्री ने 11 परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिसकी लागत 15.84 करोड़, 80 परियोजनाओं का शिलान्यास किये, जिसकी लागत 101.88 करोड़ रूपये है, इस दौरान उन्होंने कहा कि इस परियोजनाओं के शिलान्यास से जनपद के सड़क, भवन और पुल का निर्माण कार्य किया जायेगा, जिससे जनपद का विकास होगा, इस दौरान मंत्री ने विकास योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किये और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और लाभार्थियों को दी जाने वाली लाभ से सम्बन्धित विविध जानकारी भी लिये, इस दौरान मंत्री दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल वितरण कर रवाना किये। विभिन्न सरकारी विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया, वहीं फूड स्टॉल पर भी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा, आईटीआई के छात्रों को टैबलेट का वितरण किया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, प्रशस्ति-पत्र का वितरण प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं संस्कृति विभाग से आए कलाकारों के समूह ने करमा नृत्य और लोक गीत के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

## मस्जिद में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा जामा मस्जिद विंध्यनगर में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख ई. सत्य फ़नि कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) एवं संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शाहिद नियाजी (मुख्य संरक्षक, मस्जिद) द्वारा रोज़े के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। इसके साथ ही सभी देशवासियों की खुशहाली के लिए दुआ की गई और एनटीपीसी परियोजना एवं विंध्यनगर के निवासियों के लिए भी दुआ की गई। इस अवसर पर दिनेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएम), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य, कल्याणकारी संस्थान के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# चौरा देवी मैदान में उत्तर प्रदेश: देश का ग्रोथ इंजन थीम पर दूसरे दिन भी हुए भव्य कार्यक्रम

हिफ़्जुर्रहमान



**हमीरपुर।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद में तीन दिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन भी चौरा देवी ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अजीत सिंह पाल रहे।

यह आयोजन प्रदेश सरकार की "सेवा, सुरक्षा और सुशासन" नीति को समर्पित था, जिसका थीम "उत्तर प्रदेश: देश का ग्रोथ इंजन" रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए। इन सभी स्टॉलों का मा मंत्री जी व अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मंत्री , विधायक सदर , भाजपा जिलाध्यक्ष , जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व अन्य लोगों ने महाकुंभ पर आधारित एवं प्रदेश की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन किया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं लखनलाल सांस्कृतिक दल द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर मंत्री व अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र / उपकरण वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत 05 पॉपकॉर्न मशीन का वितरण, एनआरएलएम के अंतर्गत ई रिक्शा के लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को घर की चाभी वितरण, सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। जनपद में निवेश करने वाले निवेशकों का सम्मान किया गया। एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को पांच करोड़ से अधिक के क्रेडिट कार्ड लिंकेज से संबंधित डेमो चेक का वितरण, निराश्रित महिला पेंशन के तहत स्वीकृति पत्र वितरण, कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत स्वीकृत पत्र ,वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र, बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को ट्रैकसूट एवं अन्य उपहार , क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस क्रम में मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में आकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर विभिन्न योजनाओं के तहत हुए कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी अवश्य लें। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के 08 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब चारों तरफ विकास हो रहा है पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं देश के सर्वाधिक निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 15 करोड़ निर्धन परिवारों को प्रतिमाह निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है, 09 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निशुल्क आवास की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है चाहे किसी सेक्टर हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हो, विद्युत उत्पादन हो, निवेश और रोजगार के सेक्टर में, चिकित्सा के सेक्टर में, सांस्कृतिक विरासत के सेक्टर में बेहतर कार्य हो रहे हैं। किसानों का सम्मान, युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा आदि क्षेत्र में सरकार द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने जनपद में हुए विभिन्न विकास कार्यों, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ज्ञात हो कि सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 27 मार्च तक किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस महोत्सव में जिलेभर के लोग शामिल होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इनका प्रत्यक्ष लाभ भी ले सकते हैं। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया और लाभार्थियों के अनुभव साझा किए जाएंगे। यह महोत्सव जनता को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है।इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ,मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 8 साल में ग्राम्य विकास विभाग ने स्थापित किये नये प्रतिमान

- विकास विभाग की तमाम योजनाओं में ग्राम्यउत्तर प्रदेश देश में टाप पर
- कई योजनाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा किया गया पुरूस्कृत
- 8 साल में 234 करोड़ ज्यादा मानव दिवस किये गये सृजित, रू 73129 करोड़ की धनराशि व्यय
- बीते 08 सालों में महिलाओं ने 87.66 करोड़ मानव दिवस सृजित किये
- 32 लाख से ज्यादा मजदूरों को मिला 100 दिन का रोजगार
- 1.26 लाख से ज्यादा दिव्यांगों को मनरेगा में मिला रोजगार
- 5.26 करोड़ परिवारों को मनरेगा में मिला रोजगार



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग नये प्रतिमान स्थापित करते हुए विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। ग्राम्य विकास विभाग की तमाम योजनाओं में उत्तर प्रदेश देश में टाप पर है और कई योजनाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा पुरूस्कृत किया गया है।

उत्तर प्रदेश की वर्तमान प्रदेश सरकार को 8 साल पूरे हो गए हैं। इन 8 सालों में प्रदेश में कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव हुए हैं। प्रदेश सरकार ने इन आठ वर्षों में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महात्मा गांधी नरेगा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मनरेगा योजना के अंतर्गत धनराशि व्यय, मानव दिवस सृजन, 100 दिवस का रोजगार, अमृत सरोवर निर्माण, एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से निरीक्षण आदि बिन्दुओं पर उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है और पहले पायदान पर खड़ा है।

प्रदेश में वर्तमान सरकार के 08 साल पूरे हो गये हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास हेतु लगातार बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। गांवों की आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ इच्छुक नागरिकों को गांव में ही मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य एवं लाभ उपलब्ध कराकर उन आजीविका को आसान बनाया जा रहा है।

बीते 08 वर्षो की बात करें तो मनरेगा योजना के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों पर वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक 73,129 करोड़ से ज्यादा की धनराशि व्यय की गई है।

### 'मनरेगा में महिलाओं का लगा मन'

महिलाओं का मन अब मनरेगा के कार्यों में तेजी से लग रहा है। इसलिए महिलाएं अब घर की चौखट पार कर काम करने के लिए बाहर निकल रहीं हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत महिलाओं को काम देने में प्रदेश द्वारा लगातार बेहतर प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मनरेगा योजना के तहत कुल 32.89 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें से 13 करोड़ से ज्यादा महिलाओं का योगदान है, जो लगभग 42 प्रतिशत है। महिला मेट मनरेगा में प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए महिला श्रमिकों के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं। वर्ष 2017-18 से अब तक महिलाओं द्वारा 87.66 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित किये गये हैं।

### 'लाखों परिवारों को मिलता गारंटी युक्त 100 दिन का रोजगार'

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा योजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसाक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार और वंचित वर्गों के इच्छुक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। यह योजना बेरोजगारों और रोजगार की जरूरत वाले लोगों के लिए काम करने के अधिकार की गारंटी देता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ाने का निरंतर प्रयास जारी है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण परिवेश बीते कुछ सालों लगातार लाखों परिवारों को योजनांतर्गत लाखों परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी अब तक 5,70,251 परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2017-18 से अब तक 32 लाख से ज्यादा परिवारों को 100 दिन का रोजगार मिला है।

मनरेगा योजना के अंतर्गत मानव दिवस सृजन के मामले में उत्तर प्रदेश लगातार अग्रणी राज्य की भूमिका निभा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक प्रदेश में 32.89 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 32.89 करोड़ मानव दिवस सृजन कर प्रदेश में देश में सबसे आगे है। वहीं 2017-18 से अब तक प्रदेश द्वारा 234 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित किये गये हैं।

## मजलिसे बरसी आज

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वर्गीय अहमद रजा आब्दी और स्वर्गीय जफर फातिमा के ईसाले सवाब के लिए गुरुवार को मजलिसे बरसी आयोजित होगी। मौलाना वसी आब्दी ने बताया कि गुरुवार को हुसैनाबाद के हाता मिर्जा अली खां स्थित इमामिया मस्जिद में रात 8 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना एजाज मेहदी खिताब करेंगे। इमामबा अबुतालिब व रौजाए बैतुल हुजन में मजलिस आज अंजुमन गुंचा ए मजलुमिया के वरिष्ठ सदस्य जफर रजा के ईसाले सवाब के लिए गुरुवार को सआदतगंज के हसनपुरिया स्थित इमामबाड़ा अबूतालिब में मजलिस होगी। रात 8 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचए मजलूमिया और काजमिया-आबिदया नौहाख्वानी करेगी। महिलाओं की मजलिस इसी इमामबाड़े में दोपहर 2 बजे होगी। इसी तरह अंजुमन लश्करे हुसैनी के सदस्य शजर अब्बास के ईसाले सवाब की मजलिस रुस्तम नगर स्थित शबीहे बैतुल हुज्न में गुरुवार रात 8 बजे होगी। मजलिस को मौलाना जावेद हुसैन नजफी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी वक्त बुनियाद बाग स्थित मदरसा फातिमा में होगी।

## माहे मुबारक रमजान इबादत और दुआओं का खास महीना

**अवधनामा ब्यूरो**




- तीन दिवसीय ऐतिकाफ में 70 से अधिक रोजेदारों ने हिस्सा लिया

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान इबादत और दुआओं का खास महीना है। इस महीने की महत्वपूर्ण इबादत ऐतिकाफ है, जो माहे मुबारक के आखिरी 10 दिनों में की जाती है। तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में तीन दिवसीय ऐतिकाफ का आयोजन 22 रमजान से किया गया। तीन दिवसीय ऐतिकाफ में 70 से अधिक रोजेदारों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मौलाना इब्राहीम कुम्मी ने दुआ कराई, जिसके बाद शाहकार जैदी ने ऐतिकाफ में शामिल हुए रोजेदारों को हार-माला पहना स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ऐतिकाफ के दौरान मौलाना इब्राहीम कुम्मी, मौलाना वासिक, मौलाना आरिफ रिजवी, मौलाना मोहम्मद अब्बास ने रोजेदारों को ऐतिकाफ के महत्व पर रोशनी डाली। उलमा ने ऐतिकाफ के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि जिसने इस मुबारक महने के आखिरी 10 दिनों में तीन दिन तक खुद को अल्लाह की रिजा के लिए दुनिया की फिक्र छोड़ मस्जिद में इबादत में मसरूफ किया उसने एक हज और एक उमरा करने के बराबर का सवाब हासिल किया। इस वर्ष ऐतिकाफ में पूर्व डिप्टी एसपी विकार हैदर, इंजीनियर यावर काजमी, डाक्टर बाकर इमाम जैदी, मजहर हुसैन, शान अली शन्ने, वरिष्ठ पत्रकार रिजवान मुस्तफा, सज्जाद रजा रिजवी, यासिर हैदर, मीसम, रफीक हुसैन, शफीक हुसैन, अमीर अहमद जैदी, मोहम्मद बज्मी, अरशी जैदी, फैसल, मोहम्मद रजा रिजवी, कल्बे पंजेतन, मजहर आगा, हैदर काजमी, शाहिद हुसैन, मजहर आगा सहित अन्य लोग शामिल हुए। ऐतिकाफ के समापन पर देश-दुनिया में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, तरक्की की दुआओं के साथ ही फिलीस्तीन में बेगुनाह मारे जा रहे बच्चों के लिए दुआएं की गयीं।

# ईसार और इन्फ़ाक़ इंसानियत की पहचान है



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** तालीम व तरबियत ट्रस्ट द्वारा आयोजित महदवी समाज की क्लासें अब अपने अंतिम चरण में हैं। संस्था सभी सेंटर्स पर अपनी दीनी और समाजी ज़िम्मेदारी निभाकर गर्व महसूस कर रही है कि उसे अल्लाह की तरफ़ से यह तौफ़ीक़ मिली कि वह अपने इस धार्मिक और नैतिक कर्तव्य को पूरा कर सके। क्लासों में सभी उस्तादों ने अल्लाह की राह में दान (इनफ़ाक़) और समाज के कमज़ोर लोगों की मदद पर ज़ोर दिया और इस अमल को रमज़ान महीने की सबसे महत्वपूर्ण इबादत बताया।

मौलाना सैयद ग़ुलाम रज़ा साहब ने इमामबाड़ा मीरन साहब मरहूम, मुफ़्तीगंज, लखनऊ में दुआ-ए-अहद की व्याख्या करते हुए कहा कि इमाम का सच्चा चाहने वाला वही है जो इमाम की मदद और नुसरत के लिए हर समय तैयार रहे। इमाम के ज़ुहूर (आने) के बाद दुनिया सिर्फ़ चमत्कारों से नहीं बदलेगी, बल्कि सभी को मेहनत और कोशिश करनी होगी। अगर हम आज अपने समाज को सुधारने की कोशिश नहीं करेंगे, तो कल भी इमाम के साथियों और मददगारों में शामिल नहीं हो सकेंगे।

अगर इमाम के आने के बाद हर तरह की ग़रीबी और फसाद से छुटकारा मिलेगा, तो आज हमें मिलकर ग़रीबी दूर करने में एक-दूसरे का साथ देना होगा। मौलाना आबिदी ने इमाम की एक हदीस का हवाला देते हुए बताया कि वह दौलत जो किसी के काम न आए, उसे इकट्ठा करने से बचना चाहिए क्योंकि ऐसा माल इंसान की सफलता नहीं, बल्कि तबाही का कारण बनता है।

सभी क्लासों का समापन दुआ के साथ हुआ और अंत में सभी ने मिलकर इमाम-ए-ज़माना की सेवा में सलाम पेश किया।

## इमामबाड़ा अबुतालिब व रौजाए बैतुल हुजन में मजलिस आज

**लखनऊ।** अंजुमन गुंचा ए मजलुमिया के वरिष्ठ सदस्य जफर रजा की मजलिस बृहस्पतिवार को इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में रात 8 बजे होगी। मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया और काजमिया आबिदया नौहाख्वानी करेंगी। महिलाओं की मजलिस इसी इमामबाड़े में दोपहर 2 बजे होगी। इसी तरह अंजुमन लश्करे हुसैनी के सदस्य शजर अब्बास की मजलिस का आयोजन शबीहे बैतुल हुजन रुस्तम नगर में बृहस्पतिवार को रात 8 बजे किया जाएगा। मजलिस को मौलाना जावेद हुसैन नजफी खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। महिलाओं की मजलिस इसी समय मदरसा फातिमा बुनियाद बाग में होगी।

# आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक तथा छायावाद की प्रमुख कवयित्री महादेवी वर्मा जी की जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

इस बैठक में महानिदेशक महोदय सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने महादेवी वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। बैठक में पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। महानिदेशक ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया। आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ0 वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, रेलवे बोर्ड द्वारा संगठन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में शिवसागर मिश्र चल वैजयंती, पूर्व अपर महानिदेशक शरद कुमार जैन को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र तथा दो कार्मिकों को प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

राजभाषा अधिकारी, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के महेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक/रेलपथ मशीन एवं मॉनिटरिंग निदेशालय द्वारा रेलपथ अभिलेखी यानों द्वारा भारतीय रेलपथों का अभिलेखन विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

## पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोज

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक, देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, द्वारा उन्नत प्रशिक्षण संस्थान, सिविल लाइन्स, नई दिल्ली, में बैंक के समस्त राजभाषा अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय ÷अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन÷ का आयोजन किया गया। उक्त सम्मेलन में बैंक के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न स्केल के लगभग 160 राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अंशुली आर्या, आई. ए. एस., सचिव राजभाषा, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, बैंक के कार्यपालक निदेशक कल्याण कुमार, देवार्चन साहू, (महाप्रबंधक राजभाषा), मनीषा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित रहे। विजेन्द्र सिंह चौहान, प्रोफेसर, ज़ाकिर हुसैन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से राजभाषा अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया।

# प्रसिद्ध चित्रकथाओं की थीम पर मना वार्षिकोत्सव



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** गैस चौराहा स्थित जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया जिसमें विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद जी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम चित्रलोक थीम पर आधारित था जिसमें प्रसिद्ध लोक कथाओं जैसे अंधेर नगरी, विक्रम बेताल, छत्रपति शिवाजी, चंद्रकांता तेनाली रमन, स्नोव्हाइट आदि का मंचन किया गया. कार्यक्रम में लगभग 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में सफल होने के लिए पुरस्कार दिए गए. जेएमबी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंचल गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय के स्टाफ तथा बच्चों को बधाई दी तथा जेएमबी ग्रुप के नए उपक्रमों के बारे में अवगत कराया. विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ उदिता अग्रवाल ने एनुअल रिपोर्ट के रूप में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को उजागर किया. विद्यालय की इंचार्ज प्राची गुप्ता, सर्वदीप कौर एवं एलिजा नफीस ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया. कार्यक्रम की कोरियोग्राफी मुश्ताक रजा द्वारा की गई।

## पसमांदा मुसलमान सौगात-ए-मोदी का भूखा नहीं : अनीस

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के सौगात-ए-मोदी किट पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पसमांदा मुसलमान पांच किलो गेहूं-चावल और सौगात-ए-मोदी का भूखा नहीं है। अगर मोदी जी वास्तव में हमें देश की मुख्यधारा से जोड़ना चाहते हैं तो हमें हमारा हक ओबीसी आरक्षण दें। ईद पर इससे बड़ा तोहफा कुछ और नहीं हो सकता। श्री मंसूरी ने कहा कि भाजपा सरकार चुनावी मौसम में पसमांदा मुसलमानों को लुभाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं लाती है लेकिन असली सवालों पर चुप्पी साधे रहती है। हमें दान नहीं अधिकार चाहिए। अगर भाजपा को सच में पसमांदा मुसलमानों की भलाई करना है तो उसे सौगात-ए-मोदी किट बांटने की नौटंकी बंद कर ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहिए। पसमांदा समाज को सियासी मोहरे की तरह इस्तेमाल करना बन्द करें। हमें और हमारे बच्चों को पढ़ाई, रोजगार और बराबरी का अधिकार चाहिए।


# विद्यार्थियों का जॉगर्स पार्क के पास किया स्वागत



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूनिटी पी.जी. कालेज, आई.आई.एम. बाईपास रोड दुबग्गा, लखनऊ ने 24 मार्च से 26 मार्च, 2025 तक चलने वाली त्रिदीवसीय साइकिल यात्रा के विद्यार्थियों का जॉगर्स पार्क के पास स्वागत किया। इसके साथ ही यात्रियो को ठण्डे पानी की बोतले, बिस्किट, केला और मठ्ठा भी दिया गया और उनसे उनकी यात्रा सम्बन्धी अनुभव पर वार्ता की गयी। साइकिल यात्री विद्यार्थियों के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय से डा. ज्ञान प्रकाश एंव डा. सुधाकर प्रकाश भी उपस्थित थे। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डा. सुनील धवन, रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डा. ज्ञानेश कुमार धुरिया, अन्य शिक्षक, रा.से.यो. के स्वंयसेवक एंव शिक्षणोत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** बीवी साहिबे निसाब हैं और शौहर पर कर्ज है तो क्या जकात निकालते वक्त कर्ज को उस रकम से अलग करेगी?

**जवाबः** बीवी अपनी जकात पूरी निकालेगी, कर्ज की रकम अलग नहीं होगी, लेकिन बीवी पर कर्ज है तो वह रकम अलग करेगी।

**सवालः** किसी ने कुछ रकम अमानत रखाई तो क्या उसके कहने से उस रकम से जकात अदा करने से जकात अदा होगी?

**जवाबः** जी हां, जकात अदा हो जाएगी।

**सवालः** किसी के पास कई हजार रुपयों पर साल गुजर गया लेकिन न मकान है न घरेलू सामान न ही शादी हुई, पैसे इन्हीं जरूरतों के लिए हैं तो क्या उन रुपयों पर भी जकात है?

**जवाबः** जी हां, उन रुपयों पर जकात है। अगर साल पूरा होने से पहले मकान बनवाए या शादी का सामान खरीदे तो जकात नहीं।

**सवालः** मामू को डाक्टर ने बीमारी की वजह से रोजा रखने से मना किया है तो क्या करें? जवाबः ऐसे में रोजे का फिदया यानि पौने दो किलो गेहूं या उसकी कीमत किसी गरीब को हर रोजे के बदले दें।

**सवालः** कोई दीवाना बहुत दौलत का मालिक हो तो क्या उसके माल से जकात की रकम काटना जायज है?

**जवाबः** मजनून के माल पर जकात नहीं है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** क्या फितरे का पैसा किसी सैयदजादी को दिया जा सकता है?

**जवाबः** फितरे का पैसा सैयदजादी को नहीं दिया जा सकता।

**सवालः** भतीजा बहुत परेशान है क्या उसे जकात दे सकते हैं?

**जवाबः** जकात भतीजे को दी जा सकती है।

**सवालः** क्या नौकरानी को मजदूरी के तौर पर जकात का पैसा दे सकते हैं?

**जवाबः** जकात का पैसा मजदूरी के तौर पर नहीं मदद करने के तरीके से दिया जा सकता है।

**सवालः** जकात किसे दे सकते हैं?

**जवाबः** जकात गरीब रिश्तेदार, गरीब पड़ोसी, गरीब दोस्त, मजबूर मुसाफिर, मिस्कीन और फकीर को दे सकते हैं।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** कोई जानबूझ कर वाजिब ऐतिकाफ तोड़े तो क्या कफ्फारा है?

**जवाबः** वाजिब ऐतिकाफ तोडने का वही कफ्फारा है जो जानबूझ कर रोजा तोडने का है।

**सवालः** फितरे का क्या महत्व और लाभ हैं?

**जवाबः** छठे इमाम हजरत जाफर सादिक ने फरमाया कि फितरा अदा करो किसी को न छोड़ो क्योंकि उसके मर जाने का डर है।

**सवालः** क्या फितरे की रकम या चीज देने के बजाए जरूरतमंद को दवा, किताब और दूसरी जरूरी चीजें खरीद कर दे सकते हैं?

**जवाबः** ऐसा नहीं कर सकते, फितरे की रकम या चीज ही पहुंचाएं फिर उसका उपयोग उनकी अपनी मर्जी पर है।

**सवालः** फितरा किस तरह के गरीब को देना बेहतर है?

**जवाबः** फितरा अपने गरीब रिश्तेदारों, प्रियजनों, पड़ोसियों को दें।

**सवालः** क्या फितरा अदा करने में देर करना संभव है?

**जवाबः** फितरा अदा करने में देर करना बेहतर नहीं है।

# प्रधानमंत्री पत्रकारों से किया वायदा पूरा करें: अशोक पांडेय

- जंतर मंतर पर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ का महाधरना
- बीएसपीएस ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 10 सूत्री मांगें प्रधानमंत्री को भेजीं
- प्रधानमंत्री मोदी के नाम सौंपा ज्ञापन, मिलने का समय मांगा
- पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन
- राजनितिक दलों एवं अधिवक्ता संघ का मिला समर्थन
- देशभर के 20 राज्यों के सैकड़ो पत्रकार हुए शामिल




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ/नई दिल्ली।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने से पहले पत्रकारों सुरक्षा कानून लाने का जो वादा किया था, उसे पूरा करे और पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू करे।आज नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय महाधरना को श्री पाण्डेय ने संबोधित किया। इस धरने में देशभर के पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न महत्वपूर्ण दस सूत्रीय मांगों को लेकर भारत सरकार का ध्यान आकर्षित किया।प्रमुखमांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना ,स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया जाए,रेलवे कंसेशन सेवाएं पुनः बहाल करना , अधिस्वीकृत पत्रकारों को टोल शुल्क से मुक्त किये जाने सम्बन्धी मांग, पत्रकार आवास योजना पूरे देश में समान रूप से लागू की जाए,पत्रकार हत्या के मामलों की फास्ट ट्रैक जांच ड्ड इन मामलों में विशेष अदालतों द्वारा ट्रायल की व्यवस्था करने की मांग रखी गई। पत्रकारों पर दर्ज झूठे मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए समिति बनाई जाए, यूट्यूबर्स और अन्य डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए नई नीति बनाई जाने, मध्य व छोटे अखबारों के विकास के लिए उन्हें जीएसटी से छूट दिये जाने,डीएवीपी और आईपीआरडी में संघ के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करने की मांग रखी गई।

इस महाधरना को भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, उपाध्यक्ष आंध्र प्रदेश के राघवेंद्र मिश्रा, संगठन सचिव गिरधर शर्मा (उत्तराखंड) राष्ट्रीय सचिव डॉ. नवीन आनंद जोशी(मध्य प्रदेश) चंदन मिश्रा (झारखंड), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस.एस.नसरीन (पश्चिम बंगाल)र ाष्ट्रीय प्रवक्ता इंदु बंसल (हरियाणा), तमिलनाडु के पी रविंद्र चंद्रन सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना महासचिव महेंद्र शर्मा,छत्तीसगढ़ यूनिट के अध्यक्ष गंगेश द्विवेदी, उत्तर प्रदेश यूनिट से शिबू निगम, मुन्ना त्रिपाठी, जयद वाजपेई,पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष शैलेश्वर पांडा, बानी व्रत करार, सुभाशीष पाल, मनोज शाह, स्वप्न करार,तमिलनाडु के पी रवि चंद्रन, मुन्नू स्वामी, गांधी गणेशन, राजस्थान यूनिट से राजेंद्र शर्मा, आरके जोशी, कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई, बिहार के संजीव जायसवाल, नंदन झा, झारखंड से राजीव मिश्रा, जावेद इस्लाम, अरविंद ठाकुर, जगदीश सलूजा, विभिन्न राज्यों के पत्रकारों ने धरने में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाया।